लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080
# अमृत विचार
वर्ष 5, अंक 120, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, रविवार 17 मार्च 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली : यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 32.0° अधिकतम तापमान | 12.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 सूर्यास्त 18 : 19



किआरा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...13

**रमज़ान मुबारक**

(पीलीभीत)

| छठवां रोज़ा इफ्तार 17 मार्च 2024 | सातवां रोज़ा सहरी 18 मार्च 2024 |
|---|---|
| सुन्नी - 06:24 बजे | सुन्नी - 04:57 बजे |
| शिया - 06:32 बजे | शिया - 04:47 बजे |

(लखीमपुर)

| छठवां रोज़ा इफ्तार 17 मार्च 2024 | सातवां रोज़ा सहरी 18 मार्च 2024 |
|---|---|
| सुन्नी - 06:18 बजे | सुन्नी - 04:40 बजे |
| शिया - 06:29 बजे | शिया - 04:43 बजे |

नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
An ISO 9001:2015 Certified Company
NOOR GLASS FABRICATION
If U Can Dream We Can Build
Bajrang Dhaba, Opp. SBI Bank, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
9761560515
e-mail : ahmadmuneer13@gmail.com
website : www.noorglassfabrication.com

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

SELECTION POINT
The Complete Family Store
दूल्हे हम सजाते हैं।
डिजाइनर सूट | शेरवानी | जोधपुरी कुर्ता पायजामा | डिजाइनर शर्ट
45, Civil Lines, Bareilly 8266800220
D.D. Puram, Bareilly 7088300050

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

# लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

## 543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

## चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

## चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।



नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु व र्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता

### ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

### 85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88 .4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

### 10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10 .48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

### उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

| चरण | तिथि / सीट | क्षेत्र |
|---|---|---|
| पहला चरण | 19 अप्रैल 8 सीट | सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत। |
| दूसरा चरण | 26 अप्रैल 8 सीट | अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा। |
| तीसरा चरण | 7 मई 10 सीट | संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली। |
| चौथा चरण | 13 मई 13 सीट | शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच। |
| पांचवां चरण | 20 मई 14 सीट | मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा। |
| छठा चरण | 25 मई 14 सीट | सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही। |
| सातवां चरण | 1 जून 13 सीट | महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज। |

### उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

## सपा के छह और प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश के छह और प्रत्याशियों की सूची जारी की है। जिसमें आजमगढ़ सीट पर धमेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किया गया हैं। शनिवार को जारी 5वीं सूची के बाद संख्या 42 पहुंच चुकी है। इंडिया गठबंधन में मिली 63 सीटों पर, सपा क्रमवार प्रत्याशी घोषित कर रही है। प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची में गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे और जालौन में नारायणदास अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है।

## पांच आईएएस अफसरों के तबादले, एक का रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नितिन का केडीए उपाध्यक्ष पर किया गया तबादला निरस्त

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले फिर पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि आईएएस नितिन का उपाध्यक्ष, कानपुर नगर विकास प्राधिकरण के पद पर किया गया ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है। वे विकास प्राधिकरण पिलखुवा, बुलन्दशहर में बने रहेंगे।

शासन ने एआईजी स्टाम्प आईएएस रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक पर्यटन निगम बनाया है। जबकि विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह को एआईजी स्टाम्प बनाया गया है। आईएएस अतुल सिंह को आरएफसी लखनऊ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं, आईएएस अनिता यादव को आरएफसी आगरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक लखनऊ बनाया गया है।

## केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

नई दिल्ली, ब्यूरो



- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई

**अमृत विचारः** दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

## आयोग के अधीन हुई शासन की गतिविधियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान कराना अब शासन समेत जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शनिवार शाम से शासन की गतिविधियों पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग की सीधी निगरानी शुरू हो गई है। इसकी हनक भी दिखने लगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों व समर्थकों के होर्डिंग-बैनर आदि सड़कें-गलियों, चौराहों, संस्थानों आदि से साफ कराने का काम शुरू हो गया।

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही शनिवार शाम से स्वंतत्र, निष्पक्ष मतदान कराना शासन-प्रशासन की प्राथमिकता हो गई। चुनाव संचालन के लिए मतदान प्रबंधों पर फोकस हो गया है। मंत्रीगण और वीवीआईपी आदि सरकारी सुविधाओं का न प्रयोग कर सकेंगे, न ही मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य ही करेंगे। शीर्ष अधिकारी भी अब इनके साथ सभाओं और रोड शो में नहीं दिखेंगे। उनका कार्य सिर्फ चुनाव और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं देने तक सीमित होगा।

**बदली प्राथमिकताएं**

- चुनाव आयोग की निगरानी में अफसर और कर्मचारी
- मंत्रियों के आगे-पीछे नहीं दिखाई देंगे अधिकारी

"उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं। – **नवदीप रिणवा**, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (उत्तर प्रदेश)

### प्रदेश में 15.34 करोड़ वोटर लेंगे चुनाव में हिस्सा

प्रदेश में वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 15 .34 करोड़ है, जिसमें 8 .17 करोड़ पुरुष, 7 .17 करोड़ महिला, 6,638 तृतीय लिंग और 12,51,827 दिव्यांग मतदाता हैं। प्रदेश में कुल पोलिंग स्टेशन लोकेशन की संख्या 92,587 एवं मतदेय स्थल की संख्या 1,62,041 (1,62,012 मूल व 29 सहायक मतदेय स्थल) है।

**एक नजर**

### ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने ईडी की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत में पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी।

### शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88 .51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। यह कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की गई है।

### गायिका अनुराधा पौडवाल भाजपा में हुईं शामिल



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है।

## डबल इंजन की सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है : योगी



मुरादाबाद में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद में 112 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सपने नहीं हकीकत बुनती है, तभी तो जनता मोदी को चुनती है। उन्होंने प्रदेश की पिछली सरकारों पर तंज कसा कि वह कर्फ्यू लगाते थे हम कांवड़ यात्रा निकालते हैं। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के बुद्धि विहार मैदान में राज्य विश्वविद्यालय के शिलान्यास के साथ ही 513.35 करोड़ रुपये की 112 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुरादाबाद व रामपुर भ्रमण के दौरान पहले मुरादाबाद के डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में प्रशिक्षु दरोगाओं की पासिंग आउट परेड की सलामी ली। बुद्धि विहार के मैदान में योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिसमें 167 करोड़ रुपये की लागत से राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद और मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय का शिलान्यास भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प विकसित भारत का है। इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के लोगों की वर्षों पुरानी सरकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को पूरा करते हुए बजट भी आवंटित कर दिया है। रामपुर की जनसभा में मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए आजम खां के मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर निशाना साधा। कहा कि गरीबों की जमीनें हड़प कर यूनिवर्सिटी बना दी गई। उन्होंने कहा कि रामपुर की पहचान रामपुरी चाकू से थी। कुछ लोग चाकू का इस्तेमाल जेब कतरने में करते थे, हमने उसी चाकू का इस्तेमाल सबको सुरक्षा देने में कर दिया।

## डूंगरपुर मामले में आजम सहित 4 दोषी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- कल सुनाई जाएगी सजा, कोर्ट में पेश हुए आजम खां

**अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को अदालत ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आले हसन को दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा 18 मार्च को सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के आरोप में 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती के आरोप में पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शनिवार को सीतापुर जेल से आजम खां कोर्ट पहुंचे। पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर जेल से रामपुर आए। कोर्ट ने आजम खां समेत चार लोगों को दोषी ठहराया। इनके अलावा जिबरान नासिर, फरहान नासिर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि कोर्ट ने आजम खां सहित चार को दोषी करार दिया है। इस मामले में 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

**पहल** | जिले से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी, छात्र-छात्रा पहली बार मैदान पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

## 'आश्रम' तैयार करेंगे भविष्य के अर्जुन और लक्ष्मीबाई

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- 75 जिलों में 94 विद्यालयों के लिए पहली बार जारी हुआ वार्षिक खेल कैलेंडर
- समाज कल्याण विभाग ने दी प्रत्येक विद्यालय को 25,000 रुपये धनराशि

**अमृत विचार :** सिर्फ पढ़ाई ही नहीं आश्रम पद्धति विद्यालयों में अब छात्र-छात्राओं को खेलों में भी निपुण किया जाएगा। इन ''आश्रमों'' में भविष्य के ''अर्जुन'' और ''रानी लक्ष्मीबाई'' की नई पौध तैयार की जाएगी। जो न केवल देश में वरन विदेश में भी भारत का झंडा लहराएंगे। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। जल्द ही यहां पर विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए उपकरण भी आ जाएंगे। पहली बार आश्रम पद्धति विद्यालयों के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर जारी किया गया है। सबकुछ कार्ययोजना के अनुसार हुआ तो यहां से देश और प्रांत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी मैदान पर अपना हुनर दिखाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पठन-पाठन के साथ अब इन विद्यालयों में वार्षिकोत्सव और विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जुलाई-अगस्त में विद्यालय-जिला स्तर पर, सितंबर-अक्टूबर में मंडल स्तर पर और नवंबर-दिसंबर में राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराया जाएगा। विभाग की ओर से विद्यालयों को 25-25 हजार रुपये की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से खेल उपकरण मंगाए जाएंगे।

**इन खेलों से तैयार होगी खिलाड़ियों की नई पौध :** खो-खो, कबड्डी, शतरंज, वालीबॉल, फुटबाल, दौड़, तैराकी, लूडो, कैरम, रस्साकशी, दौड़, बैडमिंटन, गोला फेंक और डिस्क थ्रो आदि कई खेल भविष्य के खिलाड़ियों की नींव रखेंगे।

### बेहतर प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा मौका

राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। अभी तक सिर्फ पढ़ाई को ही कैरियर मान रहे छात्र-छात्राओं को खेल में भी कामयाबी का शिखर चूमने का अवसर मिलेगा। विभागीय अधिकारियों की योजना है कि 94 विद्यालयों से खेल के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि विश्व स्तर पर वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। समाज कल्याण निदेशक ने खेलों का बढ़ावा देने वाली सामग्री की सूची विद्यालयों से मांगी है। कुछ विद्यालयों ने सूची भेजी भी है।



"आश्रम पद्धति विद्यालय में वार्षिकोत्सव कराया जाएगा। खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव और खेल प्रतियोगिता का कैलेंडर पहली बार जारी किया गया है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कराने के लिए खेल निदेशक से बातकर उसे अंतिम रूप दे दिया गया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। –**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

## एक नजर

### जीवित को मृत दर्शाकर काट दिया वोट

**बिलसंडा।** बीएलओ पर राजनीतिक रंजिश के चलते एक ग्रामीण को मृत दर्शाकर वोटर लिस्ट से उसका नाम काटने का आरोप लगा है। ग्रामीण ने जीवित होने का प्रमाण देते हुए मामले की शिकायत डीएम से की है। ललौरीखेड़ा ब्लॉक के गांव ढकिया नथा निवासी ग्रामीण ओमकार ने डीएम से की गई शिकायत में बताया कि वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में मतदाता सूची में उसका नाम था। आरोप है कि 2021 में बीएलओ की भाभी से प्रधानी का चुनाव लड़ने की वजह से रंजिश हो गई। बीएलओ ने उसे मृत दर्शाकर मतदाता सूची से उसका नाम काट दिया। मामले की जांच कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### घुंघचिहाई में तार टूटने से गुल रही बिजली

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव घुंघचिहाई में बिजली उपकेंद्र से दर्जनों गांव को बिजली आपूर्ति की जा रही है। बिजली घर के गोमती पोषक फीडर से भी आधा दर्जन गांवों के उपभोक्ता जुड़े हैं। शुक्रवार देर रात चंदुइया के पास हाईटेंशन लाइन का तार टूट गया। इससे घुंघचिहाई, चंदुइया समेत कई गावों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। रात भर उपभोक्ताओं बिना बिजली परेशान हुए। शनिवार सुबह बिजली कर्मचारी फाल्ट ढूंढने में जुट गए। तार टूटा मिलने पर उसे जोड़ा गया। तब जाकर दोपहर में आपूर्ति मिल सकी।

# लोकसभा चुनाव का बिगुल बजा, मतदान 19 अप्रैल को

## 1242 मतदान केंद्रों पर 1820379 मतदाता डालेंगे वोट, अधिसूचना जारी होते ही बुलडोजर लेकर निकले कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** निर्वाचन आयोग ने शनिवार शाम लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी दी। पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में चुनाव होगा। यहां 19 अप्रैल को मतदान होगा। लोकसभा क्षेत्र के 1242 मतदान केंद्रों पर 18,20,379 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इधर, शनिवार शाम आचार संहिता की घोषणा होते ही जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया। चुनाव का ऐलान होते ही अधिकारी व कर्मचारी बुलडोजर लेकर सड़कों पर निकल पड़े और होर्डिंग, बैनर, फ्लैक्स उतरवाना शुरू कर दिया।

लोकसभा चुनाव की तैयारी पहले से चल रही थी। मगर शनिवार शाम निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव की अधिसूचना जारी करने के साथ मतदान की तिथियां घोषित कर दी गईं। चुनाव की तिथियों का एलान होते ही जिले के आला अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में एक्टिव मोड में नजर आए। सड़कों और गलियों में लगे पोस्टर-बैनर को उतरवा दिया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक पीलीभीत-बहेड़ी लोकसभा क्षेत्र में प्रथम चरण के तहत पांच विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा जबकि मतगणना चार जून को होगी। जिले को चार जोन में बांटकर चुनाव संपन्न कराया जाएगा। लोकसभा क्षेत्र में कुल 1242 मतदान केंद्र और 1924 मतदेय स्थल हैं। इसमें 516 क्रिटिकल एवं 51 वल्नरेबल मतदेय स्थल है। 18 लाख 20 हजार 379 कुल मतदाता है। इसमें नौ लाख 73 हजार 66 पुरुष एवं आठ लाख 47 हजार 275 महिला मतदाता है। निर्वाचन विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में 17 लाख 59 हजार 223 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शनिवार को आचार संहिता लागू होते ही जिले में सभी राजनीतिक पार्टियों के बैनर-पोस्टर उतरवाने के लिए प्रशासनिक अमला सड़क पर उतर गया। सिटी मजिस्ट्रेट हषवर्धन तोमर, सीओ गौरव चतुर्वेदी, कोतवाल नरेश त्यागी आदि अफसर गौहनिया चौराहा से लेकर कचहरी तक सभी राजनीतिक पोस्टर होर्डिंग को उतरवाते रहे। इसके अलावा दीवार पर लिखे राजनीतिक स्लोगन को पेंट कर काला किया गया।



पत्रकारों से बात करते डीएम संजय सिंह, एसपी अविनाश पांडये व एडीएम ऋतु पुनिया।



पीलीभीत-टनकपुर रोड पर पोस्टर उतारते नगर पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार

### 20 मार्च से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

जारी अधिसूचना के मुताबिक नामांकन की प्रक्रिया 20 मार्च से शुरू होगी। नामांकन करने की अंतिम तिथि 27 मार्च तय की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च, नाम वापसी 30 मार्च तय की गई है।

### 45 फ्लाइंग स्क्वाइड करेंगे अराजक तत्वों की निगरानी

निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार शाम अधिसूचना जारी किए जाने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में प्रेसवार्ता कर चुनाव की की तैयारियों की जानकारी दी। बताया कि चुनाव में किसी तरह के अनैतिक कार्यों को रोकने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नौ-नौ और कुल 45 फ्लाइंग स्क्वाइड टीमें लगाई गई है। पीलीभीत विधानसभा क्षेत्र में 18, बरखेड़ा में 9, पूरनपुर में 12, बीसलपुर में 15 और बहेड़ी में नौ स्टेटिक सर्विलांस टीमें लगाई गई है। वीडियोग्राफी एवं व्यय अनुश्रवण के लिए आठ-आठ टीमें गठित की है। जिले को चार जोन में बांटकर चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। आचार संहिता कड़ाई से पालन कराया जाएगा। एसपी अविनाश पांडे ने बताया कि चुनाव को लेकर पुलिस विभाग की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग चुनाव कराने के लिए भारी पुलिस बल भी मतदान स्थलों पर तैनात रहेगा। अगर किसी भी तरह की खुराफात करने की कोशिश की गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडीएम ऋतु पुनिया मौजूद रहीं।

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरू हुआ मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आईडी कार्ड चेक कर दिया गया परीक्षकों को प्रवेश
- डीआईओएस ने किया केंद्रों का निरीक्षण, नहीं मिली खामी

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों के मूल्यांकन की शुरुआत शनिवार से हुई। शहर के दो केंद्रों पर पहले दिन डीएचई (उप प्रधान परीक्षक) ने कॉपियां चेक की। पहले दिन 5404 कॉपियां जांची गई।

ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को बोर्ड की कॉपी जांचने के लिए मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। बोर्ड की ओर से करीब दो मंडलों के जिलों की 1,90,568 कॉपियां अलॉट की गई हैं। शनिवार को सुबह 10 बजे मूल्यांकन शुरू कर दिया गया। केंद्र पर माध्यमिक शिक्षा की ओर से बाहरी जिलों से आई कॉपियों में जीजीआईसी कॉलेज मूल्यांकन केंद्र को 88934 कॉपियां आवंटित की गई। जिसमें सिर्फ 27 डीएचई और 307 परीक्षक पहले दिन कॉपी जांचने के लिए पहुंचे। ड्रमंड कॉलेज में इंटरमीडिएट की 82556 कॉपियां आवंटित हुई। इनमें 33 डीएचई और 165 परीक्षकों ने कॉपियां जांची। इससे पहले ड्रमंड कॉलेज के उप नियंत्रक संतोष कुमार, जीजीआईसी की उप नियंत्रक अनीता रानी ने परीक्षकों और डीएचई के साथ बैठक की। जहां उन्हें बोर्ड की गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी गई।



मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण करते डीआईओएस गिरजेश चौधरी व अन्य।

> मूल्यांकन के पहले दिन दोनों केंद्रों पर डीएचई और परीक्षकों ने कॉपी चेक की। मूल्यांकन केंद्र की नियंत्रक को सख्त हिदायत दी गई है कि कोई भी बाहरी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। साथ ही मोबाइल आदि का प्रवेश वर्जित रहेगा – **गिरजेश कुमार चौधरी** डीआईओएस

# रुद्रपुर पंचायत भवन में लगा कंप्यूटर बिजली की लाइन खिंची, फिर हटी

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार :** पंचायत भवनों संबंधी खबर अमृत विचार में छपने के बाद अधिकारियों की नींद टूटी। शनिवार को ग्राम पंचायत रुद्रपुर के पंचायत भवन में कंप्यूटर लगवाने के साथ बिजली की लाइन खींच दी गई, जिसके बाद हटवा दिया।

पूरनपुर ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत रुद्रपुर में पंद्रह लाख से अधिक लागत से पंचायत घर बनवाया गया था। इसके अलावा ग्रामीणों के कार्य व बैठकें यहीं से हो सकें। पौने दो लाख रुपये की लागत से कुर्सी, कंप्यूटर समेत अन्य संसाधनों की खरीद की गई थी। मगर संसाधन पंचायत भवन में नहीं रखे गए थे। जिसके चलते वहां से कामकाज नहीं हो पा रहा था। पंचायत सहायक दिन में कुछ देर को पहुंचता और फिर चला जाता था। इससे ग्रामीणों को दिक्कत हो रही थी। इस समस्या को अमृत विचार ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद शनिवार सुबह आनन-फानन में अलमारी, कुर्सी, मेज कंप्यूटर, प्रिंटर आदि तमाम संसाधन पंचायत भवन में पहुंचा दिए गए। बिजली की लाइन भी खिंचवा दी गई। हालांकि बिजली का कनेक्शन न होने की वजह से पावर कारपोरेशन के अधिकारियों की सख्ती के बाद हटवा दिया गया। अचानक पंचायत भवन में सामान पहुंचता देख गांव में मामला चर्चा का विषय बना रहा।

दरअसल, सचिव पहले से ही पंचायत भवन में संसाधन होने की बात कह रहे थे। जबकि वहां सामान नहीं था। ऐसे में खुद पर जांच की आंच न आ जाए। इससे सामान पहुंचा दिया गया।

### लैब का भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन

**बरखेड़ा।** ग्राम पंचायत पतरासा कुंवरपुर में मनरेगा व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से बनवाए गए आंगनबाड़ी केंद्र (लर्निंग लैब) भवन की भाजपा जिला उपाध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार ने फीता काटकर शुरुआत कराई। सीडीपीओ जगदंबा देवी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत पतरासा कुंवरपुर में मनरेगा से करीब 7 .52 लाख की धनराशि से आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण कार्य कराया गया था। आंगनबाड़ी केंद्र (लर्निंग लैब) भवन मे शौचालय, पानी की व्यवस्था, हाथ धोने की व्यवस्था व रंगाई पुताई आदि कार्य के लिए अब 36 हजार रुपये दिए गए। इस मौके पर मुख्य सेविका मूर्ति देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य माखनलाल वर्मा, ग्राम प्रधान नरेश चंद्र, सूरज श्रीवास्तव, गयादीन आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर मारपीट का आरोप

**बरखेड़ा।** विवाहिता ने एक दंपति के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह गांव में किराए की दुकान लेकर सिलाई का कार्य करती है। 14 मार्च को दोपहर 12 बजे एक ग्रामीण अपनी पत्नी के साथ उसकी दुकान पर आया। ग्रामीण संग आई उसकी पत्नी गाली गलौज करने लगी। ग्रामीण ने छेड़छाड़ की। इसका विरोध करने पर दंपति ने मारपीट की। पहले करोड़ चौकी में तहरीर दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि गजरौला क्षेत्र की एक महिला कपड़ों की सिलाई की दुकान चलाती है। उसने दूसरी महिला के मकान के सामने सिलाई मशीन रख दी थी। इसी बात को लेकर दोनों महिलाओं में विवाद हुआ। चौकी पर दोनों को जांच के लिए बुलवाया भी गया था। अब तहरीर दी गई है, जांच कराएंगे।

## सार-संक्षेप

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का जादू



**बिलसंडा।** कस्बा बमरोली के गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। सिद्धनाथ बाबा देवस्थल के महंत गजेंद्रनाथ महाराज ने सरस्वती पूजन कराया। बच्चों ने मां शारदे की वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्रा कृतिका शुक्ला, अंशिका सिंह ,अंशिका मिश्रा, पलक शर्मा, आरुषि सिंह, मौसमी मिश्रा, पावनी शुक्ला ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटक प्रस्तुत किया, जो काफी सराहा गया। छात्रा आरुषि सिंह ने शिव तांडव एवं राम आएंगे..गीतों पर मौसमी मिश्रा एवं उदय अवस्थी ने नृत्य किया। इस मौके पर नितिन पाठक, सुमित गुप्ता, विद्यालय प्रबंधक आलोक शुक्ला, पूर्व प्रधान सच्चिदानंद मिश्रा, संतोष शुक्ला, महाविद्यालय के एचडी अखिल अग्रवाल, अमित मिश्रा, प्रधानाचार्या अनुराधा शुक्ला, हरिओम मिश्रा आदि रहे।

### शिक्षकों ने बच्चों संग खेली होली, मिठाई खिलाई



**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में होली का पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया। वार्षिक परीक्षा के अंतिम दिन स्कूल में जमकर होली खेली गई। जहां बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि होली के इस पर्व को प्यार के साथ मनाएं। प्राकृतिक रंगों व फूलों से होली खेलने को प्रेरित किया।

### प्रधानों ने डीएम को दिया ज्ञापन, भुगतान की मांग



**अमरिया।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन से जुड़े ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने अध्यक्ष मंगली प्रसाद वर्मा की अगुवाई में शनिवार को डीएम संजय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। मनरेगा योजना के कई माह से लंबित मेटेरियल भुगतान की समस्या को रखा। बताया कि शासन द्वारा बीते 15 मार्च को मेटेरियल भुगतान के लिए धनराशि अवमुक्त की गई थी। अमरिया ब्लॉक क्षेत्र में मनरेगा योजना से कराए गए 91 कार्यों का भुगतान होना था। इसमें से केवल 12 कार्यों का ही भुगतान हो सका, लेकिन धनराशि अवमुक्त होने के मात्र 30 मिनट में धनराशि समाप्त हो गई। कम धनराशि होने के कारण भुगतान नहीं हो सका। ज्ञापन देने वालों में परविंदर सिंह, उस्मान,हसीब अहमद, कुंवरसेन वर्मा, सत्यपाल मौर्य, अतीक अहमद, सुरजीत सिंह, सादिक रजा,जीसुखराम, अलीम खां आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालयों में चूल्हे पर बनाया जा रहा मिड डे मील



**दियोरियाकलां।** प्राथमिक विद्यालय सुजनी के नाम से गैस कनेक्शन है। बावजूद इसके यहां मिड डे मील चूल्हे पर बनाया जा रहा है। इंचार्ज अध्यापिका प्रभा देवी ने बताया कि स्कूल का चार्ज लेते समय उन्हें गैस सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ था। इस वजह से गैस कनेक्शन की जानकारी नहीं है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नेतराम वर्मा का कहना है विद्यालय में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं है। गैस कनेक्शन विद्यालय के नाम जारी हुआ है, लेकिन सिलेंडर कहां है, इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### राजकमल को पहला और नेहा को दूसरा स्थान

**बीसलपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को एक पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न भारतीय साहित्य के नाटक व कविताओं से संदर्भित विषय का चुनाव किया। मुख्य रूप से महाश्वेता देवी की लिखी हुई कहानी द्रौपदी, महेश दत्तानी द्वारा लिखा गया नाटक मुल्क, राज आनंद की प्रसिद्ध कहानी अनटचेबल्स का संदर्भ लेकर बहुत ही सार्थक प्रस्तुति तैयार की गई। अंग्रेजी की विभाग प्रभारी डॉ. अलका मेहरा ने बताया कि यह प्रतियोगिता सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। इससे वह अंग्रेजी में बोलने की क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं। उसे निखार भी सकते हैं। अंग्रेजी विभाग की डा. दरख्शा के मार्ग दर्शन में इसे संपन्न कराया है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एमए द्वितीय सेमेस्टर के राजकमल शर्मा, द्वितीय स्थान पर चतुर्थ सेमेस्टर की नेहा यादव, तृतीय स्थान पर चतुर्थ सेमेस्टर के देवांशु गुप्ता रहे। सुधीर कुमार एवं मोहम्मद तौफीक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार, सुखविंदर आदि मौजूद रहे।

### अंडरपास में होगी वॉल पेंटिंग, पोस्टर लगााने पर जुर्माना



**पीलीभीत।** शहर के साथ ही अब नौगवां चौराहा पर बने अंडरपास का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसका जिम्मा नगर पालिका उठाएगी। स्वच्छ भारत मिशन के तहत वॉल पेंटिंग का काम शुरू होगा। अब पेंटिंग कराई जाएगी। शहर के नौगवां चौराहा पर रेलवे का अंडरपास बना हुआ है, जोकि आधा नौगवां पकड़िया नगर पंचायत जबकि आधा नगरपालिका के अधीन है। अंडरपास बनने के बाद से उसमें कोई साफ सफाई नहीं कराई गई। जहां धूल और मिट्टी की परतें जमी हुई हैं। जिसको अब ठीक कराया जा रहा है। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि नौगवां अंडरपास में साफ सफाई कराई जा रही है। दीवार और सड़क की धुलाई कराकर वहां जमा मिट्टी को हटवाया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत दीवारों पर स्लोगन लिखवाए जाएंगे। साथ ही स्लोगन लिखने के बाद अगर कोई पोस्टर चस्पा करता है तो जुर्माना लगेगा। इसके अलावा बारिश आने से पहले जलभराव से बचाव के लिए नालों के निर्माण के क्रम में मौर्य मेडिकल छतरी चौराहा, तुलाराम नर्सरी की ओर से होते हुए शिव शक्ति बारात घर तक नाला निर्माण शुरू कराया गया है। छतरी चौराहा से लेकर शिव शक्ति बरात घर तक कराए जा रहे निर्माणाधीन नाले की गुणवत्ता परखने के लिए निरीक्षण किया है। निर्देश दिए है कि नाले के ढलान को सही से लेवल निकाल कर बनाया जाए।

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्मे के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंकः -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायेंः-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध

मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।


आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली ऑफिस को
● ऑफिस बॉय व हाउसकीपिंग में कार्य करने हेतु लड़कों की
योग्यता :- 8वीं 10वीं पास
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
8476006584, 9518031113
अमृत विचार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
छठवां रोज़ा इफ्तार - 17 मार्च 2024
सुन्नी - 06:24 बजे
शिया - 06:32 बजे
सातवां रोज़ा सहरी - 18 मार्च 2024
सुन्नी - 04:57 बजे
शिया - 04:47 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# 48 घंटे में बाघ का दूसरा हमला, खेत में महिला पर झपटा

## लोगों के शोर मचाने पर बची महिला की जान, ग्रामीणों ने ट्रैक्टर पर बैठकर बाघ को खदेड़ने का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जंगल से निकला बाघ ने महोफ रेंज से सटे गांवों में आतंक मचा रखा है। 48 घंटे के अंदर ही बाघ ने दूसरी बार में एक महिला पर हमला किया। बाघ के हमले के समय महिला खेत पर चारा काट रही थी। शोर-शराबा करने पर महिला की जान बच सकी। हमले का पता लगने पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और ट्रैक्टर की मदद से बाघ को खदेड़ने का प्रयास किया। हमले के बाद वन कर्मियों ने दो हाथियों की मदद से बाघ की तलाश शुरू की। वन अफसरों के मुताबिक घटना के बाद से बाघ की लोकेशन नहीं मिली।

महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी के आसपास डेरा जमाए बाघ उग्र होता जा रहा है। बाघ ने 14 मार्च की सुबह पंडरी गांव से कुछ दूरी पर गन्ने के खेत के पास घास काट रहे 16 वर्षीय अमर सिंह पर हमला किया था। बाघ के हमले में घायल अमर सिंह का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वन कर्मियों की टीमों द्वारा बाघ की मॉनिटरिंग की जा रही है। एक दिन पूर्व बाघ की लोकेशन पंडरी गांव से ही सटे गांव हरकिशनापुर में देखी गई थी। हालांकि वन अफसरों ने इसकी पुष्टि न होने की बात कही थी।

शनिवार को गांव हरकिशनापुर निवासी शिवचरण लाल की पत्नी हरीश कुमारी (45) गांव से कुछ दूरी पर खेत में चारा काट रही थी। इसी बीच गन्ने के खेत से निकले बाघ ने हमले की नियत से हरीश कुमारी पर झपटने का प्रयास किया। बाघ देखते ही आसपास खेतों में काम रहे अन्य लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर बाघ पड़ोस के गन्ने के खेत में चला गया। बाघ के हमले की सूचना मिलते ही ग्रामीण खेत की ओर दौड़ पड़े। कुछ ही देर में वहां भीड़ जमा हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से बाघ को खदेड़ने का प्रयास किया। घटना की सूचना मिलने के बाद वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंच गई। फिर हाथियों की मदद से कंबिंग कर बाघ की तलाश शुरू की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ आसपास ही मौजूद है। वहीं वन अफसरों का कहना है कि घटना के बाद से बाघ की लोकेशन नहीं मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के बाद वन महकमे को कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।


बाघ के हमले के बाद मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीण। ● अमृत विचार


हाथियों की मदद से बाघ को तलाशते वन विभाग कर्मी।

- महोफ रेंज से सटे गांव हरकिशनापुर में शनिवार को हुई घटना
- वन विभाग की टीम हाथियों की मदद से तलाश रही बाघ की लोकेशन

### 27 दिन पहले बाघ के हमले में गई थी पंडरी के युवक की जान

महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी समेत आसपास के गांवों में बाघ की चहलकदमी बढ़ती जा रही है। 19 फरवरी को बाघ ने गांव पंडरी निवासी युवक पंकज पर हमला कर मार डाला था। उस दौरान ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया था। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अफसरों के बाघ पकड़ने के आश्वासन पर ही ग्रामीणों ने युवक के शव को उठने दिया था।

> गांव हरिकशनापुर के समीप बाघ द्वारा हमले का प्रयास करने की जानकारी मिली थी। टीमों को मौके पर भेजा गया है। हाथियों की मदद से कॉबिंग की जा रही है। घटना के बाद से बाघ की लोकेशन नहीं मिली है। टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।
> – **अंजनी कुमार श्रीवास्तव**, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग

### पिता के पहुंचने पर परिजनों ने उठाने दिया शव

**पूरनपुर, अमृत विचार :** राइस मिल में करंट लगने से मजदूर का शनिवार सुबह पिता के अलीगढ़ से लौटे पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह हादसा शुक्रवार को बंडा रोड पर स्थित एक राइस मिल में हुआ था। कई दिनों से राइस मिल परिसर में निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान कंक्रीट और सीमेंट मिलाने वाली मशीन बिजली से चलाई जा रही थी। शाम को मशीन में अचानक करंट उतर गया। करंट की चपेट में आकर सुआबोझ निवासी दीपक पुत्र ओमप्रकाश, रोहित, ग्राम रानीखेड़ा निवासी सतीश और दुर्लभ झुलस गए थे। इलाज के दौरान दीपक की मौत हो गई थी। मृतक के पिता ओमप्रकाश अलीगढ़ मजदूरी करने गए हुए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया लेकिन परिजन ने विरोध कर दिया। परिजन उसके पिता के आने के बाद आगे की कार्रवाई का निर्णय लेने की बात कहते रहे। इससे रात में पोस्टमार्टम नहीं हो सका। देर रात विधायक बाबूराम पासवान भी पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। शनिवार सुबह दीपक के पिता ओमप्रकाश अस्पताल पहुंचे। उसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। करंट से झुलसे तीन अन्य मजदूरों की हालत में सुधार हो सका। कोतवाल संजीव शुक्ला ने बताया कि शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम तकपरिजन ने तहरीर नहीं दी है।

# औपचारिक्ता: पहले दिन एफएसडीए ने जूस व दूध के केवल दो सैंपल लिए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** होली और रमजान माह के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने का अभियान आखिरकार शुरू कर दिया। हालांकि चाल सुस्त और औपचारिकता निभाई गई। पहले दिन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने लीची जूस समेत दो नमूने लिए। अफसरों के मुताबिक अभियान 24 मार्च तक चलाया जाएगा। किसी भी कीमत पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।

त्योहारों के नजदीक आते ही बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बाजार में बाढ़ सी आ जाती है। कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में मिलावटखोर एक-दो माह पहले से ही बाजारों में मिलावटी खाद्य पदार्थों को खपाना शुरू कर देते हैं। होली के नजदीक आते ही एक बार भी बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री शुरू हो चुकी है। इधर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा अभियान की शुरूआत की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमें शहर समेत जनपद के अन्य नगर-कस्बों में जाकर दुकानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की जांच करेंगी। अफसरों के मुताबिक यह अभियान 24 मार्च तक लगातार चलाया जाएगा। एफएसडीए टीम द्वारा शनिवार से अभियान की शुरू की गई। अभियान के पहले दिन मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर में दो स्थानों पर छापेमारी की। टीम ने शहर के मोहल्ला मोहम्मद वासिल में मुजीब अहमद किराना स्टोर से संदेह होने पर निमरा ब्रांड के लीची जूस का नमूना लिया। इसके अलावा टीम ने शहर के होली का चौराहा के समीप गांव बेहरी निवासीदूधिया हरीश पाल के दूध का नमूना लिया। संग्रहित किए गए नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक को भेजे गए हैं। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनंत स्वरूप, प्रेम कुमार यादव आदि शामिल रहे।


दुकान पर जांच करते एफएसडीए की टीम के सदस्य।

- मिलावटखोरों के खिलाफ छापामार अभियान के नाम पर निभाई जा रही औपचारिकता
- होली के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए 24 तक चलेगा अभियान

> होली पर्व के मद्देनजर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने को अभियान शुरू किया गया है। अभियान जनपद भर में 24 मार्च तक चलाया जाएगा। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।
> – **शशांक त्रिपाठी**, अभिहीत अधिकारी

# मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल, तीन गिरफ्तार

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** महिला के कुंडल लूटने की घटना को अंजाम देने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोच लिया। पुलिस की गोली पैर में लगने से एक घायल हो गया। आरोपियों के पास लूट के कुंडल, घटना में प्रयुक्त बाइक और दो तमंचे व कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने तीनों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया।

शाहजहांपुर जनपद के कस्बा खुटार निवासी राजकुमार की पत्नी मंजू देवी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया था कि वह अपने बेटे के साथ बरेली में भांजी की शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रही थी। दिन में करीब तीन बजे बीसलपुर-बिलसंडा मार्ग पर गांव गांगूपुर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने मंजू देवी के कान से कुंडल नोच लिए थे। अचानक झपट्टा लगने पर मंजू बाइक से गिरकर घायल हो गई थी। उसके बेटे ने पीछा किया तो बदमाशों ने तमंचा तानकर गोली मारने की धमकी दी थी। मंजू देवी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर की थी।

छानबीन के दौरान पुलिस को इस घटना में कुछ अपराधियों की संलिप्तता होने का पता चला। शुक्रवार रात पुलिस को सूचना मिली कि कुंडल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले लुटेरे दोबारा क्षेत्र में घटना करने वाले हैं। इस पर बिलसंडा पुलिस ने धनगवां मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस को देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। बदले में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस की गोली शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहलादपुर निवासी जगपाल पुत्र हुकुमलाल के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। तभी पुलिस ने तीनों बदमाशों को दबोच लिया। बाकी दो बदमाशों में उसी गांव के रूपराम उर्फ बल्लू पुत्र गोविंद और हीरालाल पुत्र छविराम हैं। आरोपियों के कब्जे से लूटे गए कुंडल, लूट में इस्तेमाल बाइक, दो तमंचे, तीन कारतूस बरामद किए गए। घायल बदमाश का जिला अस्पताल ले जाकर इलाज कराया गया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।


पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए आरोपी।

- महिला से लूट की घटना का किया खुलासा, कुंडल बरामद
- आरोपियों के पास एक बाइक, दो तमंचे और कारतूस मिले

### पूरनपुर में डकैती के बाद हो चुकी हैं कई मुठभेड़

पूरनपुर में 30 जनवरी को हुई किराना व्यापारी के घर 40 लाख की डकैती की घटना अभी खुल नहीं सकी है। पुलिस की चार टीमें सुरागरसी कर रही हैं। दो दिन पहले कोतवाल प्रवीण कुमार लाइन हाजिर कर दिए गए थे। खैर, इस घटना के बाद पुलिस ने अपराधियों पर शिकंजा कसा है। पुलिस की पूरनपुर, अमरिया समेत अन्य थाना क्षेत्रों में बदमाशों से मुठभेड़ हुई। इसमें बदमाशों को गोली भी लगी।

> मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। एक के पैर में गोली लगी है। इन तीनों ने ही आठ मार्च को महिला के कुंडल खींचे थे। मुठभेड़ की अलग से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। –**अजय कुमार**, सीओ बीसलपुर

# बीडीओ ने रोका रोजगार सेवकों का मानदेय

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** रोजगार सेवकों की होली इस बार फीकी रहेगी। चूंकि मनरेगा में कच्चे-पक्के कार्यों का रेशियो मेंटेन न होने पर बीडीओ ने उनका मानदेय रोक दिया है। इससे नाराज रोजगार सेवकों ने शनिवार को प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष के साथ बीसलपुर पहुंचकर भाजपा विधायक विवेक वर्मा से शिकायत की।

ब्लॉक क्षेत्र की समस्त 100 ग्राम पंचायतों में तैनात रोजगार सेवकों को पिछले सात महीनों से मानदेय नहीं मिला है। जिसकी वजह से उन्हें अपने परिवार के भरण पोषण में भारी कठिनाई उठानी पड़ रही है। होली के त्यौहार में अब चंद दिन ही बचे हैं। इधर, खंड विकास अधिकारी अमित कुमार शुक्ला ने मेनडेज पूरे न होने का हवाला देते हुए मानदेय रोक दिया है। ग्राम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन गंगवार की अगुवाई में तमाम रोजगार सेवकों ने बीसलपुर पहुंच कर भाजपा विधायक विवेक वर्मा से मामले की शिकायत की। उन्होंने बीडीओ पर मनमानी करने का आरोप लगाया। कहा कि बीडीओ ने ही दर्जन भर से अधिक ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर पक्के कार्यों की वित्तीय स्वीकृति देकर अनुपात बिगाड़ा है। जबकि नियमानुसार 50 फीसदी कच्चे कार्य होने पर उतने ही पक्के कार्यों की वित्तीय स्वीकृति दी जानी चाहिए, लेकिन उनके द्वारा ऐसा नहीं किया गया। एक ग्राम पंचायत में तो आरोप है कि तीन लाख के कच्चे कार्य होने पर ही 17 लाख के पक्के कार्य कराए जाने की वित्तीय स्वीकृति दी गई। विधायक ने मामले की जानकारी कर समाधान का आश्वासन दिया। इनमेंवेद प्रकाश , रामप्रकाश, राजू, मुकेश, तेज, प्रदीप, ओमपाल, अमरेश, प्रमोद, धर्मवीर,हरिप्रसाद, महेश, सुरेंद्र कुमार,आशिक अली, नवीन, अशोक, संजय, सत्येंद्र गंगवार, ब्लॉक कॉर्डिनेटर संदीप कुमार आदि थे।


विधायक विवेक वर्मा को शिकायती पत्र देते रोजगार सेवक।

- बोले- कुछ ग्राम पंचायतों में बड़े पैमाने पर पक्के कार्यों की दी गई वित्तीय स्वीकृति

# तलाक दिए बिना दूसरी शादी करने की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर

- पत्नी की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** पहली पत्नी को तलाक दिए बिना दूसरी शादी रचाने की कोशिश करना युवक को महंगा पड़ा। पुलिस ने युवक समेत आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलेंदा गौटिया निवासी ओमप्रकाश की पुत्री चांदनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सात साल पहले उसकी शादी ग्राम करमापुरमाफी निवासी गुड्डू वर्मा से हुई थी। उसके एक पुत्री है। ससुराल पक्ष के प्रताड़ित करने पर पुलिस से पूर्व में शिकायत की गई। इस पर ससुराल वालों ने 12 जनवरी मारपीट कर घर से निकाल दिया था। तब से मायके में रह रही है। आरोप है कि छह मार्च को पता चला कि उसका पति तलाक दिए बिना ही लखीमपुर जनपद के थाना मोहम्मदी क्षेत्र की एक युवती से दूसरी शादी कर रहा है। वह अपने पिता समेत अन्य मायके वालों संग विवाह समारोह में पहुंच गई थी और शादी का विरोध किया था। जिसके पति ने अपने परिवार वालों संग मिलकर मारपीट की। गला दबाकर पीड़िता की जान लेने की कोशिश की गई। ग्रामीणों की मदद से मायके वालों ने बचाया। वरिष्ठ उप निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पति, ससुर जमुना प्रसाद, ननद शीतल, रोली, अनीस, अलका, शिवपुरी नवदिया गांव निवासी बादशाह समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच करा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### चैनेलाइजेशन को पहुंची पोकलेन शारदा में धंसी



**पूरनपुर।** चंदिया हजारा के पास शारदा नदी में चैनेलाइजेशन का कार्य चल रहा है। शनिवार को धनाराघाट के पहले पूल पर खुदाई के दौरान पोकलेन मशीन नदी में धंस गई। मशीन धंसने से कार्य अटक गया। वहीं, नदी पर तटबंध बनाने के लिए जियो बैग का कार्य गति पकड़ गया है। चंदिया हजारा गांव को शारदा नदी की तबाही से बचाने के लिए नदी में ड्रजिंग चैनेलाइजेशन और तट पर जियो बैग लगाने का काम चल रहा है। दोनों प्रोजेक्ट करीब 19 करोड़ के हैं। ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि चैनेलाइजेशन कार्य में लगी मशीनें नदी में धंसने से शनिवार को कार्य प्रभारित रहा। लेकिन जियो बैग का कार्य तेजी से चल रहा है।

### गूंगा देवी मंदिर का 94.94 लाख से होगा जीर्णोद्धार

**पूरनपुर।** माती गांव में मां गूंगा देवी का प्राचीन मंदिर है। दशकों पुराने इस मंदिर का अब 94.94 लाख रुपये से जीर्णोद्धार कराया जाएगा। मंदिर पर हर साल मेला लगता है। जनपद के ही नहीं शाहजहांपुर, लखीमपुर, सीतापुर समेत कई जिलों से भक्त मां गूंगा देवी की पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं। मंदिर काफी पुराना होने से उसके जीर्णोद्धार की मांग की जा रही थी। जल्द ही मंदिर का कायाकल्प होने वाला है। माती गांव में मां गूंगा देवी मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए शासन से 94.94 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। शनिवार को विधायक पुत्र रितुराज पासवान ने मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य की पूजा अर्चना कर शुरुआत कराई। मंदिर के लिए धनराशि स्वीकृत होने के बाद भक्तों में खुशी देखी जा रही है। इस मौके पर नवीन सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक रामराखन शर्मा, पुजारी सचिन गिरी ,विष्णु प्रताप सिंह एडवोकेट, जितेंद्र सिंह ,धर्मेन्द्र सिंह ,ओमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### रेलवे स्टेशन के पास मिला शव

**पूरनपुर।** शुक्रवार रात एक अज्ञात व्यक्ति अचेत अवस्था में रेलवे स्टेशन के समीप पड़ा देखा गया। राहगीरों ने एंबुलेंस से उसे सीएचसी भिजवा दिया। वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मृतक करीब 50 साल का है। उसके पास से कपडे से भरा बैग आदि सामान मिला है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

### ब्लॉक में अब मिल सकेंगी सस्ती दवाएं

**बरखेड़ा।** ब्लॉक मरौरी के बी पैक्स गजरौला कलां में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का शनिवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सत्यपाल गंगवार व संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता बरेली मंडल राजेश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुरुआत कराई। समिति के अध्यक्ष श्यामाचरण ने बताया कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के शुरू होने से गजरौला क्षेत्र के लोगों को महंगे दामों के बजाय काफी कम रेट पर जेनरिक दवाइयां मिलेंगी। इस मौके पर डॉ. प्रदीप सिंह, अपर जिला सहकारी अधिकारी संजय कुमार, सुनील कुमार, संतोष कुमार कुशवाहा, समिति सचिव रामदयाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्कूल परिसर में रखा तार ले गए चोर

**मझोला।** जिला भिंड (मध्य प्रदेश) के गांव बदपुरा निवासी विद्युत ठेकेदार शिवकुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव भिंडारा में यूनिवर्सल कंपनी में ठेकेदारी कर रहे हैं। कंपनी के द्वारा मटेरियल दिया गया है, जो भिंडारा गांव के एक स्कूल के मैदान में रखा था। बुधवार रात चोर करीब पांच क्विंटल तार चोरी करके ले गए। न्यूरिया पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सर्वर ने फिर दिया धोखा...नहीं बंटा राशन

**मझोला।** राशन की दुकान पर नई मशीनें लागू होने के बाद राशन का वितरण करने में कोटेदार को दिक्कत आ रही है। शनिवार को कस्बे में राशन कोटे की दुकान पर लोगों की राशन लेने के लिए भीड़ लगी रही। मगर ई पॉश कनेक्टविंग मशीन का सर्वर डाउन होने की वजह से पूरे दिन राशन का वितरण नहीं हो सका। जिस वजह से लोगों को बिना राशन के ही वापस लौटना पड़ा। होली के त्योहार पर लोगों को राशन न मिलने की वजह से दिक्कत आ रही है।

### खुटार मार्ग पर पलटा ट्रक

**पूरनपुर।** खुटार मार्ग पर शनिवार शाम को हादसा टल गया। मोरंग लेकर खुटार की तरफ जा रहा एक ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि साइड में कोई दूसरा वाहन नहीं था। वरना बड़ी दुर्घटना हो जाती। बीच हाईवे पर ट्रक पलटने से जाम लग गया। वहीं, शाम में गन्ना लेकर चीनी मिल जा रही एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। ड्राइवर ने कूदकर जान बचाई। रात में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्राली हाईवे से हटवाकर जाम खुलवाया।

# किराना व्यापारी के घर डकैती की नए सिरे से होगी पड़ताल

संवाददाता, पूरनपुर

- एसपी ने व्यापारी से लिखित में मांगी वारदात के दौरान की लाइव रिपोर्ट

**अमृत विचार:** डेढ़ माह बीतने के बाद भी पुलिस किराना व्यापारी के घर हुई डकैती का खुलासा नहीं कर सकी है। डकैतों को पकड़ने में असफल कोतवाल को लाइन हाजिर किया जा चुका है। एसपी खुलासे के लिए समस्त पहलुओं पर फिर से पड़ताल करेंगे। इसके लिए पीड़ित व्यापारी से घटना का आंखों देखा हाल मांगा है।

गांव रम्पुरा कपूरपुर में किराना व्यापारी सुनील गुप्ता के घर 30 जनवरी को 40 लाख की डकैती हुई थी। तत्कालीन एसपी अतुल शर्मा ने चार टीमें गठित कर खुलासे के प्रयास किए। मगर करीब डेढ़ महीना बीतने के बाद भी पुलिस घटना का खुलासा करना तो दूर डकैतों के आसपास भी नहीं पहुंच सकी। एसपी अतुल शर्मा के तबादले के बाद जिले की कमान अविनाश पांडे को सौंपी गई है। नए एसपी के चार्ज संभालने के बाद घटना को लेकर दिखाई गई तत्परता से जल्द खुलासे की आस बंधी। मगर भरसक प्रयास के बाद भी अभी पुलिस खुलासा नहीं कर पा रही। एसपी ने घटना के खुलासे की नए सिरे से जांच पड़ताल शुरू की है।

# कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर किया दुष्कर्म

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र की एक युवती ने एसपी कार्यालय में दिए शिकायत पत्र में बताया कि नौगवां पकड़िया के एक युवक ने उसे प्रेम जाल में फंसा लिया था। 11 मई 2022 को आरोपी बरेली के एक होटल में ले गया। वहां कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। बेसुध होने के बाद पीड़िता से दुष्कर्म किया। वीडियो बनाया और फोटो भी खींच लिए। इसके बाद वीडियो-फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। 13 मार्च 2024 की शाम पांच बजे पीड़िता को मिला और पांच लाख रुपये की मांग की। जब पीड़िता रुपये नहीं दे सकी तो आरोपी ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर दिए। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

# पकड़ लो हाथ गिरधारी नहीं तो डूब जाएंगे...

**बीसलपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला साहूकारा स्थित खाटू श्याम मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस मनाया जा रहा है।

सांवरिया परिवार बीसलपुर के तत्वाधान में मनाए गए स्थापना दिवस में खाटू श्याम की प्रतिमा को फूलों से सजाकर शृंगार किया गया। वृंदावन धाम से आए गायक अमन मिश्री के भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। उन्होंने राधा रानी का भजन पकड़ लो हाथ गिरधारी नहीं तो डूब जाएंगे, हमारा कुछ ना बिगड़ेगा तुम्हारी लाज जाएगी। वृंदावन जाऊंगी सखी वृंदावन जाऊंगी..फिर ना लौट के आऊंगी काफी सराहा गया। छप्पन भोग लगाया गया। आलोक मित्तल, अनुपम मित्तल, अनुज मित्तल, शरद मित्तल, अनुज मित्तल, सुधांशु, अंशुल, अंकुर मित्तल, निधि, पूजा रहे।

## घर वापसी पर चेयरमैन डीके गुप्ता का स्वागत



**बिलसंडा।** नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता ने शुक्रवार को लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। दूसरे दिन शनिवार को उनके बिलसंडा पहुंचने पर व्यापारियों व भाजपाइयों ने स्वागत किया। व्यापारियों ने कुरैंया कला के आगे खन्नौत नदी पुल पर पहुंचकर फूल माला पहनाई। ढोल नगाड़ों से स्वागत किया। इसके बाद भाजपा मंडल कार्यालय पर अध्यक्ष विक्रम गंगवार, गौरव पटेल, विकेश जायसवाल, बलवीर सिंह, महेश गंगवार, आशीष सक्सेना, वैभव सक्सेना, अंसार मंसूरी, रजत कश्यप ने भी स्वागत किया। इस मौके पर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद अवस्थी, धीरज जायसवाल, विक्रम नरेश जायसवाल, राजीश गुप्ता, अमन गुप्ता, अविरल गुप्ता, भृगुराज सिंह, सभासद रजत सागर, सुधांशु, सलीम मंसूरी ने मिठाई खिलाई।

## 1.92 लाख से बनेगा कसगंजा-नबीची मार्ग

**पूरनपुर।** बंडा मार्ग पर कसगंजा से नवीची लिंक रोड काफी जर्जर हो चुका है। इससे लोगों का निकलना भी दूभर है। विधायक ने सड़क के निर्माण कार्य की शुरुआत कराई। अब जल्द ही लोगों को जर्जर रोड से आ रही दिक्कतों से निजात मिलेगी। तहसील क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा से भैंसासुर होते हुए बंडा क्षेत्र के गांव नबीची की सीमा तक गन्ना विभाग से बनाई गई सड़क काफी खस्ताहाल हो गई थी। क्षेत्रीय लोगों ने आवागमन की सुगमता के लिए पूरनपुर के भाजपा विधायक बाबूराम पासवान से दुखड़ा सुनाते हुए मांग की। विधायक ने राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से सड़क को लोक निर्माण विभाग में स्थानांतरित कराया। लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद ने अब सड़क निर्माण की स्वीकृति दी है। शुक्रवार को विधायक ने कसगंजा गांव में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जाने वाले इस साढ़े तीन किमी के मार्ग निर्माण का नारियल फोड़ शुरुआत कराई। 1.92 लाख की लागत से इस पुराने जर्जर मार्ग की सूरत बदली जाएगी। इस अवसर पर प्रधान महेश यादव, अरविन्द वाजपेई, राजेश कटियार, बलवंत पासवान, रामनिवास पासवान आलोक मिश्रा, रामगोपाल ,बालक राम वर्मा आदि रहे।

## अभिभावकों को दिए बच्चों की पढ़ाई के टिप्स

**पीलीभीत।** ब्लॉक संसाधन केंद्र अमरिया पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की पेरेंट्स काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें विशेष शिक्षक संजीव मिश्रा ने अभिभावकों को बताया कि दिव्यांगता से ग्रसित बच्चों के प्रति हीन भावना का नजरिया नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें प्रेरित करना चाहिए। ये समझाया जाए कि वह किसी भी काम को आसानी से कर सकते हैं। दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं है। बीईओ सत्यदेव ने कहा कि दिव्यांग बच्चों की कार्य क्षमता बहुत अधिक होती है। बड़े से बड़े काम करने में सक्षम होते हैं। पेरेंट्स काउंसलिंग में 50 अभिभावकों और 15 दिव्यांग बच्चे उपस्थित रहे। स्पेशल एजुकेटर संजीव मिश्रा और मिशन कुमार ने अभिभावकों को ज्ञान बच्चों के प्रति सहानुभूति रखते हुए उन्हें विद्यालय में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अभिभावक प्रमोद कुमार, राकेश कुमार, मोहम्मद अहमद, शकील अहमद, रफीक अहमद, कांताप्रसाद, मौजूद रहे।

## बैंक कर्मियों पर छेड़छाड़ का आरोप

**बीसलपुर।** क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति ने नगर की एक बैंक शाखा से किसान क्रेडिट कार्ड पर लोन लिया था। पति के बीमार होने के कारण लोन जमा नहीं हो सका। आरोप है कि बैंक के कर्मचारी पति की गैर मौजूदगी में उसके घर में घुस गए और पीड़िता व उसकी पुत्रवधू से छेड़छाड़ की। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच कर रहे हैं।


बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर
डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
- कान का बहना, कम सुनाई देना - चक्कर आना - सिर में दर्द - नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना - नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना - सोते समय खर्राटे आना - आवाज का बैठ जाना - मुंह न खुलना - चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना - खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले - गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
- कान के पर्दे में छेद - नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी - गले में टांसिल - मुँह में कैंसर - गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ - लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन - नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी - गले में मांस के कारण बैठी आवाज - आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray - दाँतों की नस का इलाज (RCT) - अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) - दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना - फिक्स दाँत (Bridges) - बत्तीसी बनाना (Complete Denture) - बिना दर्द के दाँत निकालना - लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) - हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) - टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) - बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- नाक, कान, गला रोग - दन्त रोग - हड्डी व जोड़ रोग - चर्म रोग - जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur) Ex. H.O. जिला अस्पताल फेमिली फिजीशियन
- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician
- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात - पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। - पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ - घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। - सफेद दाग का गारंटिड इलाज। - पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
NABH PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow) Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) - गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) - गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) - पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

रमज़ान मुबारक
छठवां रोज़ा इफ्तार - 17 मार्च 2024
सुन्नी - 06:18 बजे
शिया - 06:29 बजे
सातवां रोज़ा सहरी - 18 मार्च 2024
सुन्नी - 04:40 बजे
शिया - 04:43 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी



## दवा विक्रेता प्रतिबंधित दवाओं की नहीं कर पा रहे पहचान, बैच नंबर उपलब्ध कराने की मांग

# 31 दवाओं की बिक्री पर बैन, दवा विक्रेताओं के लिए बढ़ गई मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** लिव-52 टैबलेट व सिस्टोन सीरप सहित 31 दवाओं की बिक्री प्रतिबंधित कर दी है। इनकी बिक्री होती मिलने पर दवा विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसको लेकर थोक व फुटकर दवा कारोबारी असमंजस में हैं। इनका कहना है कि जिन दवाओं की बिक्री बैन की गई है उनका बैच नंबर तक जारी नहीं है। ऐसे में नकली व अधोमानक दवाओं की पहचान करना मुश्किल है। केमिस्ट एसोसिएशन के लोगों का कहना है कि बैच नंबर मुहैया कराए बिना यदि किसी कारोबारी के यहां छापेमारी की गई संगठन इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

नामी कंपनी सहित अन्य कंपनियों की 21 दवाएं जांच में जहां आधोमानक मिली हैं, वहीं दस दवाएं नकली साबित हुई। दवा विक्रेता बिना बैच नंबर के अधोमानक एवं नकली दवाओं की पहचान को लेकर परेशान है। इनका कहना है कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को इन दवाओं के बैच नंबर सार्वजनिक करने चाहिए, जिससे इनकी पहचान कर बिक्री रोकी जा सके। केमिस्ट एसोसिएशन ने बैन की गई दवाओं की बिक्री का आदेश बिना बैच नंबर सार्वजनिक किए जारी करना गलत है। इन सभी दवाओं का बैच नंबर जारी किए बिना यदि छापेमारी की गई तो संगठन इसका विरोध करेगा।

### दवा- निर्माण तिथि एक्सपायरी तिथि

1. लिव- 52, मार्च- 2023, फरवरी- 2026
2. सिस्टोन सीरप, मार्च-2023, फरवरी-2026

### अधोमानक मिली दवाएं

विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा, पेननिल चूर्ण, एजफिट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, स्लीमेक्स चूर्ण, दर्द मुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगी केयर, माइकान गोल्ड, डायबिट शुगर केयर टैबलेट, हाईपॉवर मूसली कैप्सूल, डाइबियोग केयर, झंडु लालिमा ब्लड एंड स्किन प्यूरिफायर, हेल्थ गुड सीरप, हेपलिव डीएस सीरप, सिस्टोन सीरप, बायना प्लस ऑयल, वातारित ऑयल, लिव-52, न्यूरिविल, बोस्टा एमआर टैबलेट ।

### नकली दवाएं

ज्वाला दाद, रूमो प्रवाही, सुंदरी कल्प सीरप, त्रयोदशांग गुग्गुल, वेदांतक वटी, एसीन्यूट्रा लिक्विड, आंवला चूर्ण, सुपर सोनिक कैप्सूल, ब्रोस्टा 400 टैबलेट, बायना प्लस कैप्सूल।

**जिम्मेदारों को भी नहीं पता बैच नंबर :** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि लिव-52 टैबलेट व सिस्टोन सीरप का सैंपल जिले से लेकर भेजा था। इनके बैच नंबर सार्वजनिक कर दिए हैं। मगर, अन्य 29 दवाओं के सैंपल विभिन्न जिलों से लिए गए थे। इनके बैच नंबर उपलब्ध कराने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है।



जिन दवाओं की बिक्री बैन की गई है, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी पहले उनका बैच नंबर सार्वजनिक करें, जिससे दवा कारोबारी इनकी बिक्री स्वयं बंद कर सकें। बिना बैच नंबर जारी किए यदि कारोबारी का शोषण किया गया तो संगठन इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।
**-शरद मेहरोत्रा,** महामंत्री जिला केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन



सभी दवा विक्रेता लिव-52 (बैच नंबर- 106230411) व सिस्टोन सीरप(111230208) की बिक्री बंद कर इन्हें नष्ट कर दें। शेष अन्य प्रतिबंधित व नकली दवाओं के बैच नंबर जल्द ही केमिस्ट एसोसिएशन को उपलब्ध करा दिए जाएंगे, जिससे बैन दवाओं के बारे में दवा व्यापारियों को मालुमात हो सके। जनहित को देखते हुए सभी दवा कारोबारी एहतियातन इन दवाओं की बिक्री बंद कर दें।
**-डॉ. हरवंश कुमार,** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी

# बज गया बिगुल, अब शुरू होगा चुनावी घमासान

## जिले में 1638 मतदान केंद्र, 2890 बूथों पर डाले जाएंगे वोट, चौथे चरण में 13 मई को होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक माहौल में गर्मी आ गई है, वहीं प्रशासनिक तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। चौथे चरण में 13 मई को खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर मतदान होगा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

खीरी संसदीय क्षेत्र के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और धौरहरा संसदीय सीट के लिए सीडीओ अनिल कुमार सिंह रिटर्निंग ऑफीसर होंगे।

चौथे चरण के लिए दोनों सीटों पर अधिसूचना 18 अप्रैल को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 25 अप्रैल को होगी। नाम वापसी के लिए अंतिम तारीख 29 अप्रैल घोषित की गई है। दोनों सीटों पर मतदान 13 मई को और मतगणना चार जून को होगी। जिले में 1638 मतदान केंद्रों और 2890 बूथों पर वोट पड़ेंगे। डीएम ने बताया कि चुनाव के दौरान आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।



कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव के बाबत जानकारी देते डीएम महेंद्र बहादुर सिंह।

| खीरी लोकसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | अन्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| पलिया | 1,93,321 | 1,73,018 | 04 | 3,663,43 |
| निघासन | 1,88,373 | 1,62,933 | 0 | 3,51,306 |
| गोला गोकर्णनाथ | 2,11,418 | 1,90,917 | 24 | 4,02,359 |
| श्रीनगर | 1,73,998 | 1,52,150 | 04 | 3,26,152 |
| लखीमपुर | 2,20,534 | 1,95,765 | 10 | 4,16,309 |
| कुल | 9,87,644 | 8,74,783 | 42 | 18,62,469 |
| **धौरहरा लोकसभा क्षेत्र** | **पुरुष** | **महिला** | **अन्य** | **कुल** |
| धौरहरा | 1,84,933 | 1,61,173 | 13 | 3,46,119 |
| कस्ता | 1,66,005 | 1,45,576 | 14 | 3,11,595 |
| मोहम्मदी | 1,83,402 | 1,63,056 | 12 | 3,46,470 |
| महोली | 2,06,106 | 1,77,377 | 23 | 3,83,506 |
| हरगांव | 1,73,681 | 1,52,577 | 23 | 3,26,281 |
| कुल मतदाता | 9,14,127 | 7,99,759 | 85 | 17,13,971 |



जिला कारागार चौराहा के पास लगी होर्डिंग हटाते नगर पालिका के कर्मचारी।

### हरकत में आया प्रशासन, हटाईं प्रचार होर्डिंग्स

**लखीमपुर खीरी।** चुनाव आचार संहिता लागू होने के कुछ ही देर बाद प्रशासन हरकत में आ गया। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह की अगुवाई में सड़कों पर पहुंची राजस्व और नगरपालिका की टीम ने अभियान चलाकर चौराहों सहित अन्य जगहों पर लगी राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स हटवाई। टीमों ने श्रीराम चौराहा, कचहरी चौराहा, गुरु गोविंद सिंह चौक, अस्पताल रोड, डीसी रोड आदि पर लगीं राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स हटवाईं और उन्हें साथ लाए गए वाहनों में लादकर नगर पालिका के कर्मचारी अपने साथ ले गए। निघासन में एसडीएम अश्वनी कुमार, तहसीलदार भीम चंद ने पुलिस बल और नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ तहसील गेट से लेकर मेन चौराहे तक लगी प्रचार सामग्री हटवाईं। सिंगाही, बेलरायां, तिकुनियां में भी राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों ने कार्रवाई की।

### बैनर, पोस्टर, होर्डिंग उतारे

**गोला गोकर्णनाथ।** प्रशासनिक अधिकारियों ने अशोक चौराहा, सिनेमा चौराहा, विकास चौराहा समेत तमाम जगह लगे होर्डिंग्स हटाये है। नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, आरआई अब्दुल रहीम अंसारी, शिवम कुमार, अवधेश कुमार, अशोक कुमार, विशाल शुक्ला, सफाई नायक दिलीप कुमार, नरेश कुमार आदि मौजूद रहे। संसारपुर में सीओ गोला अजेंद्र यादव, संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने अपने दल बल के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में चौकी क्षेत्र के प्रमुख स्थानों पर लगे राजनैतिक पार्टियों के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स उतरवाए।

## घर में घुसे चोर समेट ले गए एक लाख के जेवर

**पलिया कलां, अमृत विचार :** पुलिस से बेखौफ चोर शुक्रवार की रात नगर के मोहल्ला माहीगिरान के एक घर में घुसकर बेटियों की शादी के लिए खरीदकर रखे गए सोने-चांदी के करीब एक लाख रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

मोहल्ला माहीगिरान निवासी तरन्नुम पत्नी मोहम्मद रफीक शुक्रवार की रात परिवार के साथ सो रही थीं। रात में किसी समय चोर घर में घुस आए और बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा एक हार, दो नथनी, दो अंगूठी, दो हाथ फूल,एक नाक फूल आदि चोरी कर ले गए। सुबह जब वह सोकर उठीं तो कमरे में सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने बक्सा देखा तो उसका भी ताला टूटा हुआ था और सामान बाहर बिखरा पड़ा था। पीड़िता ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कोतवाल विवेक उपाध्याय ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# झुलसे रामपाल ने भी लखनऊ में तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- गांव रुद्रपुर खुर्द में बुधवार की रात हुआ था अग्निकांड
- पुत्र और पुत्री की जिंदा जलकर हो गई थी मौत

**अमृत विचार:** थाना खीरी क्षेत्र के गांव रुद्रपुर में हुए भीषण अग्निकांड में झुलसे पिता की भी उपचार के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। पति की मौत होने की मनहूस खबर आते ही अग्निकांड में छोटे बेटे और पुत्री को खोने वाली जसवंती इकलौते बचे बेटे अमित को सीने से चिपका कर रो पड़ी।

गांव रुद्रपुर खुर्द में बुधवार की देर रात रामपाल के घर उस वक्त आग लग गई थी। जब पूरा परिवार गहरी नींद में सोया हुआ था। आंच लगने पर जब तक वह और उठे और परिवार वालों को उठाया। तब आग ने सभी को चारों तरफ से घेर लिया था। आग की लपटों के बीच किसी तरह से रामपाल, उनकी पत्नी जसवंती, पुत्र अमित और पुत्री अंजली ने भागकर जान बचाई, जबकि उनका दस साल का बेटा अंकित जिंदा जल गया था। झुलसे सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से हालत गंभीर होने पर रामपाल (48) और उसकी बेटी अंजली (15) की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने लखनऊ केजीएमयू भेज दिया था, जहां अंजली ने कुछ देर बाद दम तोड़ दिया था। जसवंती और अमित को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई थी।

शनिवार की सुबह रामपाल की भी मौत हो गई। मौत की मनहूस खबर घर आते ही जसवंती ने अपने इकलौते बचे बेटे को सीने से चिपका लिया और फूट-फूटकर रोने लगी। उसका करुण क्रंदन देख ग्रामीण भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास की महिलाएं बिलख रही जसवंती को ढांढस बंधा रहीं थीं। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से गांव में भी मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम करवा रही है।

## चोरी को 48 घंटे बीत गए बेनतीजा पुलिस अधिकारी

संवाददाता, धौरहरा

- पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के घर हुई चोरी का मामला

**अमृत विचार:** धौरहरा के पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के घर हुई लाखों की चोरी की घटना हुए 48 घंटे से अधिक का समय बीत गया, लेकिन पुलिस की जांच एक कदम आगे नहीं बढ़ सकी है। पुलिस ने एक नौकर को हिरासत में लिया था। इसके बाद दो अन्य संदिग्धों को भी उठाया है जिनसे पूछताछ जारी है।

गुरुवार की रात चोर धौरहरा के पूर्व भाजपा विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के गांव बेलतुआ स्थित फार्म हाउस पर बने घर से 30 लाख रुपये की नगदी व लाखों रुपये के जेवर चोरी कर ले गए थे। घटना के खुलासे में पांच टीमें लगी हुई है।


पुलिस ने शुक्रवार की सुबह पूर्व विधायक के एक नौकर को हिरासत में लिया था। इसके बाद शनिवार को दूसरे नौकर को भी पूछताछ के लिए ले गई है। इसके अलावा चार संदिग्धों को भी पुलिस ने उठाया है, जिनसे अलग-अलग थानों में रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के हाथ अभी कोई ऐसे सबूत नहीं लगे हैं, जिनसे अपराधियों तक पहुंच सके। सीओ पीपी सिंह ने बताया कि टीमें अपना काम कर रही हैं।

# छोटी काशी कॉरिडोर के लिए 69 करोड़ मंजूर


संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से एक दिन पहले पर्यटन निदेशालय से शिव मंदिर कॉरिडोर के प्रस्ताव पर अंतिम मुहर लग गई है। पर्यटन विभाग ने प्रथम क़िस्त के रूप में 69.14 करोड़ की धनराशि को मंजूरी दी है।

बता दें कि तत्कालीन विधायक अरविन्द गिरि छोटी काशी कॉरिडोर के लिए आई टीम को निरीक्षण कराया।अगले दिन 6 सितंबर 2023 को उनकी हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। इसके बाद यह प्रोजेक्ट थमने लगा था, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पब्लिक इंटर कॉलेज के मैदान में सभा के दौरान बनारस की तर्ज पर छोटी काशी कॉरिडोर बनाने की घोषणा की थी। इससे लोगों की उम्मीद बंध गई थी। चुनाव जीतने के बाद पिता के सपनों को पूरा करने के लिए विधायक अमन गिरि ने मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री, लोक निर्माण मंत्री और पर्यटन विभाग के अधिकारियों से कॉरिडोर का कार्य शीघ्र करने के लिए प्रयास किया। विधायक अमन ने बताया कि 15 मार्च 2024 को वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने छोटी काशी कॉरिडोर के लिए प्रथम क़िस्त के रूप में 69.14 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की। इससे अब छोटी काशी के पौराणिक शिव मंदिर का स्वरूप बदलने वाला है।



पौराणिक शिव मंदिर।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का आभार जताते विधायक अमन गिरि।

### विधायक बोले- पिता का सपना पूरा होते देख मिल रही खुशी

विधायक अमन गिरि ने कहा कि पिता अरविंद गिरि ने छोटी काशी कॉरिडोर का सपना संजोया था। उनके निधन के बाद लगा था कि यह सपना पूरा नहीं हो पाएगा, लेकिन क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद और अभिभावक वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सहित शीर्ष नेतृत्व के सहयोग से यह संभव हो पाया है। उन्होंने धनराशि मंजूर होने के बाद वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मिलकर आभार जताया।

## कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** डीआईओएस कार्यालय में शनिवार दो दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ।

इसमें शिक्षकों को कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षक एवं जिले नोडल देवेंद्र निगम ने पंख कैरियर पोर्टल एवं यूपी पंख डॉट इन आदि के विद्यालय में उपयोग करने के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राएं इसके माध्यम से कैरियर के विभिन्न अवसर, छात्रवृति, प्रतियोगी परीक्षाओं के अलावा देश विदेश के उच्च शैक्षिक संस्थान में प्रवेश की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक पंख पोर्टल के बारे में छात्र छात्राओं को जागरूक करें, जिससे वह इसकी सहायता से अपना भविष्य बेहतर बना सकें। प्रशिक्षण में शामिल 46 शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। द्वितीय नोडल अधिकारी ऊषा किरन सहित वित्त एवं लेखाधिकारी हरकेश आदि मौजूद रहे।

## निधि शुक्ला की हालत बिगड़ी, भर्ती

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** घर पर चार दिनों से अनशन पर बैठी कांग्रेस की पीसीसी सदस्य बहन निधि शुक्ला की शनिवार को हालत बिगड़ गई। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह अपनी बहन मधुमिता के हत्यारोपी पूर्व मंत्री अमरमणि के बेटे अमनमणि को कांग्रेस में शामिल करने के विरोध में अनशन कर रही हैं।

निधि ने चार दिन पहले घर पर हमला होने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि हमला पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी ने कराया है। हमले के बाद पूर्व मंत्री के बेटे अमनमणि को गोरखपुर में कांग्रेस में शामिल किया गया। इसको लेकर निधि अपने घर पर ही धरने पर बैठ गईं थीं। चौथे दिन शनिवार को निधि शुक्ला की हालत बिगड़ गई। परिवार के लोग उन्हें जिला अस्पताल ले गए और भर्ती कराया। निधि के पति अभिषेक तिवारी ने बताया कि अनशन पर बैठने के बाद निधि ने कुछ भी नहीं खाया था। दो दिन पूर्व कांग्रेस पदाधिकारी मुलाकात करने आए थे।

# गोला के लोगों को ट्रिपिंग ओवरलोड से मिलेगी निजात



फीडर का लोकार्पण करते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल, जनार्दन गिरि। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- बिजलीघरों में दो नए फीडरों का किया गया लोकार्पण

**अमृत विचारः** छोटी काशी में नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू और शिव मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने दो नए शिव मंदिर फीडर और न्यू बाईपास फीडर का लोकार्पण हवन पूजन के साथ किया।

हाइडिल से शिव मंदिर तक बनाये गए नएफीडर में दो किलोमीटर में 62 खंभे लगाए गए हैं। शिव मंदिर फीडर बन जाने से फीडर नंबर चार के 2490 उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युतापूर्ति होगी। न्यू बाईपास फीडर तीन किमी का है, जिसमें 92 खंभे लगाए गए हैं। इस फीडर के बन जाने से फीडर नंबर दो के 2700 उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। एसडीएम रत्नाकर मिश्र, अधिशासी अभियंता राजनारायण, एसडीओ विनीत कुमार वर्मा, पवन कुमार और अवर अभियंता मिथिलेश कुमार, शिवम पांडे, लालू मिश्रा, शत्रोहन मिश्र, रामगुलाम पांडे, रविंद्र कटियार, अंकुर सिंह आदि मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open
2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105



Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY





For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.



Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


## मोहम्मदी में नहीं है अपना भवन

मोहम्मदी में फायर स्टेशन स्वीकृत तो हो चुका है। जमीन भी उपलब्ध हो चुकी है, लेकिन उसका अपना भवन नहीं है। वह नगर पालिका के एक भवन में चल रहा है। वहां एक एक गाड़ी भेज दी जाती है।। स्टाफ के नाम पर एक चालक, एक फायरमैन है। कमी पूरी करने के लिए 10 होमगार्डों की मदद ली जा रही है।

## मंगलवार को 60 घर राख

मंगलवार को थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव महादेवा टांडा में बिजली के तारों में स्पार्किंग से 50 घर जल गए थे। आग जब बुझ गई। तब फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची थी। दो दिन पहले थाना खीरी के गांव रुद्रपुर में लगी आग से भाई-बहन जिंदा जल गए थे। कई पशुओं की भी जिंदा जलकर मौत हो गई थी।

# आग के खतरे बढ़े लेकिन बुझाने को स्टाफ नहीं

## चालकों के साथ स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा अग्निशमन विभाग, एफएसओ भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एक दशक से स्टाफ की कमी से जूझ रहा विभाग
- संसाधन तो हैं पर समय से नहीं हो पा रहा उपयोग



अग्निशमन कार्यालय पर खड़ीं फायर ब्रिगेड की गाड़ियां। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रदेश के सबसे बड़े जिले में दर्जनों गांव आग के मुहाने पर हैं। दमकल के पास आग बुझाने के लिए संसाधन भी पर्याप्त हैं लेकिन विभाग करीब एक दशक से स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। यहां तक कि अग्निशमन अधिकारी के छह पद हैं, वे सभी खाली हैं। विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी माने जाने वाले लीडिंग फायर मैनों की कमी को भी दूर नहीं किया जा सका है। कई बार स्थानीय अधिकारियों ने आला अफसरों से पत्राचार किया, लेकिन उसका कोई असर नहीं पड़ा।

भौगोलिक दृष्टि से लखीमपुर खीरी प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। जिले में सदर के अलावा निघासन, धौरहरा, पलिया, मोहम्मदी, मितौली और गोला तहसील हैं। सभी तहसीलों पर फायर स्टेशन है। एक फायर स्टेशन से दूसरे फायर स्टेशन की दूरी 50 से 60 किमी से अधिक है। इसके चलते आग लगने की सूचना मिलने पर कभी भी फायर बिग्रेड समय से नहीं पहुंच पाती। इसका खामियाजा अग्निपीड़ितों को उठाना पड़ता है। जिले की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण है। गांवों में अधिकतर घर घास-फूस के हैं। इसलिए अग्निकांड की घटनाएं भी ज्यादा होती हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों के अभाव के कारण आग लगने पर बचाव करना मुश्किल हो जाता है, जिससे हर साल धन हानि के साथ जन हानि और पशु हानि भी होती है।

अग्निशमन विभाग के इंतजामों की हो तो जिले में विभाग के पास संसाधन तो पर्याप्त हैं, लेकिन स्टाफ की भारी कमी है। अग्निशमन अधिकारी के छह पद स्वीकृत हैं, जबकि वर्तमान समय में सभी पद रिक्त हैं। अग्निशमन सेकेंड अफसर के सात पदों में से केवल तीन पद पर ही तैनाती है। अग्निशमन की अहम कड़ी माने जाने वाले लीडिंग फायरमैन के 13 पद के सापेक्ष मात्र चार हैं, जो चार फायर स्टेशनों पर तैनात हैं। जिले में 13 फायर सर्विस चालक होने चाहिए, लेकिन इनमें आठ पद खाली हैं। चालकों के न होने से अग्निशमन गाडियां मौके पर समय से नहीं पहुंच पाती। फायरमैन के 101 में से 59 पद रिक्त पड़े हैं। 42 फायर मैन में एक हेड ऑफिस लखनऊ, एक पुलिस कार्यालय और दो सीएफओ कार्यालय में तैनात हैं। एक फायरमैन निलंबित चल रहा है। ऐसे में आग पर काबू पाना एक बड़ी चुनौती है।

### जिले में स्वीकृत पदों का नियतन और उपलब्धता

| पद | संख्या | उपलब्धता | रिक्त |
|---|---|---|---|
| सीएफएसओ | 01 | 01 | 00 |
| एफएसओ | 06 | 00 | 06 |
| एफएसओ सेकेंड | 07 | 01 | 06 |
| लीडिंग फायर मैन | 13 | 04 | 09 |
| चालक | 13 | 05 | 08 |
| फायर मैन | 101 | 42 | 59 |

### जिले में उपलब्ध संसाधनों पर एक नजर

| | |
|---|---|
| फायर टेंडर बड़ा | 03 |
| फायर टेंडर छोटा | 04 |
| फायर टेंडर हाई प्रेशर बड़ा | 01 |
| वाटर मिस्ट हाई प्रेशर | 01 |
| बोलेरो कैंफर | 02 |
| महेंद्रा जीप मय ट्रॉली | 03 |
| पोंटेबुल पंप | 09 |
| टाटा सूमो | 01 |

संसाधनों की कमी नहीं है, लेकिन नियत पदों से भी काफी कम स्टाफ है, जिससे दिक्कतें आती हैं, फिलहाल होमगार्डों को ट्रेंड कर काम लिया जा रहा है। स्टाफ पूरा करने के लिए शासन को पत्राचार लगातार किया जा रहा है। **-अक्षय रंजन शर्मा**, सीएफओ लखीमपुर खीरी


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


## न्यू इराकी बीज भंडार का लाइसेंस किया निलंबित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** जिला कृषि अधिकारी ने मिल रोड स्थित न्यू इराकी बीज भंडार के रिकार्ड उपलब्ध न कराने और संतोषजनक जवाब न देने के कारण लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

न्यू इराकी बीज भंडार से लिए गए धान के बीज में हेराफेरी मिलने पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने पदाधिकारियों संग धरना देकर डीएम सहित जिला कृषि अधिकारी को शिकायत की थी कि दुकान पर बीज की पैकिंग पर दूसरी प्रजाति का लेवल लगा कर बेचा जा रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

भाकियू की शिकायत पर जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने नायब तहसीलदार के साथ बीज भंडार का निरीक्षण कर चरी, उर्द, धान, मक्का के नमूने लिए थे और अभिलेख मांगे थे। अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए थे और दुकान स्वामी का व्यवहार संतोषजनक नहीं पाया गया। जिला कृषि अधिकारी ने न्यू इराकी बीच भंडार नामक दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

# आग से चार घर जले, एक पशु की मौत, लाखों का नुकसान

संवाददाता, मूड़ा सवारान



रड़ा बाजार में जले घर को देखते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के गांव देवरिया रडा के मजरा रडा बाजार में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई, जिससे चार घर जलकर राख हो गये। वहीं इस भीषण आग में एक भेड़ भी जल कर मर गई। आग से लाखों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

देवरिया रडा प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक पुष्कर ने बताया कि गांव में अचानक आग लग जाने के कारण सुमन पत्नी आशाराम, रामश्री पत्नी रामऔतार, सुनीता पत्नी पप्पू पाल, उर्मिला मौर्य के घास फूस से बने घर जलकर राख हो गए। वहीं सुनीता पाल की एक भेड़ भी जल गई। इन लोगों के घर में रखा घरेलू सामान अनाज, बर्तन, कपड़े, बिस्तर आदि सब जल गए हैं। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेखपाल पंकज कुमार ने क्षति आकलन रिपोर्ट तैयार कर तहसील प्रशासन को भेज दी है।

### तारों में स्पार्किंग से लगी आग, दो घर राख

**पलिया कलां।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटहिया के मजरा बोझवा में जयपाल पुत्र गनेशी के घर बिजली के तारों में स्पार्किंग से शुक्रवार रात करीब 10 :00 बजे अचानक आग लग गई। आग ने पड़ोसी रामकुमार पुत्र कालीचरण के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। शोर शराबा होने पर तमाम ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से चारपाई, बिस्तर, अनाज, दो साइकिलें, कुछ कृषि यंत्र, एक मोबाइल बाहर पड़े कपड़े, बर्तन आदि जल गए। सुबह ग्राम प्रधान मटहिया सतीश कुमार ने तहसील प्रशासन को सूचना दी। जिस पर राजस्व टीम मौके पर पहुंची और अग्निपीड़ितों को तिरपाल व खाने-पीने के लिए राशन की व्यवस्था कराई।

## स्वयंसेवकों ने किया योग, जाना वृद्धों का हाल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** केन ग्रोवर्स नेहरू पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में चौथे दिन की शुरुआत योग से की गई। स्वयं सेवकों वृद्धाश्रम जाकर श्रमदान किया। श्रमदान में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा वृद्धाश्रम में स्वच्छता का ध्यान रखते हुए साफ-सफाई की गई। वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों से मुलाकात करके उनके हालचाल जाना। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यापक डॉ. विश्वनाथ तथा डॉ. विवेक कुमार सिंह ने विचार रखे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सरोज तथा डॉ. अमित कुमार यादव ने मार्गदर्शन किया।

# पलिया की मदीना मस्जिद में रोजा इफ्तार



मदीना मस्जिद में आयोजित रोजा इफ्तार में शामिल रोजेदार। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां


- बड़ी संख्या में रोजेदारों ने किया इफ्तार में प्रतिभाग

**अमृत विचारः** नगर की मदीना मस्जिद में रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें नगर सहित दूर-दराज से आए रोजेदारों ने शिरकत की। मदीना मस्जिद के मुफ्ती अब्दुल गफ्फार ने रोजेदारों को मुल्क में अमन और शांति के लिए पहले दुआ कराई। इसके बाद सभी रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया गया।

मुफ्ती अब्दुल गफ्फार ने कहा कि रमजान के पाक महीने में सभी को रोजा रखना जरूरी है। रोजे के साथ पांच वक्त की नमाज व तराबी पढ़ना सुन्नत है। रमजान के पाक महीने में सबको पाक- साफ रहना और कुरान पाक की तिलावत करना जरूरी है। रोजा इफ्तार के बाद उन्होंने वहीं नमाज अदा कराई और सभी से हिंदुस्तान में अमन- चैन व तरक्की की दुआ मांगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।




रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन
1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी)
2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी)
3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी )
4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच
5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन
6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन

हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
1) ऐशरमैन का इलाज
2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी)
3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन)
4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना
5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी)

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था


# अधिकारियों ने अर्द्धसैनिक बल के साथ किया फ्लैग मार्च



फ्लैग मार्च में शामिल एसडीएम कार्तिकेय सिंह, एएसपी नेपाल सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों और अर्द्धसैनिक बल की बैठक हुई। बैठक के बाद नगर में पैदल गस्त की।

अफसर माल गोदाम रोड होते हुए चौकी चौराहे पहुंचे। जहां से कमल चौराहा, संपूर्णानगर रोड, सीओ ऑफिस से मछली मंडी, नूरी मस्जिद, चमन चौराहा, जामा मस्जिद के सामने से मेला मैदान चौराहा व मोहल्ला माहीगिरान पहुंचे। इसके बाद फ्लैग मार्च पुराना अस्पताल, मदीना मस्जिद होते हुए नगरपालिका रोड होते हुए थाना परिसर में जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान सीओ यादवेंद्र यादव, कोतवाल विवेक उपाध्याय सहित कई थानों का पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे।

## कुकरा से गोला सड़क निर्माण पर विधायक का जताया आभार

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** गोला, कुकुरा जंगल वाली रोड काफी जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गई थी। खराब सड़क के कारण क्षेत्र की जनता को काफी असुविधा हो रही थी। काफी प्रयास के बाद पलिया विधायक रोमी साहनी ने सड़क निर्माण कार्य को मंजूरी दिला दी। लगभग छह करोड़ 45 लाख रूपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य शुरू होने पर प्रधानों ने विधायक रोमी साहनी को मिठाई खिलाकर उनका आभार व्यक्त किया।

प्रधान संघ के अध्यक्ष हजरतपुर प्रधान हरजिंदर सिंह, जियनलाल, कलामुद्दीन, रामप्रसाद देवल, विनोद कुमार, संजीव वर्मा, मुनीश वर्मा, जनक यादव, मनोज वर्मा, कंधईलाल, भगवानदीन, धनीराम, रामसनेही राठौर, रंजीत कुमार कुशवाहा, सुखविंदर सिंह, राजवीर, बिट्टू, जितेन्द्र कुमार, रियाजत आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के फिर अधीक्षक बने डॉ. गणेश



**गोला गोकर्णनाथ।** सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश कुमार का शराब की बोतल पकडे फोटो वायरल मामले में जांच टीम के क्लीन चिट देने पर सीएमओ ने पुन: सीएचसी अधीक्षक के पद पर तैनात कर दिया है। सीएचसी में अधीक्षक रहे डॉ. गणेश कुमार का शराब की बोतल पकडे फोटो वायरल होने के बाद उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लेते हुये उन्हें सीएमओ कार्यालय से सम्बद्ध कर जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद गठित जांच समिति टीम के डिप्टी सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, डॉ प्रमोद वर्मा ने जांच की थी। जांच आख्या में दोष सिद्ध न होने पर डॉ. गणेश कुमार को फिर से सीएचसी अधीक्षक बनाया गया है।

### सड़क हादसे में दो घायल, एक रेफर

**गोला गोकर्णनाथ।** सिकंद्राबाद के पास राहगीर को बचाने के प्रयास में सिकंद्राबाद निवासी राजेश कुमार (51) पुत्र सियाराम अपनी बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। दूसरी घटना में सोनू (24) पुत्र संजय कचियानी थाना हैदराबाद घायल हो गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर भांपकर सोनू को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### आईटीआई कालेज में स्मार्ट क्लास रूम का किया लोकार्पण

**बघून।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मोहम्मदी में बलरामपुर फाउंडेशन के द्वारा संस्थान में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया गया। बलरामपुर ग्रुप की कुंभी चीनी मिल के महाप्रबंधक सुनील कुमार यादव संस्थान को स्मार्ट क्लास में डिजिटल एलईडी लगवाकर छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य शोभित गंगवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। हरीश, संदीप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मूल्यांकन शुरू, पहले दिन चेक हुईं 7463 कॉपियां

## यूपी बोर्ड: जिले को आवंटित की गईं 2,80,743 उत्तर पुस्तिकाएं, डीआईओएस ने बोर्ड के निर्देशों की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शहर के तीन केंद्रों पर शुरू हो गया। इन तीनों केंद्रों पर कुल 2,80,743 लाख कॉपियां जांची जाएगीं। डीआईओएस कार्यालय पर बने मॉनिटरिंग सेल से मूल्यांकन कार्य पर नजर रखी जाएगी। मूल्यांकन कार्य समय पर पूरा कराने के लिए सचिव की ओर से जारी निर्देशों से डीआईओएस ने परीक्षकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

मूल्यांकन कार्य के पहले दिन डीआईओएस ने निर्धारित मूल्यांकन केंद्र राजकीय इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पहुंच कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर प्रधान परीक्षकों को बोर्ड की ओर से जारी निर्देशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कॉपी जांचते समय बेहतर सावधानी बरतें, बोर्ड के निर्देशों का पालन करते हुए अच्छी तरह से कॉपियों को मूल्यांकन करें। नंबरों को जोड़ने में जल्दबाजी न करें, क्योंकि यह बच्चों के भविष्य का मामला है। डीआईओएस ने मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों को परीक्षकों बैठने से लेकर पेयजल आदि का इंतजाम बेहतर रखने के निर्देश दिए। पहले दिन तीनों केंद्रों पर 7463 कॉपी जांची गई।



परीक्षकों को निर्देश देते डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार



गांधी विद्यालय मूल्यांकन केंद्र पर बैठक में मौजूद प्रधान परीक्षक। ● अमृत विचार

### गलतियों पर कटेगा पारिश्रमिक

सचिव के निर्देश पर शिक्षक को आवंटित टोली में मूल्यांकन कार्य करना होगा। मूल्यांकन के दौरान शिक्षकों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। मूल्यांकन कार्य में 0.5 प्रतिशत की त्रुटि मिलने पर 25 फीसदी, एक प्रतिशत पर 50 और 50 फीसद की गलती मिलने पर 85 प्रतिशत पारिश्रमिक की कटौती करते हुए शिक्षकों को तीन साल के लिए डिबार कर दिया जाएगा।

### प्रतिदिन देनी होगी रिपोर्ट

मूल्यांकन कार्य की शुचिता बनी रहे, इसलिए प्रधानाचार्यों को रोजाना उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल नामित स्टेटिक मजिस्ट्रेट व पर्यवेक्षक की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम से निकालने का आदेश है। प्रधानाचार्यों को प्रतिदिन मूल्यांकन कार्य समाप्त होने के बाद निर्धारित प्रारूप पर सूचना भरनी होगी। मूल्यांकन कार्य की शुचिता प्रभावित होने एवं जारी निर्देशों का पालन न होते मिलने पर कार्रवाई होगी।

तीनों मूल्यांकन केंद्र पर पहले दिन 7463 कॉपी चेक की गईं। परीक्षकों को बोर्ड के निर्देशों के बारे में अवगत करा दिया गया है। परीक्षकों को गुणवत्ता के साथ मूल्यांकन कार्य समय पर खत्म करने के लिए निर्देशित कर गया दिया है। **-डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह,** डीआईओएस

### मूल्यांकन केंद्र- स्टेटिक मजिस्ट्रेट- पर्यवेक्षक

1. जीआईसी- सहायक निदेशक मतस्य- प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल खैरीगढ़
2. जीजीआईसी- जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी- प्रधानाचार्य, जीआईसी शारदानगर
3. गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज- सहायक बचत अधिकारी- प्रधानाचार्य, राजकीय हाईस्कूल कुकरा

| मूल्यांकन केंद्र | उपस्थित परीक्षक | आवंटित कॉपी | जांची गई कॉपी |
|---|---|---|---|
| 1. जीआईसी | 440 | 179543 | 3915 |
| 2. जीजीआईसी | 301 | 73361 | 1399 |
| 3. गांधी विद्यालय | 331 | 101200 | 2149 |

## सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



गांव छेदुई पतिया में विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** पलिया-निघासन मार्ग से लिंक गांव के बीच होकर निकली रोड की चौड़ाई कम होने से जाम की समस्या बनी रहती है। इस रोड पर पानी भी भरा रहता है, जिस कारण ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियां होती हैं।

इस रोड का निर्माण किया जा रहा है। मानकों की अनदेखी का आरोप लगा ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बांके बिहारी, अंजनी, मनोज, दुर्गेश, गौरव, राकेश, अरविंद, रमाकांत, पप्पू, राजेश, महेश, बिनोद, अरुण, रामकुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। जेई विजय सरोज ने बताया कि जिस हिसाब से शासन ने मानक तय किया है। उसी ढंग से काम कराया जा रहा है। ग्रामीण अपने मनमाफिक रोड बनवाने पर तुले थे। काम में कोई कमी नहीं है।

## मिल गेट पर शुरू की तत्काल पर्ची की व्यवस्था

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** बजाज मिल प्रबंधन ने क्रय केंद्र फ्री करने के बाद अब गेट पर तत्काल पर्ची की व्यवस्था कर दी है। कोई भी किसान गन्ना तौल करा सकता है।

सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत चौधरी ने बताया कि गोला चीनी मिल के ग्रामीण क्षेत्र में खुले क्रय केंद्र एक सप्ताह से फ्री हैं। सदर गेट भी 14 मार्च से फ्री है। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष अंजनी दीक्षित और राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा का कहना है कि भुगतान न मिलने पर मजबूरन किसानों को गन्ना क्रेसरों पर बेचना पड़ रहा है। मिल प्रबंधन अभी सोच नहीं रहा है। भुगतान का यही हाल रहा तो इसका असर अगले सीजन में दिखाई पड़ेगा।

## शाहगढ़-पीलीभीत रेलखंड पर डीजल इंजन का ट्रायल

- लाइन नंबर एक व ब्रिज पर कनेक्टिविटी का काम रह गया

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मैलानी से पीलीभीत के बीच जल्द रेल सेवा शुरू होती दिख रही है। शनिवार को शाहगढ़-पीलीभीत रेलखंड का लोको डीजल इंजन से निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ छिटपुट खामियां मिली, जिन्हें अधिकारियों ने जल्द से जल्द से दुरूस्त कराने के निर्देश दिए। माह के अंत तक रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण को बल मिलने लगा है।

कार्यदायी संस्था के केएम विश्वकर्मा ने बताया कि डीजल लोको इंजन से शाहगढ़ से पीलीभीत तक करीब 20 किलोमीटर रेलखंड का ट्रायल किया। इसके साथ माला स्टेशन पर लाइन नंबर एक में आ रही दिक्कतों को भी दूर कर दिया गया है। इससे लाइन नंबर एक के निर्माण में तेजी आएगी। विद्युतीकरण कार्य भी अंतिम चरण में हैं। माला स्टेशन पर लाइन नंबर एक और ब्रिज के ऊपर कनेक्टिंग शॉर्ट लगाने का ही कार्य शेष बचा है। आरवीएनएल के चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश श्रीवास्तव ने रेलखंड का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देकर शाहगढ़ स्टेशन पर चल रहे एनआई का कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण टीम में एईएन सुरेंद्र कुमार, आरवीएनएल के डीजी एम सिविल विनोद कुमार तिवारी, सीनियर डीजीएम एसके वर्मा, सुशील कुमार डिप्टी, रवि प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सभी पीएचसी पर लगेंगी एंटी रेबीज वैक्सीन

**पसगवां।** सीएचसी अधीक्षक डॉ. अश्वनी वर्मा ने बताया कि अब विकास खंड के तहत सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी रेबीज वैक्सीन लगाए जाने की सुविधा हो गई है। अभी तक केवल सीएचसी पर ही एआरबी की सुविधा मिलती थी। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरवर, जंगबहादुरगंज, उचौलिया, औरंगाबाद, खखरा और सिसौरा नासिर में भी एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई जायेगी।

### युवती को बहला फुसलाकर ले गया युवक

**पसगवां।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की एक युवती को एक युवक बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। युवती की मां ने बताया कि 13 मार्च की शाम उसकी 21 वर्षीय पुत्री को अरुन राठौर बहला-फुसलाकर ले गया। इसमें आरोपी के भांजे की भूमिका है। युवती अपने साथ जेवर और नगदी भी ले गई है।

### नगरवासियों को घर बैठे मिलेगा जन्म एवं मृत्यु प्रमाण



**लखीमपुर खीरी।** पालिका प्रशासन अगले माह से शहरवासियों को जन्म एवं मृत्यु प्रमाण के लिए नगर पालिका के चक्कर नहीं लगाने होगें। कर्मचारी घर घर जाकर प्रमाण पत्र के आवश्यक दस्तावेज लेकर आएंगे और फिर प्रमाण पत्र बनवाकर घर देने जाएंगे। पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने बताया कि कई बार जिम्मेदार अधिकारी के न मिलने या फिर छुट्टी पर चले जाने से लोगों को प्रमाण पत्र मिलने में असुविधा होती थी। इसलिए प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब नगर पालिका परिषद के कर्मचारी आवश्यक दस्तावेज लेने से लेकर प्रमाण पत्र बनने के बाद घर पर देने जाएंगे। बताया कि जन्म प्रमाण पत्र के लिए लिपिक अभय सक्सेना को मोबाइल नंबर 7317410419, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लिपिक निर्मला वर्मा मोबाइल नंगर 9795002716 के अलावा कैम्प कार्यालय के नंबर 6393191918 पर संपर्क किया जा सकता है।

### एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को बताया मतदान का महत्व




**गोला गोकर्णनाथ।** कृषक समाज इंटर कॉलेज का राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर वोट करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम सत्र में छात्र छात्राओं ने श्रमदान किया। द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित ने वोट प्रतिशत को बढ़ाने के गुर बताए। संजीव दीक्षित ने विद्यार्थियों को देश की नि:स्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। संचालन ओमप्रकाश यादव ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार, मनीषा भारती, सत्यवती गौतम आदि मौजूद रहे।

### तमंचा, कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**संसारपुर।** संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने जिझारपुर गन्ना कोल्हू के समीप एक आरोपी को धर दबोचा। उसने अपना नाम हरिओम निवासी ग्राम ढाकनपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 12 बोर, एक कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का है, जिसके विरुद्ध मैलानी थाने पर पूर्व में आबकारी अधिनियम के कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

## आचार संहिता से पहले बीएसए ने बदले बीईओ के कार्यक्षेत्र

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** आचार संहिता लागू होने से पहले ही बीएसए ने कई बीईओ के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया है। वहीं कुछ ब्लॉकों पर रिक्त चल रहे बीईओ के पदों पर गैर जनपद से आए खंड शिक्षा अधिकारियों को इन पर तैनाती दी है।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह को मोहम्मदी, संजीव भारती को पसगवां, रमन सिंह को पलिया, धर्मेश यादव को रमियाबेहड़ को बीईओ बनाया है। वहीं भगवान राव को फूलबेहड़ से मितौली, ह्रदय शंकर लाल श्रीवास्तव को रमियाबेहड़ से नकहा, गंगा प्रसाद गौतम को पसगंवा से नगर क्षेत्र, शत्रुघ्न सरोज को मितौली से जिला मुख्यालय और बृजराज सिंह को पलियाकलां से फूलबेहड़ ब्लाक का बीईओ बनाया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## बाल उद्यान में बच्चों ने रोपे पौधे, मनाई खुशी

- पुलिस लाइन में पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के बच्चों ने बाल उद्यान का किया आरंभ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



पुलिस लाइन स्थित बाल उद्यान में पौधारोपण करते बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पुलिस लाइन स्थित बाल उद्यान का शुभारंभ पुलिस व प्रशासन परिवार के बच्चों ने अपनी नाम पट्टिका के सामने पौधे लगाकर किया। बच्चों ने बाल उद्यान में भिन्न भिन्न प्रकार के पौधे लगाए। गुब्बारे उड़ाकर खुशियां जाहिर की।

पुलिस लाइन परिसर में जेल गेट चौकी के पास बना बाल उद्यान बच्चों के लिए काफी दिव्य व मनोरम है। बाल उद्यान को गमलों, फूलों और अन्य पौधे लगाकर भव्यता से सजाया व संवारा गया है, जो बच्चों को काफी लुभा रहे हैं। डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह की पुत्री मायरा व मिसिका ने क्रिसमस ट्री अपने नाम पट्टिका के सामने लगाया। एसपी गणेश प्रसाद साहा की बेटी आद्या ने क्रिसमस ट्री व पुत्र अथर्व ने एरोकेरिया का पौधा अपनी-अपनी नाम पट्टिका के सामने लगाकर बाल उद्यान का शुभारंभ किया। मौजूद बच्चों ने उद्यान में पाम व मनोकामनी के पौधे भी लगाए। इस दौरान पुलिस परिवार के काफी संख्या में नन्हे मुन्ने छोटे बच्चे मौजूद रहे और उन्होंने भी पौधे लगाए। साथ में मिलकर गुब्बारे आसमान की तरफ छोडकर खुशी जाहिर की। इस दौरान एसपी गणेश प्रसाद साहा, एएसपी पूर्वी पवन गौतम, प्रतिसार निरीक्षक पवन भाटी आदि मौजूद रहे।




## मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली से कुचलकर युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** हाईकोर्ट की सख्ती के बाद में जिले में ट्रैक्टर ट्रालियों का कमर्शियल उपयोग बंद नहीं हो रहा है। मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली ने पीलीभीत बस्ती हाईवे पर गांव पनगी खुर्द के पास पैदल जा रहे 19 वर्षीय वसीम खां उर्फ छोटू निवासी रंगीला नगर को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वसीम खां उर्फ छोटे मजदूरी करता था।

वह शनिवार को ईंट भट्टे पर काम करने के लिए जा रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर मिट्टी खनन से जुड़े लोग पूरे दिन मामले को सुलझाने की जुगत में भिड़े रहे। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान पर की चर्चा




मैलानी में चिंतन-मनन शिविर में नारी शक्ति। ● अमृत विचार

- अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के तत्वाधान में चिंतन- मनन शिविर

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान वाराणसी के तत्वाधान में नारी शक्ति के आवाहन के साथ दो दिवसीय चिंतन मनन शिविर में समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान की चर्चा की गई।

मां सर्वेश्वरी ब्रह्मनिष्ठालय आश्रम में आयोजित दो दिवसीय शिविर में अघोरेश्वर महाप्रभु के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन कर शुरुआत हुई। संस्थान की महिला मंडल शाखा की संगीता सिंह, रुबी सिंह, चिंता ओझा, डॉ. मधु, अनिता कुमारी, रेणु राय ने नारी शक्ति के नेतृत्व में समाज, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के अभूतपूर्व योगदान की चर्चा की। रुबी सिंह ने कहा कि हर घर में महिलाओं को प्रोत्साहित किये जाने की जरूरत है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र हरीश कुमार को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **गंगाराम पुत्र गोधन लाल निवासी ग्राम बुधौली पोस्ट ईंटगांव थाना बिलसंडा तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत।**

सूचना
मैं ज्योति कौर पत्नी अमरिन्दर सिंह, निवासी 32एफ/ए, उमंग, फेज-1, महानगर, बरेली ने अपना नाम बदलकर ज्योति राना से ज्योति कौर कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी सगी पुत्री पलक श्रीवास्तव को गलत संगत में पड़ जाने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई-लेना-देना नहीं होगा। **नीरज कुमार पुत्र स्व. सुन्दर लाल निवासी रामलीला गौटिया, न्यू सिद्धार्थ नगर, सुर्खा छावनी, जिला- बरेली।**

सूचना
मेरे पिता का सही नाम Rai Singh व जन्मतिथी 10-03-1960 है और मेरी माता का सही नाम Kamlesh Devi व जन्मतिथी 05-10-1962 है कृपया मेरे सैन्य अभिलेखों में सही करें। No:15711201X, Hav Kuldeep Singh, 6 Mtn. Div Sig Regt, C/o 56 APO.

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा भाई आरिफ खाँ गलत संगत में पड़ जाने के कारण हम सभी से दुर्व्यवहार करता है तथा उसका चाल-चलन भी ठीक नहीं है। इस कारण हम सभी ने उससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा उससे कोई वास्ता नहीं होगा। **राशिद खाँ, फरानाज़, हुमानाज़ सायमा परवीन, फरीन, फिरोज खान व अलैना पुत्रगण/पुत्रीगण मुसर्फर खां निवासीगण मोहल्ला ग्यासपुर, वार्ड नं. 19, तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# बीडीए और बीयूएमएस की परीक्षा 5 अप्रैल से

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीयूएमएस और बीडीएस की परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 5 अप्रैल से परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीयूएमएस फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड और फाइनल प्रोफेशनल की मेन और सप्लीमेंट्री एग्जाम 5 अप्रैल से 24 अप्रैल तक होगी। इसके अलावा बीडीएस तृतीय और चतुर्थ वर्ष की परीक्षा 5 से 13 अप्रैल तक सुबह 11 से दोपहर 2 बजे की पाली में होगी।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जू.डि.) प्रथम बरेली**

**प्रकीर्णवाद सं. 01/2024**

**(मूलवाद सं. 76/2022)**

महेश कुमार बनाम सतीश प्रकाश आदि सतीश प्रकाश आयु 70 वर्ष पुत्र स्व. श्री रामदुलारे आदि निवासी 145, सिविल लाइन्स, नियाजी कालोनी, निकट सर्किट हाउस चौराहा, बरेली.. प्रतिवादीगण/ आवेदकगण बनाम महेश कुमार पुत्र स्व. श्री श्याम लाल निवासी ग्राम वारी नगला परगना तह. व जिला बरेली..... विपक्षी/वादी

चूंकि मुसम्मी सतीश प्रकाश आदि ने आपके नाम एक नालिश बैनामा निरस्त हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म दिया जाताा है कि आप बतारीख 22.03.2024 असालतन या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वर्ना आपके गैर हाजिर में मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 13.03.2024 मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया है।

**आदेशानुसार-अपर सिविल जज (जू.डि.) प्रथम बरेली**

## सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पति का अपने भाईयों के साथ मुश्तरका मकान 110 हुसैन बाग़ बीच वाली रोड थाना क़िला बरेली में मेरे पति अपने हक का हिस्सा मेरे नाम हिबा जुबानी करके मुझे मालिक दाख़िल काबिज़ बना गये हैं, जिसमें मैं अपने परिवार सहित निवास करती हूँ। मेरा छोटा बेटा मोहम्मद वसीम अन्सारी पुत्र अनीस अहमद गलत सोहबत में पड़ गया है। मेरी मर्जी के ख़िलाफ अपनी मर्जी से एक तलाकशुदा दो बच्चों की माँ से निकाह करना चाहता है। मेरे द्वारा मुखालफत करने पर उसने मेरे उपर हाथ छोड़ा मेरी बेटियों को भी मारा पीटा। वह सुधरने को बिल्कुल तैयार नहीं है। इसलिये मैं अपने पुत्र मोहम्मद वसीम अन्सारी पुत्र अनीस अहमद को आक करती हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार का मोहम्मद वसीम अन्सारी से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। मेरे बाद मेरे मकान मज़कूर में उसका कोई भी हक व हिस्सा नहीं होगा। मेरे जीतेजी वो मेरे मकान पे अगर आया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

**रूखसाना बी पत्नी अनीस अहमद**
**110 हुसैन बाग़ बीच वाली सड़क**
**थाना किला बरेली**

# बदला मौसम तो अपने वतन लौटने लगे मेहमान परिंदे

## सर्दियों में चार माह बर्फीले पहाड़ों से उतरकर दुधवा में करते हैं प्रवास

**रामचंद्र शुक्ला, पलिया कलां**

**अमृत विचारः** दुधवा टाइगर रिजर्व में जलाशयों, तालाबों और गगनचुंबी झुरमुठों से साइबेरिया, मंगोलिया तिब्बत, चीन, नेपाल आदि देशों से आए पक्षियों की अपने वतन को वापसी शुरू हो गई है। गर्मियां शुरू होते ही मेहमान परिंदे लौटने लगे हैं। ये प्रवासी पक्षी अपनी रोमांचक यादें छोड़कर जा रहे हैं।

सर्दियों के मौसम में हर साल प्रवासी पक्षी सपरिवार ऊंचे बर्फीले पहाड़ों से नीचे उतरकर दुधवा राष्ट्रीय अभ्यारण्य के विविध स्वच्छ जल वाले बांके ताल, झादी ताल, ककरहा ताल, पुरैना ताल, नगरा ताल, भादी ताल, मझरा ताल सहित सुहेली, नकौआ आदि नदी-नालों में प्रवास के लिए आते हैं।

इन पक्षियों का डेरा देखकर इनके पास से गुजरने वाले राहगीरों और इनके पास के क्षेत्रों में सैकड़ों पक्षियों का कलरव सुनाई देता है। अपने चार माह के प्रवास काल दौरान रंग-बिरंगे, मनमोहक प्रवासी पक्षी गर्मी बढ़ते ही अब अपने वतन को लौटने लगे हैं। दुधवा का उनके मनोनुकूल स्वच्छंद प्राकृतिक वातावरण, निरापद परिवेश, पर्याप्त भोजन, पानी एवं वेश वृद्धि के लिए उपयुक्त जलवायु उन्हें हर वर्ष यहां आने के लिए आकर्षित करती है। पिछले वर्ष दिसंबर से अप्रैल के पहले सप्ताह तक इन पक्षियों का डेरा रहा। लगातार बदलते मौसम और सूखते तालाबों अधिकतर पक्षी इस बार समय से पहले ही अपने देश लौट गए। अब अगले साल पक्षी फिर आएंगे।



दुधवा के बांके ताल में कलरव करते साइबेरियन पक्षी। ● अमृत विचार

### इन प्रवासी पक्षियों का गूंजता है कलरव

सर्दियों में प्रवासी पक्षी बंगाल फ्लोरिकन, रेड नेक्ड क्रेन, ब्लैकहेड सारस, रेड क्रेस्टेड पोचर्ड, गुलाबी पेलिकन, गैंडवाल, काली पूंछ वाले गार्विट, कई प्रकार के बगुले, जलकौवे, हवाबील सहित दर्जनों प्रजातियों के रंग-बिरंगे प्रवासी पक्षी यहां आकर डेरा डालते हैं।

> विदेशी मेहमान पक्षी हर साल नवंबर से दिसंबर तक आते हैं और मार्च महीने में तपिश शुरू होने से पहले ही विदेशी मेहमान पुन: अपने वतन को वापस लौटने लगते हैं। दुधवा के स्वच्छ आकाश में इन दिनों इन प्रवासी पक्षियों को वापस अपने देश लौटते आसानी से देखा जा सकता है।
> – **विपिन कुमार सैनी**, बायोलॉजिस्ट, दुधवा टाइगर रिजर्व।

## 7 अप्रैल को होगी पीएचडी प्रवेश परीक्षा

**बरेली।** रुहेलखंड विवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा (आरईटी) की तिथि निर्धारित कर दी है। परीक्षा 7 अप्रैल को होगी। इससे पहले 15 से 20 मार्च को परीक्षा की तिथि प्रस्तावित की गई थी। शोध निदेशालय की वेबसाइट पर तिथि अपडेट की गई है। 28 सौ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। बरेली, मेरठ, गाजियाबाद और लखनऊ में केंद्र बनाए जाएंगे। बरेली में करीब 13 सौ छात्र परीक्षा देंगे। शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने बताया कि परीक्षा की तिथि निर्धारित कर दी है। 15 से 20 मार्च की परीक्षा में पर्यवेक्षक नहीं मिल पा रहे थे, क्योंकि आने वाले दिनों में होली की छुट्टी पड़ रही है। इसकी वजह से 7 अप्रैल की तिथि तय की है।

# चौकसी: होली से पहले रेल टिकट दलालों की होगी धरपकड़

● **यात्रियों से दो सौ से तीन सौ रुपये टिकट पर वसूलते हैं दलाल**

**बरेली, अमृत विचार :** होली पर ट्रेनों में टिकट दिलाने के लिए दलाल सक्रिय हो गए हैं। इज्जतनगर और मुरादाबाद रेल मंडल में आरपीएफ की टीमों का गठन किया जा रहा है। इसके अलावा मुख्यालय से मिले आईआरसीटीसी के करीब दो सौ संदिग्ध खातों को भी चिह्नित किया गया है। संदिग्ध खातों से एक महीने में 12 से ज्यादा बार टिकट खरीदे गए हैं, जबकि एक निजी खाते से एक महीने में 12 से ज्यादा बार टिकट बुक नहीं कराए जा सकते हैं। मुख्यालय ने डाटा मंडल को भेजा है, जो खाते संदिग्ध मिले हैं उनमें अधिकतर कैफे संचालकों के हो सकते हैं। यह प्रति टिकट यात्रियों से दो सौ तीन सौ रुपये अधिक वसूलते हैं। इज्जतनगर रेल मंडल आरपीएफ वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ऋषि पाण्डेय ने बताया कि होली से पहले टीमों को सतर्क किया है। जिन खातों के बारे में आईआरसीटीसी से सूचना मिली है उनकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। स्टेशनों पर भी दलालों पर नजर रखी जा रही है।

# कार्यालय नगर निगम बरेली

पत्रांक : 429/एस.टी./मु.क.नि.अधि./2023-24 दिनांक : 16.03.2024

**सम्पत्ति कर विभाग, सर्व साधारण हेतु सूचना।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (1) के अन्तर्गत निम्न सूची में अंकित आवेदनकर्ता के नामान्तरण की कार्यवाही नगर निगम बरेली के सम्पत्ति कर विभाग द्वारा की जा रही है यदि किसी को निम्न आवेदन पत्रों पर कोई आपत्ति है तो प्रकाशन तिथि के एक माह के अन्दर अपनी आपत्ति सम्पत्ति कर विभाग नगर निगम बरेली में प्रमाण सहित प्रेषित करें, निर्धारित अवधि के अन्दर आपत्ति प्राप्त न होने पर आवेदकों का नाम उनके सम्मुख गृह संख्या में अंकित कर दिया जायेगा, निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | एप्लीकेशन | आई.डी. नं. | भवन संख्या | आवेदकों का नाम | नगर निगम अभिलेखों में स्वामियों का नाम | प्रस्तावित नामान्तरण का आधार | भाग | जोन सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | MU20230731122522687 | 015027 | 209 बानखाना | ममता सक्सेना पत्नी स्व. विवेक कुमार | विवेक कुमार पु. स्व. ब्रज किशोर सक्सेना | वारिसान | पूरा भाग | जोन-01 |
| 02 | PM1372223000447 | 077143 | 284 साहूकारा | अलका अग्रवाल पत्नी अनूप अग्रवाल | नरेश कुमार पुत्र स्व. गणेश प्रसाद | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 03 | MU20240111134329430 | 066221 | शून्य छीपी टोला | नथिया पत्नी नब्बूनूर मोहम्मद | छोटे लाल राहेला पुत्र लल्लूमल | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 04 | MU20240130152817730 | 002760 | 42890 पुलकाजी | रामकिशन रस्तोगी पुत्र रामकिशोर रस्तोगी | मो. इदरीश पुत्र नरूलहसन | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 05 | MU20231212133819587 | 139125 | 25 सैदपुर हाकिन्स | पियूष सक्सेना पुत्र स्व. कमलेश कुमार सक्सेना | अध्यासी नाम अंकित नहीं है | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 06 | MU20240119153858887 | 130159 | 758 किला छावनी | रेनू चित्रांशी पत्नी स्व. अखिलेश चित्रांशी | अध्यासी अखिलेश चित्रांश पुत्र स्व. उमेश प्रकाश सक्सेना | वारिसान | पूरा भाग | जोन-01 |
| 07 | - | 069087 | 266/283 कोहाड़ापीर | रचना सक्सेना पत्नी अशोक कुमार सक्सेना | ज्यदयाल पुत्र चरन दास | बैनामा | जुज भाग | जोन-01 |
| 08 | MU20240103115519220 | 7913909 | 60 मेगाड्रीम साई वाटिका | मोहित कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह | पियूष अग्रवाल | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 09 | MU20240130154139210 | 002778 | 40062, पुलकाजी | संजय रस्तोगी पुत्र राम किशन रस्तोगी व अनीता रस्तोगी पत्नी संजय रस्तोगी | सनमुख सिंह पुरी पुत्र प्रेम सिंह | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 10 | MU20240101184413127 | 077001 | 1885 साहूकारा | अन्जू रस्तोगी पत्नी राकेश रस्तोगी, यश रस्तोगी पुत्र राकेश रस्तोगी | श्याम मनोहर | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 11 | - | 003473 | 50/50 जटवारा | श्याम बाबू पुत्र जागन सिंह, कमलेश पत्नी कृष्ण मुरारी, राजेश यादव पुत्र रामसिंह यादव | जागन लाल पुत्र चुन्ने लाल | वारिसान | जुज भाग | जोन-01 |
| 12 | - | 003479 | 52/52 जटवारा | संगीता यादव पत्नी स्व. राकेश यादव, सुनील कुमार पुत्र गंगा सिंह | जागन लाल | वारिसान | जुज भाग | जोन-01 |
| 13 | - | 010618 | 626/612/1/2 | संजीव कुमार रस्तोगी पुत्र रामकिशोर रस्तोगी | रामकिशोर रस्तोगी | वारिसान | जुज भाग | जोन-01 |
| 14 | - | 012399 | 27/28 का जुज इंगलिशगंज | विद्यारानी पत्नी श्याम सुन्दर | चोखे लाल पुत्र हरदयाल | बैनामा | जुज भाग | जोन-01 |
| 15 | MU20240228133329577 | 009729 | 540/534 मलूकपुर | शेख अजहर अली पुत्र मुरसलीम | सरोज अली पुत्र जाकिर अली | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 16 | MU202312121243041147 | 089725 | 599 कश्मीरी कोठी कैम्पस कर्मचारी नगर | अनूपम शर्मा, रूपम शर्मा पुत्री दयानन्द शर्मा | माया शर्मा पत्नी दयानन्द शर्मा | वारिसान | पूरा भाग | जोन-01 |
| 17 | MU20240215173539790 | 7901558 | 159/97 पुलकाजी | गणेश सावंत पुत्र शंकर सावंत | दीनदयाल पुत्र केदारनाथ | बैनामा | पूरा भाग | जोन-01 |
| 18 | MU20230926143700083 | 091793 | 317/ए सैनिक कालोनी | कृष्णावती पत्नी मुनीष कुमार शर्मा | मुनीष कुमार पुत्र स्व. राधेश्याम | वारिसान | पूरा भाग | जोन-03 |
| 19 | MU20240208121736380 | 076363 | एस-3/22 ग्रेटर ग्रीन पार्क | नगेन्द्र कुमार पुत्र श्री सतेन्द्र कुमार | पुष्पा नरायन पत्नी श्री दिलीप नरायन | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 20 | MU20221113175133330 | 7917430 | 209 सेक्टर 7 ग्रेटर ग्रीन पार्क बरेली | अंकित शर्मा पुत्र श्री कैलाश चन्द्र शर्मा | मनोज कुमार पुत्र श्री कालीचरन रजौरिया व श्रीमती स्नेहलता पत्नी श्री मनोज कुमार | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 21 | MU20231209125347083 | 075609 | 991/15 सिंधु नगर | पूजा देवनानी पत्नी श्री विजय देवनानी | ईश्वर दास पुत्र श्री भुगडोमल | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 22 | - | - | 1119-बी संजय नगर | विश्वनाथ कपूर पुत्र श्री रूपकिशोर | विजय रानी | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 23 | - | - | 1119-बी संजय नगर | नरेश कुमार पुत्र श्री मेवा राम | विजय रानी | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 24 | - | - | 1119-बी संजय नगर | आरती पत्नी श्री जयवीर | विजय रानी | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 25 | MU20220914120157273 | 138053 | 291 संजय नगर | शिशुपाल सिंह पुत्र श्री कलियान सिंह | बीना पत्नी श्री रमेश | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 26 | PM1372324000616 | 020205 | 854/762 रोहली टोला | शबाना पत्नी नसीम खां | प्यारे पुत्र लियाकत | वारिसान | पूरा भाग | जोन-03 |
| 27 | - | - | सी.सी.-702 पशुपति बिहार | मोहसिन रजा इदरीसी पुत्र श्री इरशाद हुसैन | कातिब पुत्र श्री आर.डी. अन्सारी | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 28 | - | - | 4042 एजाज नगर गौटिया | जाकिर हुसैन पुत्र फरियाद हुसैन व शबीना बेगम पत्नी जाकिर हुसैन | मो. यामीन अन्सारी | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 29 | - | - | 4010 एजाज नगर गौटिया | नरेश बाबू वर्मा पुत्र श्री रामपाल वर्मा | अजगर अजी पुत्र बुन्दन | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 30 | - | - | 4111 एजाज नगर गौटिया | नरेश बाबू वर्मा पुत्र श्री रामपाल वर्मा | जन्नम अली पुत्र अहमद अली | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 31 | MU20231130145411547 | 006142 | 82 फाईक इन्क्लेव | मो. आरिफ पुत्र रसीद अहमद, मो. फारिक पुत्र मो. आरिफ, मो. फाईक पुत्र मो. आरिफ व श्रीमती आसिफा जमाल पत्नी मो. आरिफ | रामऔतार आहूजा एवं पूनम आहूजा व स्व. श्री सोहन लाल आहूजा | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 32 | MU20220930120130127 | 143813 | 81 सिटी हार्ट | सतीश कुमार हूजा पुत्र श्री टेक चन्द्र हूजा | मनीराज चन्डोक व सन्तोष कुमारी, देवराज चन्डोक व स्व. श्री द्वारिका नाथ चन्डोक | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 33 | MU20231106164822587 | 070708 | 110 सैनिक कालोनी बरेली | मनोज कुमार सक्सेना पुत्र स्व. श्री पूरन लाल सक्सेना | पूरन सिंह कैड पुत्र जय सिंह | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 34 | MU20240215180034520 | 014066 | 960/822 कटरा चांद खां | जयदीप पुत्र श्री बंगाली बाबू व श्रीमती आशा पत्नी श्री जयदीप | चरन दास, अदल खां पुत्र केसर दास | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 35 | MU20230922131702327 | 013805 | 929/807 कटरा चांद खां | वरून सक्सेना पुत्र स्व. श्री प्रदीप कुमार सक्सेना | मैनेजर बजरंग कैमिकल, प्रदीप कुमार सक्सेना पुत्र स्व. भगवान स्वरूप सक्सेना | वारिसान | पूरा भाग | जोन-03 |
| 36 | MU20230826132620660 | 082293 | ए-67 आनन्द बिहार संजय नगर | बी.आर. बुद्धप्रिय पुत्र स्व. मुक्तेश्वर प्रसाद व सुरभि साक्षी पुत्री बी.आर. बुद्धप्रिय व सृष्टि साक्षी पुत्री बी.आर. बुद्धप्रिय | श्रीमती धनमनि आशा पत्नी श्री बी.आर. बुद्धप्रिय | वारिसान | पूरा भाग | जोन-03 |
| 37 | - | 015911 | 48/42 रोहली टोला | श्रीमती प्रतिमा गुप्ता पत्नी स्व. सुशील कुमार गुप्ता | इतवारी लाल पुत्र जमुना प्रसाद | वारिसान | जुज भाग | जोन-03 |
| 38 | - | 7917088 | 0 बीसलपुर रोड, हरूनगला | योगेन्द्र दीक्षित पुत्र श्री रामचन्द्र दीक्षित | अजय कुमार माहेश्वरी पुत्र बल्लभ स्वरूप | बैनामा | जुज भाग | जोन-03 |
| 39 | MU20240108194827863 | 072270 | 229 वीर सांवरकर नगर | रवि कुमार शर्मा, अनिल कुमार शर्मा अजय शर्मा, रेनू शुक्ला पत्नी अनिल कुमार शुक्ला | गिरजा दयाल शर्मा पुत्र स्व. शंकर दयाल शर्मा | वारिसान | पूरा भाग | जोन-03 |
| 40 | - | 005619 | 41 बन्नूवाल नगर | नवीन कुमार अग्रवाल पुत्र श्री करोड़ीमल | शीला पत्नी गुलाब चन्द्र | वारिसान | जुज भाग | जोन-03 |
| 41 | MU20230710164211370 | 003820 | 25/27 कांकर टोला | गुलिस्ता बी पत्नी स्व. तकी उल्ला व तनवीर उल्ला पुत्र श्री स्व. तकी उल्ला | ओम प्रकाश पुत्र हरनारायन, रामबाबू, पुष्पा देवी, उमा देवी | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 42 | MU20230714124033713 | 7915214 | 603 ब्लॉक ए ट्यूलिप ग्राण्ड टावर पीलीभीत बाईपास रोड | अमित कुमार व रश्मि सक्सेना | सुजाता चौधरी पत्नी श्री दीपक चौधरी व दीपक चौधरी पुत्र स्व. श्री ओमप्रकाश चौधरी | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 43 | PM1372223000440 | 034191 | 187 ग्रीन पार्क कालोनी, हरूनगला | अर्चना जायसवाल पत्नी स्व. सुरेश चन्द्र जायसवाल | सुरेश चन्द्र जायसवाल पुत्र स्व. कालीचरन जायसवाल | वारिसान | पूरा भाग | जोन-03 |
| 44 | MU20231102130850030 | 082909 | 59 मुंशीनगर | विमल कुमार पुत्र श्री महेश कुमार | लालाराम यादव पुत्र श्री मल्लू सिंह | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 45 | MU20240214145731770 | 075108 | 31-जे.ऐ.एन. मिथिलापुरी | आरती कपूर पत्नी पवन कपूर | श्रीमती प्रभा शर्मा पत्नी श्री सुरेश चन्द्र शर्मा | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 46 | MU20230520191337933 | 086382 | 43071 राधाकुंज हरूनगला | श्री अरूण जायसवाल पुत्र श्री गंगासहाय | श्रीमती ममता जायसवाल पत्नी श्री अनूप जायसवाल | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 47 | MU20240214145731770 | 075108 | 31-JAN मिथिलापुरी अवध विहार | आरती कपूर पत्नी श्री पवन कपूर | श्रीमती प्रभा शर्मा पत्नी श्री सुरेश चन्द्र शर्मा | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 48 | MU20230810142529397 | 141868 | 543 तुलाशेरपुर | श्री महेन्द्र पाल पुत्र श्री गंगाराम | अध्यासी नन्कू लाल पुत्र श्री भीमसेन | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |
| 49 | MU20240212190623193 | 072635 | 33 वीर सांवरकर नगर | विनीत सक्सेना पुत्र स्व. श्री वेद प्रकाश सक्सेना | विशाल सक्सेना एवं श्री विनीत सक्सेना | बैनामा | पूरा भाग | जोन-03 |

**मुख्य कर निर्धारण अधिकारी**
**नगर निगम, बरेली।**

# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, शाहजहांपुर

पत्रांक : सी-1500/जिकाअ/आं.बा.चयन-विज्ञप्ति/2023-24 दिनांक : 15 मार्च 2024

**संशोधित विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या-19/2023/3075/58-1-2022-2/1 (22) 10 दी.मी.दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद शाहजहाँपुर के शहरी/ग्रामीण पपिक्षेत्रों में संचालित विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती की प्रक्रिया के अन्तर्गत विभागीय वेब साइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। परियोजनावार रिक्त पदों का वार्डवार/ग्राम पंचायतवार विवरण निम्नवत् है :-

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | ग्रामीण/शहरी | कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | खुदागंज | ग्रामीण | 04 |
| 2. | मिर्जापुर | ग्रामीण | 06 |
| 3. | सिंधौली | ग्रामीण | 09 |
| 4. | ददरौल | ग्रामीण/शहरी | 09 |
| 5. | निगोही | ग्रामीण/शहरी | 09 |
| 6. | जैतीपुर | ग्रामीण | 13 |
| 7. | खुटार | ग्रामीण | 14 |
| 8. | जलालाबाद | ग्रामीण/शहरी | 13 |
| 9. | कलान | ग्रामीण/शहरी | 15 |
| 10. | बण्डा | ग्रामीण/शहरी | 28 |
| 11. | पुवायां | ग्रामीण/शहरी | 29 |
| 12. | मदनापुर | ग्रामीण | 30 |
| 13. | कांट | ग्रामीण/शहरी | 32 |
| 14. | भावलखेड़ा | ग्रामीण/शहरी | 47 |
| 15. | तिलहर | ग्रामीण/शहरी | 41 |
| 16. | शहर | शहरी | 53 |
| | योग | | 342 |

उपरोक्त पदों का ग्राम पंचायतवार/वार्डवार विवरण, आरक्षण स्थिति का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

**विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु दिशा-निर्देश :-**

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम पंचायत की स्थाई निवासी एवं ग्राम पंचायत में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु पोर्टल पर निर्धारित कट ऑफ डेट के अनुसार न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथि 06 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि 12:00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पोर्टल पर उपलब्ध रिक्तियों एवं कार्यालय से निर्गत रिक्तियों/विवरण में भिन्नता पाये जाने पर कार्यालय से निर्गत विज्ञप्ति में अंकित रिक्तियां/विवरण ही मान्या होगा। पोर्टल पर आवेदन में आ रही किसी समस्या के निदान हेतु पोर्टल पर उपलब्ध टोल फ्री नम्बर 18001375678 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**जिला कार्यक्रम अधिकारी,**
**शाहजहाँपुर**

# कार्यालय ग्राम पंचायत विशेषरपुर, विकास खंड भदपुरा, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विशेषरपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा एवं ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 17.03.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 17.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | श्यामा चरन के घर से पप्पू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 128 मी. | 5,23,902.00 |

**नत्थो देवी प्रधान 9758926511** | **काशीराम रोजगार सेवक 6398616349** | **अमित कुमार सचिव 9411987035**

# कार्यालय ग्राम पंचायत बिशीरम्पुरा, विकास खंड भदपुरा, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत विशीरम्पुरा की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा एवं ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 17.03.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 17.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | उमाचरन के घर से उदयराज के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 82 मी. | 3,68,905.00 |

**शिशुपाल प्रधान 9759797382** | **काशीराम रोजगार सेवक 6398616349** | **अमित कुमार सचिव 9411987035**

# कार्यालय ग्राम पंचायत चडारी, वि. खं. सिंधौली, शाहजहाँपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को इस अल्पकालीन निविदा हेतु सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चडारी की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचम वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/एम.बी.एम.(ग्रा.)/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य मद के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएं दि. 18.03.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन दि. 18.03.2024 को ग्राम पंचायत अध्यक्ष ग्राम प्रधान महोदय के समक्ष 1:00 बजे खोली जाएंगी। विवरण निम्नवत है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मोहरपाल के घर से जूनियर हाईस्कूल तक इन्टरलॉकिंग कार्य। | 55 मीटर | 200000 |

**नियम एवं शर्तें**

1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नंबर जीएसटी नंबर की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे।
2. समस्त सामग्री ग्रामीण अभियंत्रण विभाग/पीडब्ल्यूडी के मानक के अनुसार आपूर्ति की जाएगी।
3. निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी जिसका कोई भाड़ा या टैक्स देय नहीं होगा।
4. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा बिना पूर्व सूचना के निविदा निरस्त की जा सकती है।

**भानु प्रताप सिंह ग्राम प्रधान** | **रंजीत पटेल सचिव**

# कार्यालय ग्राम पंचायत धनौर जागीर, विकास खंड भदपुरा, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धनौर जागीर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा एवं ग्राम निधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें ईंट, सीमेन्ट, मौरंग, बजरी, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 17.03.2024 से दिनांक 18.03.2024 अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 18.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत धनौर जागीर में समुदाय के लिये खाद्यान्न भंडारण भवन निर्माण कार्य | 8.759 लाख |

**ग्राम प्रधान-अनीता देवी** | **सचिव-उमेश कुमार**

# कार्यालय ग्राम पंचायत पचपेड़ा, वि. खं. सिंधौली, शाहजहाँपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को इस अल्पकालीन निविदा हेतु सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पचपेड़ा की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचम वित्त आयोग/केंद्रीय वित्त आयोग/मनरेगा/एम.बी.एम.(ग्रा.)/ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन तथा अन्य मद के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष ग्राम पंचायत में निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएं दि. 18.03.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो उसी दिन दि. 18.03.2024 को ग्राम पंचायत अध्यक्ष ग्राम प्रधान महोदय के समक्ष 1:00 बजे खोली जाएंगी। विवरण निम्नवत है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रा. विद्यालय से जगत प्रसाद के घर तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 100 मीटर | 400000 |

**नियम एवं शर्तें**

1. निविदादाता निविदा के साथ पैन नंबर जीएसटी नंबर की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करेंगे।
2. समस्त सामग्री ग्रामीण अभियंत्रण विभाग/पीडब्ल्यूडी के मानक के अनुसार आपूर्ति की जाएगी।
3. निविदादाताओं को सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी जिसका कोई भाड़ा या टैक्स देय नहीं होगा।
4. किसी भी समय ग्राम पंचायत द्वारा बिना पूर्व सूचना के निविदा निरस्त की जा सकती है।

**प्रीति कश्यप ग्राम प्रधान** | **अखिलेश गौतम सचिव**

**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में



## किस राज्य में कब होंगे चुनाव

### पहला चरण

**21** राज्यों की **102** सीटों के लिए चुनाव होगा

**20** मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**19** अप्रैल को मतदान होगा।

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी।

### दूसरा चरण

**13** राज्यों की **89** सीटों के लिए चुनाव होगा

**28** मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**26** अप्रैल को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### तीसरा चरण

**12** राज्यों की **94** सीटों के लिए चुनाव होगा

**12** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**7** मई को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर नागर हवेली और दमन दीव।

### चौथा चरण

**10** राज्यों की **96** सीटों के लिए चुनाव होगा

**18** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**13** मई को मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### पांचवां चरण

**8** राज्यों की **49** सीटों के लिए चुनाव होगा

**26** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**20** मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख।

### छठा चरण

**7** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**29** अप्रैल गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**25** मई को मतदान होगा।

बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदान होगा।

### सातवां चरण

**8** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**7** मई को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।


**1** जून को मतदान होगा।

बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़।

# यूपी के रेड कार्पेट पर भाजपा को चुभेंगे इंडिया गठबंधन के कांटे?

***उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों की बदौलत 80 में से 80 सीट जीतने का दावा कर रही है। राम मंदिर के निर्माण से उपजा माहौल, रालोद का साथ व लाभार्थियों की बड़ी संख्या भाजपा की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन की रणनीति व बसपा की चुनावी बिसात से भाजपा को कड़ी चुनौती मिलने वाली है। ऐसे में प्रदेश के रेड कार्पेट पर भी उसे इंडिया गठबंधन के कांटे चुभेंगे। वरिष्ठ संवाददाता सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...***

लखनऊ कार्यालय, अमृत विचार



कहते हैं कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। प्रदेश में सर्वाधिक अस्सी सीटों में जिसकी जीत दिल्ली की कुर्सी उस दल के हाथ में। वर्तमान समय में कांग्रेस के पास मात्र एक सीट व सपा के पास पांच सीटें हैं।कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन छह सीटों पर सिमटा हुआ है।बसपा के पास दस सीटें हैं। सपा से समझौते में कांग्रेस को मात्र सत्रह सीटें मिली हैं। कांगेस वे सभी सीटें 21 सीटें चाहती है। जिसमें उसने 2009 में जीत हासिल की थी।उस समय कांग्रेस को 18.2 प्रतिशत वोट मिले थे।जब सपा का भी साथ नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

2019 के चुनाव में कुर्मी मतदाता जहां यहां पर भाजपा के खेमे में दिखाई पड़ रहे थे। अब समाजवादी पार्टी के खेमें में नजर आ रहे हैं। सुल्तानपुर में मेनका गांधी को लेकर भाजपा का उहापोह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही स्थिति कैसरगंज को लेकर है। श्रावस्ती में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बदले हैं। बहराइच में भी लड़ाई आसान नहीं है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति और मतदाताओं के ध्रुवीकरण को लेकर भाजपा की उम्मीदें बड़ी हैं।




## भाजपा के गढ़ को भेदने में सक्षम सपा-कांग्रेस गठबंधन!

● सुरेश पाण्डेय, बरेली

**अमृत विचार:** सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने बरेली में भाजपा का विजयरथ रोकने के लिए तैयारी की है, उनकी तैयारी कितनी कारगर होगी यह तो रिजल्ट बताएगा लेकिन आंकड़ों पर गौर करें वर्ष 1989 से इस सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष गंगवार को हराकर भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीतते आ रही डोर में गांठ डाल दी।

इस बार अभी तक भाजपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है लेकिन भाजपा के गढ़ में समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ पहली बार हुए गठबंधन के आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ना तय माना जा रहा है। सपा और कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा भाजपा के मजबूत संगठन के आगे कई मायने में कमजोर माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के अंदर नेताओं के बीच खींचतान जगजाहिर है। सम्मेलनों में मारपीट, कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और अनुशासन की कमी सपा नेताओं को एकजुट करने में बड़ी बाधा है और इसे सपा के नेता भी स्वीकार करते हैं। यह भी संभव है कि जनता इस बार नया नेता चुनना चाहती हो। विधानसभा में उसके विधायक ज्यादा है। जिले की बात करें तो नौ विधानसभा में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। जबकि सपा के भोजीपुरा और बहेड़ी से दो विधायक हैं। नगर निगम में सपा के मौजूदा समय 14 पार्षद हैं। इनमें 13 जीतकर आए और एक निर्दलीय लड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस के तीन पार्षद हैं। निगम में भी ज्यादातर पार्षदों का रूख सत्तापक्ष के निर्णयों में हां में हां मिलाना रहता है। नगर निगम के पिछले बोर्ड में सपा के 28 पार्षद थे तीन अन्य ने सपा ज्वाइन की थी। अनुशासनहीनता और कमजोर सांगठनिक क्षमता के बल पर सपा- कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा मेहनत की जरूरत है।


### दिल्ली–लखनऊ पर बरेली की बराबर की नजर

देश व प्रदेश की राजधानी के बीच नाथनगरी बरेली लोकसभा सीट अहमियत रखती है। अभी तक मजबूत सीट के रूप में मानी जा रही भाजपा की बरेली सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है लेकिन हर चुनाव में जीतने के लिए हर प्रत्याशी को पसीना बहाना पड़ता है। जीत के प्रति निश्चिंतता और जीतने के लिए भी सभी प्रत्याशी गांव की खाक छानते हैं। बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें बरेली कैंट, शहर, नवाबगंज, मीरगंज विधानसभा में भाजपा विधायक हैं। भोजीपुरा विधायक कौन सी करवट लेते हैं। राज्य सभा चुनाव और उसके पहले भी हुए चुनाव में सपा के भोजीपुरा विधायक का वोट अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं जाना सपा की बैठकों में नहीं आने आदि मामले इसके पीछे उदाहरण बने हैं। सपा –कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की भी क्षेत्र के हर वर्ग की जनता पर पकड़ है। इस बार अभी तक बसपा और भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ तो गठबंधन प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपना संपर्क बढ़ा रहे हैं।

### सपा और बसपा गठबंधन भी भाजपा के किले को नहीं ढहा सका

2019 में सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने भाजपा प्रत्याशी से टक्कर ली थी। उन्हें 3 लाख 97 हजार 988 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस से लड़े प्रवीण सिंह ऐरन को 74 हजार 206 वोट मिले। 2014 में सपा की आयशा इस्लाम को 2 लाख 77 हजार 573 वोट मिले। बसपा के उमेश गौतम को एक लाख 6 हजार 49 तो कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को 84 हजार 213 वोट ही मिले। इसके पहले 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को सर्वाधिक 2 लाख 20 हजार 976 वोट मिले। यह कुल वोटों का 31 .31 फीसदी था। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 29 .99 फीसदी वोट यानि 2 लाख 11 हजार 638 वोट मिले थे। बसपा के इस्लाम साबिर को एक लाख 81 हजार 996 और सपा के भगवत सरन को 73 हजार 549 वोट ही मिले थे।

## 97 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता मतदान में हिस्सा लें: सीईसी



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि 97 करोड़ से अधिक मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं और सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश भर में 10 .5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी थे। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं और मैं मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने का अनुरोध करता हूं। उनका कहना था, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। कुमार ने कहा कि आयोग राष्ट्रीय चुनाव को इस तरह से कराने का वादा करता है जिससे विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा, सभी राज्यों में स्थिति का आकलन करने के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं।

## 26 विस क्षेत्र में होंगे उप चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों के 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराए जाएं।

इन क्षेत्रों में मतदान लोकसभा के चुनाव के साथ होगा। ये विधानसभा क्षेत्र 13 राज्यों में हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के छह, गुजरात के पांच, उत्तर प्रदेश के चार, पश्चिम बंगाल के दो और हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के दादरौल, लखनऊ पूर्व, गैनसारी और दुधी विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के भगवाल गोला और बारानगर विधानसभा, तेलंगाना के सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होगा।

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुरक्षा चिंताओं के कारण लोकसभा चुनाव के बाद कराए जाएंगे, क्योंकि दोनों चुनाव एक साथ कराना अव्यावहारिक प्रतीत होता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा।

### दिल्ली की सभी सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान

दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी और नाम वापसी के लिए 9 मई तारीख तय की गई है। मतदान 25 अप्रैल को होगा और 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र हैं। जिनमें सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लेकिन इस बार 6 सीटों में भाजपा हाई कमान ने वर्तमान सांसदों के टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

## उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए भाजपा में शीर्ष मंथन जारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

● **बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, कैसरगंज, पीलीभीत, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ पर सर्वाधिक चर्चा**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित करने में भाजपा हाई कमान को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। केंद्रीय चुनाव समिति के कई सदस्य अलग-अलग सीटों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसलिए अभी तक कोई भी नाम तय नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, इलाहाबाद, कैसरगंज, रायबरेली, मैनपुरी, भदोही सीट में सबसे ज्यादा मंथन हो रहा है। पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कई नेताओं के पास उक्त सीटों के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। दूसरी सूची में उप्र की बची हुई सीट से कोई नाम घोषित न होने के बाद 24 सीटों के दावेदारों में बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा के जिन सांसदों के टिकट पर रोक लगी है उनमें मेनका, संतोष गंगवार, सत्यदेव पचौरी, वरुण, रीता बहुगुणा, जनरल वीके सिंह, बृजभूषण सिंह एवं सतीश गौतम मुख्य हैं।

24 सीटों के लिए पार्टी हाई कमान ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बैजयंत जय पांडा से योग्य उम्मीदवारों के नाम मांगे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से सलाह मशविरा करने के बाद एक सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी है। इन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर सुधा यादव ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दी है। रिपोर्ट की एक कॉपी संगठन महासचिव संतोष को भी दी गई है। यह चारों नेता चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संसदीय क्षेत्र उप्र में आता है, इसलिए अंतिम फैसला उनकी मौजूदगी में ही होगा। शायद यही वजह है कि अभी तक किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी किसी भी नाम का खुलासा नहीं हो पा रहा है और टिकट के दावेदार उक्त नेताओं के यहां डेरा डाले हुए हैं। रायबरेली एवं मैनपुरी से चुनाव समिति किसी बड़े नेता को उम्मीदवार बनाना चाहती है। भाजपा की तीसरी सूची 17 या 18 तक आ जाएगी। पहली सूची में उप्र के 51 उम्मीदवार घोषित किए थे। मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, घोसी, बिजनौर एवं बागपत की पांच सीटें भाजपा के तीन सहयोगी दलों को दी गई है।

### 15 बड़ी सीटों पर कब होगा मतदान

- **वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट, यहां 1 जून को सबसे आखिरी चरण में मतदान
- **गांधीनगर:** गृह मंत्री अमित शाह की सीट, यहां 7 मई को मतदान
- **वायनाड:** राहुल गांधी की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **अमेठी:** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **विदिशा:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **तिरुवनंतपुरम:** यहां से कांग्रेस के मौजूदा सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **गुना:** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **करनाल:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 25 मई को मतदान
- **हरिद्वार:** उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां से मैदान में, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **नागपुर:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **मुंबई उत्तर:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार इसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 20 मई को मतदान
- **कोटा:** निवर्तमान लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **हमीरपुर:** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट, यहां 1 जून को मतदान
- **उत्तर पूर्व दिल्ली:** भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की सीट, यहां 25 मई को मतदान

**क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना हुआ उछाल, 39 से 458 हुए क्षेत्रीय दल, 1951 की 14 में से केवल दो दलों का आजतक कायम है अस्तित्व**

## अपनी तासीर भी नहीं बची 12 राष्ट्रीय पार्टियों की, चार का हुआ प्रादुर्भाव

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** 1951 से 2019 तक 17 बार लोकसभा का आम चुनाव हो चुका है। 18वीं बार होने जा रहा है। राष्ट्रीय दल शेयर मार्केट की तरह धराशायी होते गए और क्षेत्रीय दलों का शेयर मार्केट कई गुना बढ़ गया। पहले लोकसभा चुनाव में 14 नेशनल पार्टियों व 39 क्षेत्रीय दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोकसभा की कुल 489 सीटों पर अपने कंडीटेट उतारे थे। लेकिन 2014 तक आते आते नेशनल पार्टियों की संख्या घट कर छह रह गई। इसमें 1951 की 14 में से केवल दो दल ही आज के समय में दिख रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ और इनकी संख्या 39 की जगह 458 हो गई।

पहले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में मात्र 489 सीटें ही थीं। पूरे देश में 17 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता थे। इनमें कुल 44.89 प्रतिशत यानि 105950083 मतदाताओं ने ही वोट डाला था। पहले चुनाव में कुल 1874 कंडीडेट मैदान में थे। इनमें से नेशनल पार्टी भारतीय जनसंघ के 94, बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया का एक, सीपीआई के 49, एफबीएल मार्कसवादी ग्रुप के 22, एफबीएल(आरजी) के 6, हिंदू महासभा के 31, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 479, केएलपी के 29, किसान मजदूर प्रजा पार्टी के 145, आरसीपीआई के 2, आरआरपी के 61, एसएसपी के 9, एससीएफ के 35 तथा सोसलिस्ट पार्टी के 254 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं क्षेत्रीय 39 क्षेत्रीय दलों के 134 तथा निर्दल के 533 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। सभी 14 राष्ट्रीय पार्टियों के 1217 उम्मीदवारों में 418 ने जीत दर्ज की थी, जबकि क्षेत्रीय दलों ने कुल 34 सीटें जीती थीं। इससे अधिक 37 उम्मीदवार निर्दल के थे जिन्होंने जीत दर्ज की थी।

राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस व सीपीआई को छोड़कर सभी 12 दलों की तासीर तक नहीं बची। अब हम 2014 व 2019 की बात करें तो मौजूदा समय भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, एनसीपी व आप ही नेशनल कटेगरी में शामिल हैं। क्षेत्रीय दलों की संख्या में जबर्दस्त उछाल आया है। मौजूदा समय 458 से अधिक क्षेत्रीय दल हैं जिनका आम लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद व पंचायत के चुनावों में दखल बढ़ा है। जिस तरह इन दलों का वजूद बढ़ा है उसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। मौजूदा समय 543 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और लड़ने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 के आम चुनाव में पूरे देश में 8251 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2014 में एक सीट पर तीन कंडीडेट से लेकर 30 कंडीडेट ने अपना दावा ठोंका था। कुल मिला कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बीच-बीच कई अन्य दलों का उद्भव हुआ और उनका अवसान भी हो गया। लेकिन आज केवल उनके नाम बचे हैं जिनके बारे में उम्रदराज लोग ही जानते होंगे।

### 2024 में राष्ट्रीय पार्टी

- आम आदमी पार्टी
- भारतीय जनता पार्टी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी
- बहुजन समाज पार्टी

### 1951 में राष्ट्रीय दल

- भारतीय जनसंघ
- कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया
- फारवर्ड ब्लाक मार्कसवादी ग्रुप
- फारवर्ड ब्लाक (रुइकर ग्रुप)
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा
- कृषिकर लोक पार्टी
- किसान मजदूर प्रजा पार्टी
- रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- अखिल भारतीय रामराज्य परिषद
- रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी
- आल इंडिया शिड्यूलकास्ट फेडरेशन
- सोसलिस्ट पार्टी

# देश को विकसित बनाने के लिए राह दिखाएंगे 11 विश्वविद्यालय

## रुहेलखंड विवि, बरेली और लखनऊ व कानपुर शामिल

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने के लिए शासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा। लखनऊ समेत प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों को सम्मिलित सवा सौ करोड़ की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से विशेषज्ञ और छात्र मिलकर शोध और नवाचार करेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकारें विकसित भारत की तस्वीर को साकार करना चाहती है। इसके लिए शासन ने अध्ययन के क्षेत्र में शोध और बदलाव का सहारा लिया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय सहित 11 विवि को जिम्मेदारी दी गई है। इन विवि के विशेषज्ञ शोधार्थियों के साथ मिलकर शोध और नवाचार लाएंगे।

**संत परंपरा से सांस्कृति विरासत तक पर रहेगा फोकस :** उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विवि के प्रवक्ता डॉ. गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि शोध और नवाचार के रूप में भारतीय संत परंपरा को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत संस्कृति से जुड़ी पुरानी पद्धतियों को छात्रों के समक्ष लाया जाएगा। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि की डॉ. पूनम चौधरी ने कहा कि उप्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांस्कृतिक विरासत को आगे लाना आवश्यक है। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि बरेली की डॉ. छवि शर्मा का मानना है कि नई तकनीकी ही गांव के विकास को आगे बढ़ा सकती है। जो शोध किये जाएंगे, उसके आधार पर किताबें प्रकाशित होंगी। इसके सहारे छात्रों को कुछ नया करने और सीखने में मदद मिलेगी। प्रदेश के 11 विश्वविद्यालयों में प्रकाशित पुस्तकें हस्तांतरित किये जाने के निर्देश मिले हैं। शोध में मशीनों का आधुनिकीकरण, प्लास्टिक मेटेरियल का निस्तारण, स्वास्थ्य, बच्चों से जुड़ी बीमारियों को प्रमुख रूप से शामिल किया गया है। शोध में निकले परिणाम से संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। ताकि इनका प्रयोग कर होने वाली दिक्कतों को कम किया जा सके।

### इन विवि को किया गया है सम्मिलित

संयुक्त सचिव प्रेम कुमार पाण्डेय की ओर से जारी किये गए आदेश में प्रदेश के 11 विवि सम्मिलित किये गए हैं। इसमें लखनऊ विवि, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विवि बरेली, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ, डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि आगरा, सिद्धार्थ विवि कपिल वस्तु सिद्धार्थनगर, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर, दीनदयाल उपाध्याय विवि गोरखपुर, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि अयोध्या, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि लखनऊ, उप्र राजर्षि टण्डन मुक्त विवि प्रयागराज और छत्रपति साहूजी महाराज विवि कानपुर सम्मिलित हैं।

# यूपी विधानसभा की चार सीटों पर भी होगा उपचुनाव

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विधानसभा की चारों रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव भी घोषित हो गया है। इन चारों सीटों के लिए मतदान लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे। लखनऊ पूर्व में 20 मई को मतदान होगा, जबकि ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई व दुद्धी में एक जून को मतदान होगा। लखनऊ पूर्व विस सीट भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन की मृत्यु हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां का उपचुनाव पांचवें चरण के साथ होगा। शाहजहांपुर जनपद की ददरौल सीट भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह की मृत्यु को हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां पर चौथे चरण के साथ यानी 13 मई को वोट डाले जाएंगे। बलरामपुर जिले की गैसड़ी विस सीट सपा के डा. शिव प्रताप यादव की मृत्यु के कारण रिक्त है। यहां का उपचुनाव 25 मई को होगा। सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट भाजपा विधायक राम दुलार को न्यायालय से 25 वर्ष की सजा सुनाए जाने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यहां का उपचुनाव सातवें चरण के साथ होगा।

# शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने में जुटी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नए आवेदनकर्ताओं को लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड उपलब्ध कराए जाने का आदेश

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने अधिकारियों को शत प्रतिशत फैमिली आईडी कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया है। लोगों को कार्ड उपलब्ध कराए जाने के लिए समस्त जिलाधिकारियों को धनराशि भी हस्तांतरित की जा चुकी है।नए आवेदनकर्ताओं को लैमिनेटेड फैमिली आईडी कार्ड देना है।




राशनकार्ड धारकों के लिए उनका राशनकार्ड नंबर ही फैमिली आईडी है। इसके तहत 3.57 करोड़ परिवार और 14.88 करोड़ सदस्य हैं। वहीं गैर राशनकार्ड धारकों के लिए फैमिली आईडी पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसमंए अभी तक कुल 2,26,574 आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के लिए सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से कॉलिंग एवं डीपीओ द्वारा सत्यापन कर 32 हजार संभावित लाभार्थियों की पहचान की गई है। राशन कार्ड से वंचित 16 लाख पेंशन धारकों का सत्यापन कर राशन कार्ड से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची राशन कार्ड विभाग के साथ साझा की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के 3.37 लाख एकल सदस्य परिवार (वृद्धजन) का सत्यापन कर वृद्धावस्था पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची साझा की गई है। जबकि 50 वर्ष से अधिक आयु के 2.14 लाख एकल सदस्य परिवार (निराश्रित महिला) का सत्यापन कर निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित करने के लिए संभावित लाभार्थियों की सूची साझा की गई है। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी से राजस्व विभाग की सेवाओं का भी सरलीकरण किया गया है। इसके तहत परिवार से किसी सदस्य का जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी होने के बाद फैमिली आईडी डेटाबेस के उपयोग से अन्य सदस्यों के जाति या निवास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया आसान हुई है।

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म के मामले में मुंहबोले चाचा को उम्रकैद

मथुरा,एजेंसी : मथुरा की एक अदालत ने तीन महीने के कार्य दिवस के अन्दर ही दुष्कर्म के एक प्रकरण में फैसला देते हुए आरोपी मुंहबोले पड़ोसी चाचा को उम्रकैद के साथ साथ 52 हजार रूपए का अर्थदण्ड देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार महावन थाना क्षेत्र के एक पीड़ित ने पुलिस को दिए शिकायती-पत्र में बताया कि 24 सितंबर 2023 को रात साढ़े आठ बजे उसकी आठ वर्षीया बेटी पुराने घर से नए घर की तरफ आ रही थी। रास्ते में एक पार्क के कमरे में लहुलूहान हालत में बेहोश मिली। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद मुंहबोले पड़ोसी चाचा रंजीत को गिरफ्तार कर आरोप-पत्र अदालत में पेश किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट रामकिशोर की अदालत ने बुधवार को आरोपित रंजित पर दोष सिद्ध कर दिया था। स्पेशल डीजीसी श्रीमती अलका उपमन्यु ने बताया कि शुक्रवार को अदालत ने मुंह बोले पड़ोसी चाचा रंजीत को पोक्सो अधिनियम की धारा - 6 के तहत पचास हजार अर्थदंड और आजीवन कारावास की सजा तथा धारा 506 में 2 वर्ष की सजा व दो हजार का अर्थदंड लगाया है। अभियुक्त रंजीत को आजीवन कारावास के साथ उस पर कुल अर्थ दंड 52 हजार रुपए का लगाया गया है। सजा का ऐलान होते ही कोर्ट ने अभियुक्त रंजीत को जेल भेज दिया।

### विकास की गति नियोजित होना आवश्यक

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कृषि योग्य भूमि पर बूचड़खाना स्थापित करने की अनुमति मांगने के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि पिछले 4 दशकों में लगभग सभी बड़े शहरों में अनियोजित विकास हुआ है। 21वीं सदी में अवैध और अनधिकृत निर्माणों और अतिक्रमणों के खतरे ने विकराल रूप धारण कर लिया है और हर किसी को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। क्षेत्रीय योजना के अनुसार निर्माण करने के लिए पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है।उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने एम/एस तान्या मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड की याचिका को खारिज करते हुए की। याची की फैक्ट्री अलीपुर, जिजवाना, हापुड़ रोड, मेरठ में स्थित है। कोर्ट ने आगे कहा कि याची को निर्माण करने से पहले वर्ष 2013 में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन करना चाहिए था और निवेश करने से पहले मानचित्र स्वीकृत करवाना चाहिए था। दरअसल याची ने कृषि योग्य भूमि पर बूचड़खाना स्थापित करने के अनुमति मांगी थी। ऐसी व्यावसायिक गतिविधि के लिए सड़क की चौड़ाई पर ध्यान देना आवश्यक होता है, जो वर्तमान मामले में नहीं दिया गया। अत: याचिका खारिज कर दी गई।

### मूल्यांकन शुरू होते ही बीमार पड़ने लगे गुरु जी

**लखनऊ, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को शुरू हो गया। राजधानी सहित प्रदेश भर में 259 केन्द्रों पर मूल्यांकन के लिए 1.5 लाख परीक्षक लगाए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थनापत्र डीआईओएस कार्यालय पहुंचे हैं, लेकिन ज्यादातर प्रार्थनापत्रों में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं है। इससे डीआईओएस अवकाश स्वीकृत करने से इनकार कर दिया। शिक्षक ड्यूटी न करने के लिए इधर-उधर से सिफारिश लगा रहे हैं। लखनऊ के अलावा कानपुर, मुरादाबाद, बरेली, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, सीतापुर, कन्नौज, अमेठी, बलरामपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, गोंडा, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, अंबेडकर नगर, हमीरपुर कई जनपद के डीआईओएस को भी मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र मिले हैं। डीआईओएस का कहना है कि जिसमें सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगी है, वह प्रार्थनापत्र निरस्त किए जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को कड़ी निगरानी के बीच गोपनीय तरीके से शुरू हुआ है। इसमें शिक्षकों के अवकाश रद्द करने के निर्देश हैं। विशेष परिस्थिति में ही अवकाश तभी दिया जायेगा जब सीएमओ की र रिपोर्ट होगी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 31 मार्च तक चलेगा। इस बीच तीन अवकाश भी पड़ रहे हैं। ऐसे में 13 दिनों में 3.1 करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन होना है। ऐसे में अगर मूल्यांकन के समय में पर शिक्षक किसी भी तरह से अवकाश पर जाते हैं तो मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा मामले में एक डॉक्टर गिरफ्तार

संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने शनिवार को एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया। एसटीएफ द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बिहार के डॉ. शुभम मंडल को एसटीएफ की मेरठ इकाई ने पकड़ा है। बयान में कहा गया कि मंडल उस आरोपी गिरोह का हिस्सा था जिसने अहमदाबाद के एक गोदाम में रखे परीक्षा प्रश्नपत्र को लीक किया था।

मंडल को मेरठ की एसटीएफ इकाई ने बुलाया था और पूछताछ के बाद उसने उसे गिरफ्तार कर लिया । यह गिरफ्तारी पुलिस द्वारा तीन साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी की घोषणा के एक दिन बाद हुई, जो प्रश्नपत्रों की ढुलाई करने वाली कंपनी के पूर्व कर्मचारी थे। तीनों ने कंपनी के कुछ मौजूदा कर्मचारियों के साथ मिलकर फरवरी के पहले सप्ताह में भर्ती के प्रश्नपत्र को लीक करने के काम को अंजाम दिया था । जांच के दौरान पाया गया कि प्रश्न पत्र तब लीक हुआ था जब इसे एक प्रिंटिंग प्रेस से स्ट्रॉन्ग रूम में ले जाया जा रहा था और इसे गुजरात के अहमदाबाद में एक गोदाम में रखा गया था। पुलिस के अनुसार मंडल सरकारी भर्ती परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने वाले एक गिरोह का सदस्य था। पुलिस के मुताबिक इस मामले में गिरफ्तार लोगों की संख्या अब 55 हो गयी है। राज्य में 17 और 18 फरवरी को आयोजित कांस्टेबल भर्ती की परीक्षा रद करनी पड़ी क्योंकि प्रश्न पत्र लीक हो गया था। दोनों तिथियों पर पूरे प्रदेश में 48 लाख से अधिक उम्मीदवार परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे।

# रालोद की प्रदेश कार्यकारिणी में 22 सदस्य बढ़े

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में कुशल प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) ने प्रांतीय टीम का विस्तार कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने दो प्रदेश उपाध्यक्ष समेत विभिन्न जिलों से कुल 22 पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिये हैं। प्रदेश पदाधिकारियों में अयोध्या के विश्वेश नाथ मिश्र व आगरा के नरेन्द्र सिंह बघेल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। उपाध्यक्षों की संख्या 14 हो गई है। साथ ही सात नए महासचिव नामित किये गए हैं, जिसके बाद महासचिव की संख्या 30 बढ़कर 37 हो चुकी है। महासचिव में मेरठ के पूर्व विधायक गोपाल काली, बिजनौर के ब्रजवीर सिंह, शामली के ऋषि राज रांझड़, मुजफ्फरनगर के जियाउर रहमान व फर्रूखाबाद के राजीव रंजन आदि शामिल हैं।

# स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ी

विधि संवाददाता, लखनऊ

- देवी- देवताओं पर कथित अभद्र टिप्पणी मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश



**अमृत विचार :** लक्ष्मी और अन्य हिन्दू देवी- देवताओं पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सपा के पूर्व महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश वजीरगंज थाने को दिया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग वाली यह अर्जी अधिवक्ता रागिनी रस्तोगी ने अदालत में दाखिल किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 15 नवंबर 2023 को अखबार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान छपा था जिसका शीर्षक था कि 'चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है'। कहा गया कि इसके अलावा स्वामी प्रसाद मौर्य ने पूर्व में ट्विटर पर चार फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि पूरे विश्व के प्रत्येक धर्म, जाति ,नस्ल ,रंग व देश में पैदा होने वाले प्राणी के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख व दो छिद्र वाली नाक के साथ एक सिर, पेट व पीठ होती है, चार हाथ,आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा नहीं हुआ तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है। आरोप लगाया गया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान से भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले करोड़ों जनता की भावनाएं इस बयान को पढ़कर आहत हुई हैं। आरोप है कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पूर्व में कई बार हिंदू धर्म का अपमान करने वाला वक्तव्य देकर हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाओं को आहत किया जाता रहा है। आरोप यह भी है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा पूर्व में भी कई बार हिंदुत्व एवं सनातन को मानने वालों की भावनाएं भड़काने का प्रयास किया जाता रहा है। कहा गया है कि एक बार पुनः स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म की मान्यता की प्रतीक माता लक्ष्मी के संबंध में भावनाओं को आहत करने की विमर्शित और विद्वेष पूर्ण आशय से हिंदू समाज की भावनाएं भड़काकर समाज के वर्गों में विद्वेष पैदा करने का कार्य किया है।

# उप्र लोकसेवा आयोग ने 4 और भर्ती परीक्षाएं स्थगित कीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं को पेपर लीक गैंग लगातार झटका दे रहा है। पुलिस भर्ती और आरओ/एआरओ परीक्षा रद होने के बाद उप्र लोकसेवा आयोग ने 4 और भर्ती परीक्षाएं स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

उप्र. लोकसेवा आयोग की तरफ से भर्ती परीक्षाओं को स्थगित करने का सिलसिला लगातार जारी है। सबसे पहले यूपीपीएससी ने 17 मार्च को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 स्थगित कर दी थी। आयोग ने परीक्षा स्थगित करने के पीछे अपरिहार्य कारण बताया था, साथ ही यह परीक्षा संभावित रूप से जुलाई में आयोजित किए जाने की सूचना दी थी। अब आयोग की तरफ से 22 मार्च से लेकर 24 अप्रैल के बीच होने वाली चार परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के उपसचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्थगित परीक्षाओं के लिए जल्द ही नई तारीखों के एलान करने की बात कही है। उपसचिव की तरफ से जारी इस सूचना के बाद परीक्षा की तैयारी में शामिल होने वाली अभ्यर्थियों में मायूसी छा गई है।

उप सचिव की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक 22 मार्च को होने वाली स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक प्रारंभिक परीक्षा स्थगित की गई है। साथ ही, 7 अप्रैल को होने वाली सहायक नगर नियोजक 2023 की परीक्षा भी स्थगित की गई है। 9 अप्रैल को होने वाली अपर निजी सचिव भर्ती 2023 की शार्ट हैंड टाइपिंग परीक्षा को भी स्थगित हुई है। इसके अलावा 24 अप्रैल को होने वाली स्टाफ नर्स एलोपैथी 2023 की मुख्य परीक्षा अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले 11 फरवरी को हुई आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से निरस्त कर दिया गया था।

- पहले भी स्थगित हुई पीसीएस परीक्षा, रद हुई थी आरओ/एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा

### गैंग का शिकार हो रहीं राज्य की तमाम परीक्षाएं

आयोग की ओर से चारों परीक्षाएं स्थगित करने का कोई भी कारण नहीं गिनाया गया है, लेकिन अंदरखाने इसके पीछे लोकसभा चुनाव की बात भी संदेह पैदा करती है। अगर ऐसा था तो अधिसूचना जारी होने का इंतजार करना चाहिए था। ताकि मतदान की तिथि और परीक्षा की तिथियां एक ही दिन न पड़े। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और संयोग से कोई भी तिथि मतदान के दिन से मेल भी नहीं खा रही है। सूत्रों का कहना है कि एसटीएफ की पूछताछ में पेपर लीक करने वाले गैंग से इन परीक्षाओं की सुचिता भी सवालों के घेरे में आ गई थी। शासन से चर्चा के बाद स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

# निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रदेश में तैनात होंगे केंद्रीय सुरक्षा बल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 80 सीटों पर सात चरणों में चुनाव की घोषणा के बाद प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस सिलसिले में सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में प्रथम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी।

### महायज्ञ में मतदान रूपी आहुति दे सफल बनाएं: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 चरण में होने वाले इन चुनावों को सफल बनाने के लिए देश भर के मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देश भर के मतदाताओं से न सिर्फ लोकसभा चुनाव के महायज्ञ में मतदान रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाने का आह्वाहन किया, बल्कि "फिर एक बार मोदी सरकार" का नारा देते हुए पीएम मोदी के एनडीए को 400 के पार पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध करने में जनमानस के आशीर्वाद के प्रति भी विश्वास जताया।

## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. ऊंट की पीठ पर रखी जाने वाली काठी जो बैठने अथवा सामान लादने के उपयोग में लाई जाती है, ऊंट का हौदा जिसमें दोनों ओर आदमी बैठते हैं।

4. आधा जला हुआ।

6. (पुराण) विष्णु के दस अवतार, दस अवतार लेने वाले विष्णु।

8. 1. मधुमक्खी का छत्ता 2. तलवार 3. कारंडव नामक हंस 4. बांस की बनी हुई टोकरी या पिटारी 5. यकृत 6. एक तरह की चमेली 7. कुरुल पत्थर जिसपर रगड़कर हथियार आदि की धार को तेज़ किया जाता है।

9. 1. जो गूढ़ या छिपा न हो, प्रकट 2. सरल

**ऊपर से नीचे**

1. 1. खोए की बरफ़ी 2. एक प्रसिद्ध मिठाई।

2. 1. (पानी) जो स्वच्छ न हो, दूषित 2. गंदा, मैला 3. जिसमें धूल-मिट्टी मिली हुई हो।


3. 1. विधि के अनुसार मान्य होने की अवस्था, विधिपरकता 2. वैध होने की अवस्था या भाव।

4. 1. गहरा जमा हुआ 2. भीतर छिपा या दबा हुआ, अंदर पैठा हुआ।

5. एक शिकारी चिड़िया।

7. 1. खांड़ या खांड़ के पदार्थ 2. खंडसार में बनी चीनी 3. खांड़सारी उद्योग।

9. 1. विष 2. हरताल 3. बिच्छू का डंक।




### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 त | प | ■ | 2 ना | ■ | ■ | 3 टैं |
| ड़ | ■ | 4 ह | वा | ई | डा | क |
| क | ■ | ■ | धि | ■ | ■ | र |
| भ | ■ | ■ | 5 क | 6 ह | र | ■ |
| ड़ | ■ | 7 के | र | ल | ■ | 8 श |
| क | ■ | ■ | ण | ■ | ■ | री |
| ■ | 9 ता | क | ■ | 10 अ | नी | क |

## सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

### सुडोकू -90 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-अष्टमी 21.52 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 16.47 तक तत्पश्चात आर्द्रा।


मेष

आज आय के नए साधन प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है। मनोरंजक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।


वृष

आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। बड़ी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कारोबार में तरक्की होगी। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बड़ों की सलाह लें उसका लाभ प्राप्त होगा।


मिथुन

आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। इन्श्योरेंस और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ प्राप्त होगा। नए प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं। आवश्यक कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।


कर्क

आज मन में कुछ चिंता रहेगी जिसके कारण आप अपने काम में फोकस नहीं कर पाएंगे। व्यायाम और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। आपको जोड़ों में दर्द और गैस की समस्या हो सकती है। विवादास्पद विषयों से स्वयं को दूर रखें।


सिंह

आज आपको कोई शॉपिंग कूपन मिल सकता है। स्वयं में काफी ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। परिजनों से शानदार सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले उस पर विचार अवश्य कर लें। घरेलू वस्तुओं को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।


कन्या

आज सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को शानदार लाभ मिलेगा। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धैर्य और सहनशीलता के कारण महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शानदार सिद्ध होंगे। भविष्य को लेकर नई योजना बना सकते हैं।


तुला

आज मन लगाकर अपना काम पूरा करेंगे। अजनबी लोगों के कारण आपको परेशानी होगी। शरीर में शिथिलता होने से मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। आपको किसी काम के लिए पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहेगा।


वृश्चिक

आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। घर में किसी परिजन से झगड़ा हो सकता है। निवेश करने में समझदारी दिखानी आवश्यक है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपने कार्य को गंभीरता से लें।


धनु

आज लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार लाभ प्राप्त हो सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो सहयोगियों से लाभ होगा। नव विवाहित लोग किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।


मकर

आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिन शुभ है। ससुराल पक्ष से अच्छा समाचार मिलेगा। संतान के विवाह की समस्या दूर होगी।


कुंभ

आज आपकी निर्णय क्षमता में कमी आ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें। किसी से सहायता प्राप्त करने में न हिचकें।


मीन

आज दिन की शुरुआत थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खेल खिलाड़ी का — सुबह : 08.01
दरार — रात : 08.03

SONY MAX
मरजावां — सुबह : 09.00
कबीर सिंह — रात : 10.00

SONY PIX
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11.30
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 08.45

ZEE CINEMA
सलाम ए इश्क — सुबह : 10.30
ब्लैंक — रात : 07.30

colors CINEPLEX
ओएमजी 2 — दोपहर : 12.00
हिडिंभा — शाम : 05.51

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात : 10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली।
एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर- क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।

## एक नजर

### पुरी जगन्नाथ मंदिर से संबंधी मामले की सुनवाई स्थगित

**कटक।** उड़ीसा उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई दो और सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है जिसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की चाबियां गुम होने के मामले में न्यायमूर्ति रघुबीर दास आयोग की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है।

### ममता की हालत स्थिर चोट से उबर रही हैं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति 'ठीक' है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 69 वर्षीय ममता चोट से उबर रही हैं। सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा- मुख्यमंत्री ठीक और स्थिर हैं। वह चोट से उबर रही हैं। चोट के कारण होने वाला दर्द भी काफी कम हो गया है। फिर भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को रात में अच्छी नींद आई। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बृहस्पतिवार शाम को अपने कालीघाट स्थित आवास में गिर गयी थीं जिससे उनके माथे और नाक पर गंभीर चोटें आईं थीं।

# मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया

## प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए सत्ता में बने रहने का जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा जताया।

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

### किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा : नरेंद्र मोदी

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा- बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में बैठक के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

### कांग्रेस सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं।

# चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : खेड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता पवन बोले-यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।

उन्होंने कहा-इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा-हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

# मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी छोड़ी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और "बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार" में लिप्त होने के लिए पार्टी की आलोचना की। सिंह ने दावा किया कि भाजपा में भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिल रहा है और पार्टी राजनीतिक व्यापारियों का ''अड्डा'' बन गई है। सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया।

# नीतीश ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

पटना, एजेंसी

● बिहार के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए।

कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं। कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में स्कूल शिक्षकों के लिए एक 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसके तहत उन्हें टी-शर्ट, जींस या डिजाइन और चित्रों वाली कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, राज्य सरकार ने स्कूलों से अपने संबंधित पुरुष और महिला शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' तय करने को कहा है। जीआर के अनुसार यह नियम राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है, शिक्षकों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक साफ-सुथरी होनी चाहिए।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा पूरी, लेकिन न्याय की लड़ाई आरंभ : राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस नेता बोले-यात्रा का आज समापन है पर यह अंत नहीं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मणिपुर से महाराष्ट्र तक की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' आज मुंबई मे समाप्त हो गई लेकिन उन्होंने कहा कि देश की जनता के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध उनकी न्याय की लड़ाई की यात्रा जारी रहेगी।

राहुल गांधी ने कहा "भारत जोड़ो न्याय यात्रा का आज समापन है - पर यह अंत नहीं, न्याय की लड़ाई का आरंभ है। यात्रा के दौरान मैंने हर वर्ग के साथ हो रहे भयंकर अन्याय और उत्पीड़न को बहुत करीब से जाना और समझा। मैं देशवासियों की उम्मीदों भरी आंखों में छिपे छोटे-छोटे सपनों को अपने साथ लेकर जा रहा हूं। उन्होंने कहा इस यात्रा से मेरा विश्वास और दृढ़ हुआ है कि देश की पहली जरूरत न्याय है और हर वर्ग को समर्पित कांग्रेस के 5 न्याय ही संकटकाल से गुज़र रहे भारत की संजीवनी है। कांग्रेस के सभी बब्बर शेर कार्यकर्ताओं अब चैन से तभी बैठना जब मोदी सरकार को उखाड़ कर फेंक देना।



### राहुल के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई 2 मई तक के लिए स्थगित

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी में एक मजिस्ट्रेट अदालत ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई दो मई तक के लिए स्थगित कर दी। गांधी के वकील नारायण अय्यर ने कहा कि उन्होंने इस आधार पर स्थगन का अनुरोध करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया कि मामले के संबंध में वायनाड सांसद द्वारा बंबई उच्च न्यायालय में दायर एक रिट याचिका लंबित है। छह मार्च 2014 को भिवंडी के पास एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक कथित बयान दिया था।

# आईएसआईएस मॉड्यूल मामला : एनआईए ने चार संपत्तियों को जब्त किया

**पुणे (महाराष्ट्र)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में शनिवार को कोंढवा इलाके में स्थित चार संपत्तियों को कुर्क किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

एनआईए ने मामले में 11 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें कोंढवा से विस्फोटक, बम बनाने के लिए रसायन, हथियार और आईएसआईएस समर्थित साहित्य बरामद किया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा-एनआईए ने कोंढवा के मीठा नगर इलाके में स्थित चार संपत्तियों को जब्त किया है, जो आतंकवाद से अर्जित आय के जरिये बनाई गई थीं। यह कार्रवाई पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल के संबंध में की गई है।

# ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर ली तलाशी

मुंबई, एजेंसी

**फर्जी कलाकृति मामला**

● जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर नकली कलाकृतियों के व्यापार और नकली को असली कलाकृति साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल एक गिरोह के खिलाफ मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली। जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

एक बयान में ईडी ने कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गिरोह के संचालन का खुलासा हुआ। बयान में कहा गया कि यह गिरोह नकली कलाकृतियों के व्यापार और इन्हें असली साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने समेत प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के जरिये नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने में शामिल है।

ईडी ने भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की, जिसमें पुनीत भाटिया नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने उन्हें धोखा देकर जाली प्रमाणपत्रों के साथ नकली कलाकृति की बिक्री के माध्यम से उनसे 17.9 करोड़ रुपये की ठगी करने की साजिश रची थी। तलाशी के दौरान ईडी ने कथित तौर पर दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख कला दीर्घा, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सराफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया जो कथित तौर पर मूल कलाकृति की नकल को असली के रूप में पेश करते थे। इन कलाकृतियों में जैमिनी रॉय, मकबूल फिदा हुसैन, एफ एन सूजा, जहांगीर सबावाला, एस एच रजा, एन एस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य मशहूर कलाकारों की जाली कलाकृतियां शामिल थीं।

### बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1910, राज श्री 1420, फ़ॉर्चून कि. 1850, रविन्द्रा 1880, फॉर्चुन ली0 1700, जय जवान 1495, सचिन 1640, सूरज 1520, अवसर 1680, राग गोल्ड 1715, गृहणी 1605, क्लासिक (किलो) 1790, मोर 1640, चक्र टिन 1725, ब्लू 1725, आशीर्वाद मस्टर्ड 1785, स्वास्तिक 1880, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायन 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7150-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 9800-10500, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11000, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 13800-14300, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

# 2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

## क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप जारी करते हुए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत-भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80% और 20% के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा- 2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।



### महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर जी पटेल ने कहा- वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है। संपूर्ण रियल एस्टेट उद्योग इस मजबूत मंच पर निर्माण करने के लिए बेहद उत्साहित है और एक सुविधाजनक इको-सिस्टम के महत्व पर फिर से जोर देता है जो न केवल उद्योग के निरंतर और टिकाऊ विकास के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सभी संबंधित हितधारकों का समर्थन करता है। अपने निष्कर्षों के माध्यम से, हमने विकसित भारत में भारतीय रियल एस्टेट के योगदान का एक रोडमैप तैयार किया है क्योंकि हम इस उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,800 |
| चांदी पक्की | 741 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,900। |

# डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय-सीमा पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय-सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित सीएआर को लागू करने के लिए सभी कदम उठाने होंगे। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं।

# चार्जएमओडी देशभर में 1,200 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाएगा

**कोच्चि।** केरल के ऊर्जा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, 'चार्जएमओडी' ने अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा है कि वह पूरे भारत में 1,200 और केरल में 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर लगाएगी। कंपनी ने इसी सप्ताह एक बयान में कहा था कि वह भारत के विभिन्न राज्यों में 1,000 धीमे चार्जर और 200 तेज चार्जर स्थापित करने और केरल में 500 धीमे चार्जर और 100 तेज चार्जर स्थापित करने की योजना बना रही है। बयान में कहा गया कि यह विस्तार केरल में मौजूदा 1,500 चार्जिंग स्टेशन और पूरे भारत में 2,000 स्टेशन के अतिरिक्त है।

# हिमालय क्षेत्र में विदेशी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** विश्व सहकारी आर्थिक मंच हिमालय क्षेत्र में विदेशी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान सहित कई संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। इस मंच की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए की गई है।

विश्व सहकारी आर्थिक मंच ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) और शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

# भविष्य में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: सीतारमण

तिरुचिरापल्ली, एजेंसी

● वित्त मंत्री ने कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं। सीतारमण ने यहां श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा-भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा, "आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।" चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है।

# गुजरात सरकार ने नई खरीद नीति घोषित की

अहमदाबाद, एजेंसी

● 1 अप्रैल से होगी लागू, राज्य की महिलाओं के लिए दिया जाएगा विशेष प्रोत्साहन



गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी।

बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

# ली को हराकर सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

बर्मिंघम, एजेंसी



भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर आल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेन 2022 में यहां उपविजेता थे। उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका। यह दबाव को झेलने की बात थी। मुझे पता था कि उसमें वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जब मैं 18-14 से आगे था, तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे। मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे, लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाए रखने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मैने पिछले सप्ताह और यहां जैसा खेल दिखाया, शारीरिक तौर पर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। रिकवरी के लिए अब हालांकि समय नहीं है। मेरी सहयोगी टीम को अगले मैच के लिए काफी मेहनत करनी होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रेलियों के साथ शुरुआत की, लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8-3 से बढ़त बना ली। यह बढ़त जल्दी ही 12-7 की हो गई, लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12-12 और फिर 20-20 करने के बाद पहला गेम जीता। दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11-9 की बढ़त बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया।


## कृष्ण-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त



**ओरलियंस (फ्रांस), एजेंसी।** कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरुआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरुआती दौर में ही बाहर गए।

# पूरी जिंदगी धोनी का कर्जदार रहूंगाः अश्विन

चेन्नई, एजेंसी



स्टार ऑफ स्पिनर आर अश्विन अभी तक आरसीबी के खिलाफ आईपीएल 2011 के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी द्वारा नई गेंद सौंपकर दिखाए गए भरोसे को नहीं भूले हैं, जिसने उनके करियर को नई दिशा दी, जिससे वह खुद को पूर्व भारतीय कप्तान का कर्जदार मानते हैं। वहीं उस मैच में धोनी की दी नई गेंद से ऑफ स्पिनर ने चौथी ही गेंद पर क्रिस गेल का विकेट लिया था। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चेपक की वो रात अश्विन के लिए बस शुरुआत थी और तब से एक दशक के उतार चढ़ाव भरे सफर में उन्होंने 100 टेस्ट खेल लिए और पारंपरिक प्रारूप में 516 विकेट लिए। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) द्वारा 500 विकेट और 100 टेस्ट की दोहरी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए आयोजित समारोह के दौरान अश्विन उस पल को नहीं भूले हैं जब धोनी ने उन पर भरोसा दिखाया था। टीएनसीए ने अश्विन को उनकी उपलब्धियों के लिए एक करोड़ के पुरस्कार से सम्मानित किया। अश्विन ने कहा कि मैं आम तौर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्दों की तलाश नहीं करता। मैं इस सम्मान के लिए आभारी हूं। अपने पहले आईपीएल कप्तान धोनी को श्रेय देते हुए अश्विन ने कहा कि 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के ड्रेसिंग रूम में मैं सभी महान खिलाड़ियों मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी से मिला। तब मैं कुछ भी नहीं था और मेरा उस टीम में खेलना जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे। उन्होंने कहा कि धोनी ने मुझे जो दिया, उसके लिए मैं जिंदगी भर उनका कर्जदार रहूंगा। उन्होंने मुझे नई गेंद से मौका दिया जबकि सामने क्रिस गेल थे और 17 साल बाद अनिल भाई इसी घटना के बारे में बात करेंगे।

## खेल डायरी

### रणजी में लागू किया जाए प्रोत्साहन योजनाः गावस्कर



**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट प्रोत्साहन योजना को रणजी ट्राफी में भी लागू करने की मांग की है। बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए इंसेटिव स्कीम लागू करने की घोषणा की थी, जिसमें भारत के लिए 75 फीसदी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख और 50 से 75 फीसदी तक खेलने वालों को 30 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। यह राशि मैच फ़ीस से अलग होगी। गावस्कर ने कहा कि मैं बीसीसीआई से रणजी पर ध्यान देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा। मौजूदा समय में रणजी खिलाड़ी को प्रति मैच दो लाख मिलते हैं। अगर खिलाड़ी रणजी के किसी सीजन का हर मैच खेलता है और टीम फ़ाइनल में पहुंचती है तब उसके हिस्से में 10 मुक़ाबले आते हैं। विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के लिए मैच फीस 50 हज़ार जबकि सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के लिए 17 हजार 500 रुपए है। अगर रणजी की फीस दोगुनी या तिगुनी हो जाती है तब अधिक संख्या में खिलाड़ी रणजी खेलते हुए दिखाई देंगे, मैं बीसीसीआई से इस पर ध्यान देने का आग्रह करना चाहता हूं।

### ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक राम बाबू ने पाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें एथलीट बने।

### कोचों के लिए हॉकी इंडिया निदेशक क्रूस की कार्यशाला



**पुणे, एजेंसी।** हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने घरेलू कोचों के लिए कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें कोचिंग के आधुनिक तरीकों और जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास पर फोकस था। यह कार्यशाला 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप से इतर आयोजित की गई। इसका लक्ष्य घरेलू कोचों के कौशल को निखारना था। सत्र के दौरान क्रूस ने युवा खिलाड़ियों में सीखने की ललक विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कोचिंग रणनीतियां बनाना चाहते हैं, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से सीखने की प्रक्रिया का विकास हो। खिलाड़ी गलतियों से सबक लें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। सिर्फ आपसी प्रतिस्पर्धा पर ही फोकस नहीं रहे।

### शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ और नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। स्वियातेक ने कोको गॉ के खिलाफ 10 में से नौ और सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल के फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7- 6 से हराया।

# दिल्ली कैपिटल्स की नजर डब्ल्यूपीएल के खिताब पर

## पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली को मुंबई ने सात विकेट से था हराया

नई दिल्ली, एजेंसी



फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं। इस सत्र में दिल्ली को मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत और जेमिमा रौड्रिग्स भी फॉर्म में है, लेकिन एलिसे कैप्सी और काप से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट लिए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन शुक्रवार को एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को 5 विकेट से हरा दिया। एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी लिए हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 66 रन बनाए और फिर 1 विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरुंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

**आरसीबी :** स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लेर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

# पुरुष टीम के साथ जो कुछ हुआ उससे कोई संबंध नहीं : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूपीएल के फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह आईपीएल में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

आरसीबी की पुरुष टीम 17 साल में एक भी आईपीएल नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है, लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिला है। मंधाना ने एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद कहा कि पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है। आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था, जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर थी। मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा कि हम कप्तान को अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है।

# हमें हार्दिक की कमी खलेगीः नेहरा

अहमदाबाद, एजेंसी



गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन आईपीएल में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है, लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां दो साल खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे। नेहरा ने कहा कि शुभमन गिल को मैं कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है।


# रोहित के स्वच्छंद होकर खेलने से मुंबई को होगा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी



आस्ट्रेलिया के पूर्व टी-20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच खिताब जीते, लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया है।

फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो, लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी, लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावर प्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।



## बॉलीवुड हलचल

### अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शुजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू, और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है।यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

### कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा बेहद पसंद आई है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म आज रिलीज हो गई है। कियारा को फिल्म बेहद पसंद आई है। कियारा ने फिल्म के एक सीन से सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, सिद्धार्थ आपने हम सबको गर्व महसूस कराया है। आप बेस्ट हैं। उन्होंने लिखा,इस जॉनर में सबसे बढ़िया में से एक। सागर और पुष्कर, भरोसा नहीं हो रहा है कि यह आपका पहला है।कियारा ने दिशा पाटनी और राशि खन्ना के लिए लिखा, इन दो महिला योद्धाओं से सावधान रहिए। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू, प्रशंसा स्वीकार करें।

### सूद की फिल्म फतेह का टीजर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर बेहद खौफनाक है। टीजर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40 इतने में 'फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं 40 नहीं 50' इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म फतेह साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### विक्रांत सिंह की फिल्म ससुराल का गुलाम में यामिनी के जलवे



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा - पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सभी को पसंद आए। फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

### लाडो, काजल और गोल्डी का होली गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** लाडो मद्धेशिया, काजल त्रिपाठी और गोल्डी यादव का होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में लाडो मद्धेशिया और गोल्डी यादव की आवाज है, वहीं वीडियो में लाडो मद्धेशिया और काजल त्रिपाठी की केमिस्ट्री नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यासीन की पार्टी पर 5 साल के लिए बढ़ा प्रतिबंध: गृह मंत्रालय

- कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर भी लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को कठोर आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फ्रीडम लीग और अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से जुड़े जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के सभी गुटों पर प्रतिबंध लगा दिया। मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (मोहम्मद यासीन मलिक गुट) पर लगा प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है।



गृह मंत्रालय ने कहा कि उसका नया कदम जेकेएलएफ-वाई नामक संगठन के खिलाफ प्राप्त त जानकारी के बाद आया है, क्योंकि वह उन गतिविधियों में शामिल है, जो देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है। गृह मंत्रालय ने 22 मार्च 2019 को जेकेएलएफ-वाई को एक गैरकानूनी पार्टी घोषित किया था। आतंकवाद के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर पीपुल्स लीग के चार संगठनों जेकेपीएल (मुख्तार अहमद वाजा), जेकेपीएल (बशीर अहमद तोता), जेकेपीएल (गुलाम मोहम्मद खान) और जेकेपीएल (अजीज शेख) पर बैन लगा दिया है। ये संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंक भड़काने और अलगाववाद को बढ़ावा देने में शामिल थे। अमित शाह ने कहा, 'मोदी सरकार आतंकी गतिविधियों में शामिल लोगों और संगठनों के प्रति कठोर बनी रहेगी।

# प्रसार भारती के अध्यक्ष बने पूर्व नौकरशाह नवनीत

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती का नया अध्यक्ष सेवानिवृत्त नौकरशाह नवनीत कुमार सहगल को नियुक्त किया गया है। यह पद चार साल से खाली पड़ा था। सहगल ने ए. सूर्य प्रकाश का स्थान लिया है। सूर्य प्रकाश का कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो गया था।



सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 15 मार्च 2024 को जारी एक आदेश में कहा गया कि राष्ट्रपति, चयन समिति की सिफारिश पर, नवनीत कुमार सहगल, आईएएस (सेवानिवृत्त) को प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाता हैं। सहगल तीन वर्ष तक इस पद पर नियुक्त रहेंगे।

# दुनिया के 52% रोबोट सिर्फ चीन में तैनात, सबसे ज्यादा बेरोजगारी

*दुनियाभर में रोबोट्स की वजह से सबसे तेजी से बेरोजगारी चीन में बढ़ रही है। अमेरिकी थिंक टैंक की रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों ने अब तक चीन के अलग-अलग उद्योगों में काम कर रहे रोबोट की जितनी संख्या का आकलन किया था, वास्तव में यह उससे 12.5 गुना ज्यादा है। चीन लगातार ऑटोमेशन की ओर बढ़ रहा है। इससे वहां के तमाम उद्योगों में लगातार नौकरियां कम हो रही हैं।*



### इन कंपनियों में हो रहे इस्तेमाल

चीन के मैन्यूफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स, हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर और कंस्ट्रक्सन में रोबोट का खूब इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन सबसे ज्यादा रोबोट की चीन सॉफ्टवेयर के लिए अमेरिका जापान पर निर्भर चीन का घरेलू रोबोट इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर के लिए पूरी तरह अमेरिका और जापान जैसे विकसित दशों पर निर्भर है। साथ ही वे इंडस्ट्री में इन्नोवेशन में भी पिछड़े हुए हैं। जबकि रोबोट इंडस्ट्री में 80% खर्च सॉफ्टवेयर का ही है।

### चीन के उद्योगों में लगे सबसे ज्यादा रोबोट



दुनिया भर के उद्योगों में जितने रोबोट काम कर रहे हैं, उसमें से 52% अकेले चीन के उद्योगों में लगे हुए हैं। जबकि एक दशक पहले तक यह संख्या सिर्फ 14% थी। चीन दुनिया का सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल रोबोट मार्केट बन चुका है। इसके विपरित अमेरिका अपनी रोबोटिक जरूरतों का सिर्फ 70% का ही इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल माना जाता रहा है कि रोबोट के जरिए ऑटोमेशन ज्यादा विकसित देशों में होगा, क्योंकि यहां वेतन ज्यादा है, लेकिन इसके विपरीत चीन जैसे विकासशील देश में सबसे ज्यादा ऑटोमेशन हो रहा है।

### रोबोटिक्स को प्राथमिकता

रिपोर्ट में प्रमुख कंपनियों के शोध और वैश्विक विशेषज्ञों की इनसाइट्स शामिल हैं। चीन में रोबोटिक्स का उत्पादन और तैनाती दर तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि चीनी सरकार ने रोबोटिक्स उद्योग को प्राथमिकता दी है। अमेरिकी थिंक टैंक रिपोर्ट में बताया गया है कि, चीन पहले से ही दुनिया का सबसे बड़ा औद्योगिक रोबोट बाजार है। 2022 में, दुनिया के सभी औद्योगिक रोबोटों में से 52 प्रतिशत चीन में स्थापित किए गए, जो एक दशक पहले 14 प्रतिशत से अधिक था।

### इन देशों में सबसे ज्यादा हो रहे इस्तेमाल

इंसानों के कार्य में मदद के लिए सबसे अधिक चीन, जापान और दक्षिणी कोरिया में रोबोट का इस्तेमाल हो रहा है। इनमें भी चीन रोबोट के इस्तेमाल में सबसे आगे है। वहीं अगर भारत की बात की जाए तो फिलहाल औद्योगिक क्षेत्र से लेकर घरेलू जरूरतों तक में रोबोट की भागीदारी बहुत अधिक नहीं हैं। इसलिए रोबोटिक में निवेश भी बहुत उल्लेखनीय नहीं है, लेकिन कम भी नहीं है।

### क्यों बढ़ रही मांग

दरअसल टेक्नोलॉजी के विकास के साथ ऑटोमेटिक मशीनें इंसानों की पसंदीदा बनती जा रही हैं, क्योंकि इनसे न केवल काम आसान होता है बल्कि समय की भी बचत हो रही है। इसके अलावा विकसित देशों में खास तौर पर ह्यूमन लेबर की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। साथ ही कोविड महामारी के बाद बदले परिदृश्य में सुरक्षा चिंताएं भी एक ऐसा कारण हैं।

## एक नजर

### सिंगापुर, फिलीपीन व मलेशिया के दौरे पर जाएंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर 23 मार्च से सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की पांच दिवसीय यात्रा पर है। इस यात्रा का उद्देश्य भारत इन देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देना और आपसी चिंता के क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर तीनों देशों के विदेश मंत्रियों के निमंत्रण पर 23 से 27 मार्च तक सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जयशंकर के तीनों देशों के अपने समकक्षों के साथ बातचीत में दक्षिण चीन सागर और लाल सागर सहित रणनीतिक जलीय क्षेत्र की समग्र स्थिति पर चर्चा करने की उम्मीद है।



**बेंगलुरु।** डोसा एक ऐसा व्यंजन है, जिसकी शुरूआत तो दक्षिण भारत से हुई। लेकिन आज इसको देश भर में पसंद किया जाता है। आम तौर पर दुकानों में डोसा प्लेट या थाली के साइज का ही मिलता है, लेकिन राजधानी बेंगलुरु में 70 से ज्यादा शेफों ने मिलकर 123 फीट लंबा डोसा तैयार किया है। बोम्मसंद्रा में एमटीआर के शताब्दी वर्ष के अवसर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार किया है।

### मुंबई हवाई अड्डे पर 1.72 करोड़ रुपये का सोना बरामद

**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पांच अलग-अलग मामलों में 1.72 करोड़ रुपये का 2.9 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को बरामदगी की गई है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग मामलों में, दुबई से यात्रा कर रहे दो विदेशी नागरिकों के कब्जे से 1,520 ग्राम सोना जब्त किया, जबकि जेद्दा से दो भारतीयों ने खजूर के अंदर 815 ग्राम वजन के सोने के टुकड़े छुपाए थे और इसे अपने सामान में ले जा रहे थे। वहीं दुबई और बैंकॉक आए दो भारतीयों को सोने के साथ पकड़ा गया।

### गाजा में इजराइली हवाई हमले में 36 लोगों की मौत, कई घायल

**गाजा।** गाजा में शरणार्थी शिविर पर इजराइली हवाई हमले में 36 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। अन्य कई घायल हुए हैं। गाजा के स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि, विमान ने नुसीरात शिविर पर कई मिसाइलों दागी है। हमले में बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित 36 लोग मारे गए। हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया ने अमेरिकी प्रशासन, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और इजराइल को रक्षाविहीन नागरिकों के खिलाफ इन अपराधों और नरसंहारों की वृद्धि के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया।

# राम मंदिर और सीएए के जिक्र पर यूएन में पाकिस्तान को फटकार

## रूचिरा बोलीं- दुनिया प्रगति कर रही है, पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंसा है

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा। इस्लामोफोबिया मसौदा प्रस्ताव से दूरी बनाते हुए भारत ने कहा, केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय की व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए।

दरअसल, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज उस समय भड़क गईं जब संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामाबाद के उच्चायुक्त ने अयोध्या में राम मंदिर और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का हवाला दिया। गौरतलब है, 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में शुक्रवार को पाकिस्तान ने 'इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय' प्रस्ताव को पेश किया था, जिसके पक्ष में 115 देशों ने मतदान किया था। जबकि भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन और ब्रिटेन सहित 44 देशों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 115 वोट पक्ष में पड़ने के बाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया था। इसी दौरान पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर और सीएए को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसका संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, 'एक प्रतिनिधिमंडल और उसके द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में सिर्फ यह ही कहा जा सकता है कि यह गलत रिकॉर्ड है। जहां पूरी दुनिया प्रगति कर रही है, वहीं पाकिस्तान एक मुद्दे पर ही फंस गया है।




### पाकिस्तान पर तीखे वार

पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि ने अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक के साथ-साथ नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन का भी उल्लेख किया था। कंबोज ने कहा, मेरे देश से संबंधित मामलों पर इस प्रतिनिधिमंडल के सीमित और गुमराह दृष्टिकोण को देखना वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है, खासकर जब महासभा एक ऐसे मामले पर विचार करती है जो पूरी सदस्यता से ज्ञान, गहराई और वैश्विक दृष्टिकोण की मांग करता है। शायद इस प्रतिनिधिनंडल के पास ज्ञान नहीं है।

### पाकिस्तान के इस्लामोफोबिया प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहा भारत

दुनियाभर में धार्मिक भय बढ़ता जा रहा है। अमेरिका और कनाडा जैसे देशों में हिंदुओं के प्रति घृणा अपराध बढ़ रहे हैं। ऐसे में, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र में इस्लामोफोबिया पर एक प्रस्ताव पेश किया, जिससे चीन ने सहमति जताई। हालांकि, भारत ने कड़ा रुख अपनाया और इस प्रस्ताव का हिस्सा नहीं बनने का फैसला लिया। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सिर्फ एक धर्म की बात न करके बल्कि हिंसा तथा भेदभाव का सामना कर रहे अन्य सभी धर्मों की भी बात की जाए और प्रस्ताव रखा जाए। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने यहूदी विरोधी, ईसाई धर्म से घृणा और इस्लाम से भय के खिलाफ सभी कृत्यों की निंदा की।

# ओवैसी ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। कोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए उन्होंने सीएए के कार्यान्वयन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है।



इस दौरान ओवैसी ने एनआरसी का मुद्दा भी उठाया है। ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि सीएए का एनआरसी के साथ गलत गठजोड़ है। एनआरसी के जरिए भारतीय मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश की जा रही है। याचिका में ओवैसी ने कहा कि कार्यवाही के लंबित रहने के दौरान नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6बी के तहत नागरिकता का दर्जा देने की मांग करने वाले किसी भी आवेदन पर सरकार द्वारा विचार या कार्रवाई नहीं की जाए। सीएए को अधिसूचित किये जाने के बाद ओवैसी ने कहा था कि धर्म के आधार पर कोई कानून नहीं बनाया जा सकता और इसपर सुप्रीम कोर्ट के कई निर्णय भी हैं।

# चुनाव से पहले भारत-ब्रिटेन 14वीं एफटीए वार्ता बेनतीजा संपन्न

- लोकसभा चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौतों पर होगा फैसला

लंदन, एजेंसी

भारत और ब्रिटेन के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की बातचीत थम गई है। दरअसल भारत में लोकसभा चुनाव की तारीखों का शनिवार को एलान हो गया है, जिसके साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। ऐसे में दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर 14 दौर की वार्ता के बाद रुकने का फैसला किया है और अब लोकसभा चुनाव के बाद ही इस दिशा में कोई फैसला हो सकेगा।

ब्रिटिश अधिकारियों ने बताया कि बातचीत थमने का पहले से ही अनुमान था क्योंकि भारत में आम चुनाव होने हैं और अब चुनाव के बाद ही मुक्त व्यापार समझौते पर आगे कोई औपचारिक बातचीत हो सकती है। भारत और ब्रिटेन के बीच जनवरी 2022 में मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू हुई थी।

एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों में से कोई भी समझौते से पीछे हटने के मूड में नहीं हैं, लेकिन अभी तक समझौता न होने की वजह ये है कि हमें अभी तक वो डील नहीं मिली है, जिस पर दोनों पक्षों में सहमति बन सके।



दोनों पक्षों के मध्यस्थों ने बीते कुछ वर्षों में समझौते को लेकर कड़ी मेहनत की है और कई मुद्दों पर हमारे बीच सहमति बन भी गई है। हालांकि अभी माल, सेवाएं और निवेश पर सहमति बननी बाकी है। इस हफ्ते की शुरुआत में पीएम मोदी और ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक के बीच फोन पर बातचीत भी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई थी।

एक ब्रिटिश अधिकारी ने बताया कि भारत और ब्रिटेन में महत्वकांक्षी व्यापार समझौते को लेकर लगातार काम कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कई मुद्दों पर आपसी सहमति नहीं बन पाई है। हम इसे लेकर साफ हैं कि जब तक समझौता निष्पक्ष, संतुलित और ब्रिटेन के लोगों और हमारी अर्थव्यवस्था के हित में होना चाहिए।

# चुनाव की तैयारियों को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से मांगा ब्योरा

**वाशिंगटन।** भारत में आम चुनावों को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के एक सांसद ने सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा है कि भारत में होने वाले चुनाव के लिए क्या कुछ तैयारी की हैं। दरअसल, मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप सहित सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अफवाहें और गलत जानकारी को बढ़ाने का एक लंबा इतिहास रहा है।

अमेरिकी चुनावों पर निगरानी रखने वाली सीनेट की खुफिया एवं नियम समिति के सदस्य सांसद माइकल बेनेट ने सोशल मीडिया कंपनियों को एक पत्र लिखा है। इन कंपनियों से भारत सहित विभिन्न देशों में चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी मांगी गई है।

## अंगारों पर आस्था का ज्वार...



**चिक्कमगलुरु :** देश में मंदिरों से हिन्दू अनुयायियों की कई प्रकार की मान्यताएं और गहरी आस्थाएं जुड़ी हुई है। ऐसी ही आस्था कर्नाटक के चिक्कमगलुरु जिले में नेम-निष्ठा के साथ शनेश्वर मंदिर में पूजा की जाएगी। शनिवार को कंदोत्सव के दौरान भक्तों ने शनेश्वर भगवान को कंधों पर रखकर नंगे पैर दहकते अंगारों में चल कर अपनी भक्ति का परिचय दिया। यह पूजा पिछले कई वर्षों से अनवरत हो रही है। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। यहां बच्चे-बूढ़े, महिलाएं-पुरुष, सभी अंगारों पर नंगे पैर चलकर भगवान के दर्शन करते हैं।

# किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने की कोशिशें शुरू : आरएसएस

- अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में आरएसएस की टिप्पणी

नागपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने आरोप लगाया है कि लोकसभा चुनाव से पहले किसान आंदोलन के जरिए अराजकता फैलाने का फिर से प्रयास किया जा रहा है। इसके जरिए पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद को बढ़ावा मिल रहा है।

आरएसएस ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में सैकड़ों माताओं और बहनों के खिलाफ किए गए अत्याचारों ने पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। संघ ने मणिपुर हिंसा पर भी चिंता जताई और कहा कि इसने समाज के दो वर्गों 'मैतेई और कूकी' के बीच अविश्वास पैदा किया है। महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा प्रस्तुत वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये टिप्पणियां की गई हैं। बता दें, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नागपुर में अपनी प्रतिनिधि सभा की मेजबानी कर रहा है। यह संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। रिपोर्ट के समापन हिस्से 'नेशनल सीन' में देश की विभिन्न घटनाओं के बारे में बात की गई है। उन्होंने कहा कि साल 2024 अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए हमेशा जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी 2024 एक ऐतिहासिक तारीख है।

किसानों के आंदोलन पर आरएसएस ने कहा, 'पंजाब में अलगाववादी आतंकवाद फिर पैर पसारने लगा है। किसानों के आंदोलन के बहाने, विशेष रूप से पंजाब में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अराजकता फैलाने के प्रयासों को फिर से शुरू किया गया है।

# अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे पेंस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दोबारा राष्ट्रपति बनने के प्रयास में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों का विरोध कम नहीं हो रहा। पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने कहा कि वह नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन नहीं करेंगे।

माइक पेंसकहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि मैं इस वर्ष डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन नहीं करूंगा। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी बनने की दौड़ में पेंस भी ट्रंप को चुनौती देने वालों में शामिल थे, लेकिन पिछले वर्ष अक्टूबर में वह पीछे हट गए थे। उनके बयान से स्पष्ट है कि पूर्व ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारी ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के प्रयास का समर्थन नहीं कर रहे हैं।

# भारतीय नौसेना ने 3 माह पहले अपहरण हुए जहाज को छुड़ाया

- 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने किया था अपहरण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय नौसेना समुद्री लुटेरों के हर प्रयास को विफल कर रही है। नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों के अपहरण के समुद्री डाकुओं के एक और प्रयास को विफल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समुद्री डाकू उस जहाज पर सवार थे, जिसका लगभग तीन माह पहले अपहरण कर लिया गया था। लुटेरे जहाज पर सवार होकर किसी दूसरे जहाज को अपना शिकार बनाने के प्रयास में थे। नौसेना ने जहाज को घेर कर इस सवार डाकुओं से आत्मसमर्पण करने को कहा है।

नौसेना के अनुसार, एमवी रुएन जहाज का 14 दिसंबर को सोमालिया के समुद्री लुटेरों ने अपहरण कर लिया था। भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत ने 15 मार्च को इस जहाज का पीछा किया। नौसेना ने बताया कि इस दौरान जहाज से युद्धपोत पर गोलीबारी की गई। भारतीय युद्धपोत ने भी आत्मरक्षा में अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्रवाई की। जहाज पर सवार समुद्री लुटेरों से आत्मसमर्पण करने के साथ ही उनके द्वारा बंधक बनाए जहाज और नागरिकों को रिहा करने का आह्वान किया गया है। फिलहाल भारतीय नौसेना की कार्रवाई जारी है।



## विज्ञान


टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान हुआ खुलासा

# मंगल की धरती पर सक्रिय ज्वालामुखी की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचारः** लालग्रह मंगल आज भी भूगर्भीय दृष्टि से सुरक्षित नहीं है। नई खोज में मंगल की समतल भूमि में छिपा हुआ सक्रिय ज्वालामुखी का पता चला है। यह खोज भविष्य में मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी होगी।

यह विशाल ज्वालामुखी मंगल के भूमध्य रेखा के ठीक दक्षिण में, पूर्वी नोक्टिस लेबिरिंथस व वैलेस मेरिनेरिस के पश्चिम की एक विशाल घाटी में है। इस क्षेत्र से लगे तीन और ज्वालामुखी क्षेत्र हैं। जिनका पता वैज्ञानिक पहले ही लगा चुके थे। नई खोज से यह जानकारी भी मिली है कि इस क्षेत्र में दबा हुआ बर्फ का ग्लेशियर भी हो सकता है। इस खोज का खुलासा टेक्सास में चल रहे 55वें चंद्र व ग्रह विज्ञान सम्मेलन के दौरान किया गया। नासा के मेरिनर 9, वाइकिंग ऑर्बिटर 1 व 2, मार्स ग्लोबल सर्वेयर, मार्स ओडिसी, और मार्स रिकोनाइसेंस ऑर्बिटर मिशन के साथ-साथ यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्स एक्सप्रेस मिशन के डेटा के जरिए यह खोज संभव हो सकी। खोजकर्ता मैरीलैंड विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के स्नातक छात्र सौरभ शुभम के अनुसार मंगल का यह क्षेत्र इतिहास के लंबे समय तक फैले विभिन्न प्रकार के हाइड्रेटेड खनिजों के लिए जाना जाता है। यह खोज मंगल की धरती पर मानव अन्वेषण के लिए उपयोगी है। भविष्य में कई मानव मिशन मंगल में चलाए जाएंगे। जिस कारण मंगल की सतह और भूगर्भ की जानकारी बेहद जरूरी है। मंगल की अंजान निर्जीव धरती की हर जानकारी का पता होना बेहद जरूरी है।




मंगल ग्रह का मानचित्र।

### 450 किलोमीटर व्यास का है ज्वालामुखी, 9 हजार ऊंचाई

खोजा गया नया विशाल ज्वालामुखी व्यास लगभग 450 किलोमीटर है और इसकी ऊंचाई लगभग 9,022 मीटर है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की तलाश में जुटी नासा की संस्था सेटी इंस्टीट्यूट का कहना है कि ज्वालामुखी वाला यह क्षेत्र बेहद रोमांचक है। इस स्थान में भविष्य के रोबोटिक कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। पृथ्वी से अलग जीवन की खोज करने वाले लोगों के लिए आरसिया मोन्स अगला पड़ाव हो सकता है।

# आर्थिक रूप से तंग पाकिस्तान भारत के लिए अभी भी खतरा

- सीडीएस अनिल चौहान ने कहा पड़ोसी देश भले ही बदहाल हो लेकिन सैन्य क्षमताओं में कमी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान भले ही आर्थिक रूप से बदहाल हो, लेकिन अभी भी उसकी सेना हमारे लिए खतरा है। पाकिस्तानी सेना की क्षमताओं में कोई कमी नहीं आई है। साथ उन्होंने यह भरोसा दिया कि हमारी सेना अपनी सीमाओं की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है।

सीडीएस ने कहा कि हम अपनी सीमाओं की रक्षा करने में सक्षम हैं। जहां तक सुरक्षा बलों की बात है, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन का उभार और चीन के साथ सीमा विवाद है। हमारे दोनों पड़ोसी हैं, जिनके साथ हमारे मतभेद हैं। दोनों की गहरी दोस्ती है और दोनों देश हिमालय से ऊंची और समुद्र से गहरी दोस्ती का दावा करते हैं और वे परमाणु शक्ति संपन्न देश भी हैं।



पाकिस्तान को लेकर बोले, भले ही पाकिस्तान आर्थिक रूप से कमजोर और राजनीतिक तौर पर अस्थिर हो सकता है, लेकिन वास्तव में वहां की सेना की क्षमताओं में कोई कमी नहीं आई है। इसलिए पाकिस्तान खतरा बना हुआ है। आप यह नहीं कह सकते हैं कि पाकिस्तानी सुरक्षा बल खतरा नहीं होंगे। जनरल चौहान ने बताया कि जहां तक सीमा का सवाल है तो वे पूरी तरह सुरक्षित हैं।